सूर्योदय 6:10 सूर्यास्त 6:14

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 28.4 अधि |
| धर्मशाला | 19.0 न्यू | 31.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84928.61 |
| निफ्टी | 25939.05 |
| सोना 74,450 | चांदी 92,361 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 24 सितंबर 2024 | 9 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 278, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार साबित होते रहे हैं जडेजा

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण का चुनाव प्रचार थमा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का चुनाव प्रचार सोमवार शाम पांच बजे थम गया। दूसरे चरण के लिए 26 विधानसभा सीटों पर 25 सितंबर को मतदान होगा। श्रीनगर, बडगाम और गांदरबल जिले की 15 और पुंछ, राजौरी और रियासी जिले की 11 सीटों पर वोटिंग होगी। इस चरण में 239 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कुल 25.78 लाख मतदाता इन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। चुनाव आयोग ने मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### सोनिया दिल्ली लौटीं प्रियंका शिमला रहेंगी



**शिमला।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को वापस दिल्ली लौट गए हैं। शिमला के छराबड़ा से चंडीगढ़ को गाड़ी में रवाना हुए। राहुल गांधी चंडीगढ़ से श्रीनगर के लिए रवाना हुए। सोनिया गांधी 6 दिन बाद दिल्ली लौटी हैं। वहीं, प्रियंका अभी शिमला स्थित अपने घर छराबड़ा में ही रहेंगी।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- वायरल फीवर ने जकड़ा बिलासपुर -पेज 2
- शिमला-बिलासपुर एनएच-205 के कराड़ाघाट में दरका पहाड़ -पेज 3
- मंडी शहर में गूंजे हिमाचल ग्रामीण बैंक के कर्मचारी -पेज 9
- गुजरात के कच्छ में 3.3 तीव्रता का आया भूकंप -पेज 13
- भारत अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया -पेज 14


# नेपाल, कुवैत व फिलिस्तीन से और सुदृढ़ होंगे संबंध : मोदी

## न्यूयॉर्क में तीनों देशों के नेताओं से की अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें

एजेंसी, न्यूयॉर्क

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अमेरिका की यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में 19वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के अवसर पर नेपाल, फिलिस्तीन और कुवैत के साथ संबंधों को और ज्यादा मजबूती देने के लिए तीनों देशों के नेताओं से अलग-अलग बैठकें कीं।

मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ बैठक में भारत और नेपाल के बीच द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने विकास साझेदारी और जलविद्युत क्षेत्र में सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। मोदी ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का पूर्ण सदस्य बनने पर नेपाल को बधाई दी। नेपाल इस संगठन का 101वां सदस्य है। इसके बाद मोदी ने कुवैत के युवराज शेख सबा खालिद अल-हमद अल-सबा के साथ भी बैठक की। दोनों नेताओं ने ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं में एक-दूसरे का समर्थन करने पर संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कुवैत में भारतीय समुदाय की भलाई सुनिश्चित करने के लिए युवराज का धन्यवाद किया। कुवैत में भारत का सबसे बड़ा प्रवासी समूह है। वहीं, नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ बातचीत में गाजा में मानवीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने इसराइल और फिलिस्तीन का युद्धविराम, बंधकों की रिहाई और बातचीत व कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि केवल आपसी बातचीत से ही क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता आ सकती है।



न्यूयॉर्क में फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ बातचीत करते पीएम मोदी।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना अपराध: सुप्रीम कोर्ट

## मद्रास हाईकोर्ट का फैसला पलटा, अदालतें इस शब्द का इस्तेमाल भी न करें

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को ऐतिहासिक फैसला देते हुए कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी (अश्लील सामग्री) देखना और डाउनलोड करना पोक्सो कानून तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत अपराध है। न्यायालय ने सुझाव दिया कि संसद को कानून में संशोधन कर 'बाल पोर्नोग्राफी' शब्द को बदलकर 'बच्चों के साथ यौन शोषण और अश्लील सामग्री' करने पर विचार करना चाहिए।

अदालतों से 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' शब्द का इस्तेमाल न करने के लिए कहा। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना और डाउनलोड करना बाल यौन अपराध संरक्षण (पोक्सो) कानून और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कानून के तहत अपराध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी और उसके कानूनी परिणामों पर कुछ दिशा-निर्देश भी जारी किए। कोर्ट ने कहा कि हमने संसद को सुझाव दिया है कि वह पोक्सो में संशोधन करे, ताकि बाल पोर्नोग्राफी की परिभाषा बदलकर 'बच्चों के साथ यौन शोषण और अश्लील सामग्री' किया जा सके। हमने सुझाव दिया है कि एक अध्यादेश लाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर अपना फैसला दिया, जिसमें मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।



### कहा- हाईकोर्ट ने की है गलती

**उच्च** न्यायालय ने 11 जनवरी को 28 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी थी, जिस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि आपराधिक कार्यवाही बहाल की कि हाईकोर्ट ने इसे रद्द करने में गलती की। सत्र अदालत को अब नए सिरे से मामले पर सुनवाई करनी होगी।

# सीएम आतिशी ने संभाला कार्यभार केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं

एजेंसी, नई दिल्ली

**दिल्ली** की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को अपना कार्यभार संभाला।

उन्होंने कहा कि वह उसी तरह काम करेंगी, जैसे भरत ने अपने बड़े भाई भगवान राम की 'खड़ाऊं' को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर काम किया था। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं। केजरीवाल की कुर्सी के बगल में रखी सफेद रंग की एक अन्य कुर्सी पर बैठीं। आतिशी ने केजरीवाल सरकार में उनके पास रहे 13 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है, जिनमें शिक्षा, राजस्व, वित्त, बिजली और पीडब्ल्यूडी शामिल हैं।



# सुप्रीम कोर्ट शानन प्रोजेक्ट पर आपत्तियां सुनने को हुआ राजी

एजेंसी, नई दिल्ली

**मंडी** जिले के जोगिंद्रनगर में स्थापित 110 मेगावॉट की शानन जलविद्युत परियोजना की आपत्तियां सुनने को सुप्रीम कोर्ट राजी हो गया है।

हिमाचल सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पंजाब सरकार के उस केस को खारिज करने का आग्रह किया, जिसमें उसने प्रोजेक्ट से संबंधित 99 साल के लीज समझौते की समाप्ति के बाद दोबारा से परियोजना का नियंत्रण अपने अधीन लेने की अपील की है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने कहा कि वह सबसे पहले 8 नवंबर को हिमाचल प्रदेश सरकार के आवेदन पर सुनवाई करेंगे, जिसमें दीवानी प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) के आदेश 7 नियम 11 के तहत पंजाब सरकार के मुकदमे को चुनौती दी गई है। पीठ ने यह कहते हुए मामले को स्थगित कर दिया कि हमें पहले मुकदमे के खिलाफ उठाई गई प्रारंभिक आपत्तियों को सुनना होगा। गौरतलब है पंजाब सरकार ने 2 मार्च को 99 साल की लीज की समाप्ति पर इस प्रोजेक्ट को हिमाचल सरकार की ओर से अपने अधीन लेने के प्रयास के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था।



### हिमाचल सरकार की याचिका पर सुनवाई आठ नवंबर को

# किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों व आतंकियों में मुठभेड़ जारी

अशोक ठाकुर, जम्मू

**जम्मू**-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकियों ने सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ अभी भी जारी है। किश्तवाड़ के चटरू इलाके में 21 सितंबर से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो रही है।

सुरक्षाबलों ने दो से तीन दहशतगर्दों को घेर रखा था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चटरू इलाके के गुरिनाल गांव के ऊपरी हिस्से में दाना धार वन क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों की ओर से सुरक्षाबलों पर हमला करने के बाद मुठभेड़ शुरू हुई थी। अधिकारी ने बताया कि दोनों ओर से गोलीबारी जारी है। (अनंत ज्ञान)

### जवानों ने दो से तीन दहशतगर्दों को घेरा









## न्यूज ब्रीफ

### हाई जंप में दिलशाद ने हासिल किया पहला स्थान



**चौपाल/नेरवा।** अभ्युदय यूथ क्लब के बैनर तले दक्षिण हिमाचल संभाग के चौपाल अंचल की खेलकूद प्रतियोगिता टिक्करी में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सत्या गजटा जेबीटी अध्यापिका द्वारा किया गया, जबकि इस अवसर पर रंगीता चौहान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रही। एकल विद्यालय फावला ने एकल विद्यालय बजाह को हराकर छात्र वर्ग कबड्डी मुकाबला जीता, जबकि छात्रा वर्ग में एकल विद्यालय पंजाड़ ने एकल विद्यालय टिकरी को शिकस्त दी। छात्र वर्ग के हाई जम्प में दिलशाद ने प्रथम व मयंक ने दूसरा स्थान हासिल किया। छात्रा वर्ग में रिद्धि प्रथमवा तन्वी द्वितीय स्थान पर रही। इस मौके पर अंचल अभियान प्रमुख सीमा समटा, संच प्रमुख पायल चौहान तथा संच की सभी आचार्या उपस्थित रही।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के मांगें आवेदन

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** बाल विकास परियोजना बसंतपुर के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र नराड़, करयाली और पटूखर में कार्यकर्ता और ढ्रौल, मालगी, पडैण, मंढोड़घाट, मझली जयान, नेहरा, पटूखर, चलाहल और डगोग में सहायिका के रिक्त पदों भरे जाने है। विकास परियोजना अधिकारी बसंतपुर स्थित सुन्नी हरीश शर्मा ने बताया की उपरोक्त पदों के लिए 23 सितंबर को बाल विकास परियोजना सुन्नी के कार्यालय में सुबह 11:00 बजे उप-मंडलाधिकारी (ना0) शिमला ग्रामीण की अध्यक्षता में साक्षात्कार लिए जाएंगे। 21 सितंबर तक अपना आवेदन जमा करवा सकती हैं।

### कांग्रेसी नेता बने कर्मचारी विरोधी : संदीपनी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों के वेतन और सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन भुगतान को विलंबित कर प्रदेश के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सत्ता में आने के लिए कांग्रेस पार्टी के नेता कर्मचारी हितैषी बन गए थे पर सत्ता हथियाने के बाद यही सरकार कर्मचारी विरोधी बन गए, यह है कांग्रेस पार्टी का दोहरा चेहरा। उन्होंने कहा कि अब देरी से पेंशन मिलने से खफा पेंशनरों ने भी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संदीपनी ने सरकार से पेशनरों को सभी वित्तीय लाभों का भुगतान करने की मांग की, सरकार पेंशनर्स को 12 फीसदी डीए जारी करें।

### डेढ़ साल से बंद पड़ी सोलन-पीरन बस सेवा : दयाराम

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** सोलन-पीरन ठूंड बस सेवा बंद होने से मशोबरा ब्लॉक की दो पंचायतें पीरन और सतलाई के लोग परेशानी से झूल रहे हैं। जिस बारे लोगों में सरकार के प्रति आक्रोश है। पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा ने बताया कि उनके बतौर प्रधान कार्याकाल के दौरान वर्ष 1995 में सोलन नारिगा बस सेवा आरंभ की गई थी। सड़क बनने के पर इस बस को गानिया पीरन और तदोपरांत इस बस को सतलाई पंचायत के ठूंड तक लगाया था। दयाराम वर्मा ने बताया कि बीते 28 वर्षों से सोलन से पीरन ठूंड को चलने वाली बस सेवा को एचआरटीसी सोलन ने बीते डेढ़ वर्ष से बंद कर दिया है जिससे पूरे क्षेत्र के लोगों को सोलन जाने आने में बहुत असुविधा हो रही है। दयाराम वर्मा और बिमला वर्मा ने बताया कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर शीघ्र ही पीरन की महिलाएं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से भेंट करेंगी।

### कंडाघाट टनल के दिसंबर में मिल जाएंगे दोनों छोर

**शिमला।** परवाणू-शिमला फोरलेन पर कंडाघाट में निर्माणाधीन टनल के दोनों छोर दिसंबर में मिल जाएंगे। काम पूरा होने के बाद अगले वर्ष जुलाई में टनल से वाहन गुजरना शुरू हो जाएंगे। इसके लिए कंपनी तेजी से काम कर रही है। दोनों छोर मिलाने के लिए कुछ ही मीटर का काम बाकी रह गया है। एक तरफ टनल का कार्य लगभग पूरा हो गया है। साथ ही टनल को जाने के लिए फ्लाईओवर का निर्माण भी किया जा रहा है। टनल के बनने से आधा किलोमीटर स्पेन कम हो जाएगा। इससे वाहन जल्द शिमला पहुंच सकेंगे। अभी तक वाहन कंडाघाट बाजार से होकर आवाजाही करते हैं। इससे कंडाघाट में जाम की समस्या भी बनी रहती है। टनल निर्माण के बाद जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी। टनल निर्माण को लेकर आपातस्थिति का भी ध्यान रखा गया है।

### शहीद स्मारक पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय के शहीद स्मारक पर भारत और पाकिस्तान के बीच 1965 में हुए युद्ध में शहीद हुए जवानों को याद करते हुए उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक की मौजूदगी में पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग सहित पूर्व सैनिक कल्याण समिति के सदस्यों कैप्टन संजय, सूबेदार सरबजीत सिंह, कैप्टन बालक राम, सूबेदार जीत सिंह, सूबेदार वीर सिंह सुरेश नड्डा प्रेम सिंह सहित शहीदों के परिजनों ने भी पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। अपने संदेश में उपायुक्त ने कहा कि भारत माता के महान वीर सपूतों ने देश की आजादी में जो योगदान दिया है, उनको भुलाया नहीं जा सकता। देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहती है। शहीदों की गौरवगाथाएं हमें अपनी समृद्ध विरासत की सदैव याद दिलाएंगी। ऐसे वीरों को सम्मान देते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच आजादी के बाद से चली आ रही रंजिश कई बार जंग में बदल गई। वर्ष 1965 में दोनों देशों के बीच पांच हफ्ते तक भीषण युद्ध हुआ और संयुक्त राष्ट्र की पहल पर 23 सितंबर के दिन युद्ध विराम हुआ।

### राज्य स्तर के लिए पांच छात्राओं का चयन



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता की पांच छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इससे झंडूता के लोगों में खुशी की लहर है। घुमारवीं में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में झंडूता की 13 छात्राएं गई थी। और चेस में प्रथम स्थान हासिल किया। 5 छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसमें एक छात्रा योगा, एक टेबल टेनिस, एक कबड्डी और दो छात्रा, चैस में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित हुईं हैं। विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं का स्वागत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन संख्यान ने बताया कि पिछले कल घुमारवीं में संपन्न हुई जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हमारे स्कूल की छात्राओं ने चैस में प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही 5 छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

### विजेता छात्राओं का किया जोरदार स्वागत



**बलवंत कमल, दधोल।** अंदर-19 छात्रा वर्ग में जिला विजेता रही टीम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल की छात्रों का स्कूल में फूलों व करतल ध्वनि से भव्य स्वागत किया गया। अंडर-19 वर्ग की छात्राओं का कल कन्या राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं मे इस वर्ग की खेलों का समापन हुआ इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरमाणा को हराकर जिला बास्केटबॉल कप पर विजय प्राप्त की। टीम की कैप्टन रितिका ने जीत का श्रेय समस्त टीम के साथ-साथ टीम के मार्गदर्शक रहे स्कूल के डीपी अश्विनी कुमार को दिया इस अवसर पर कार्यकारी स्कूल के उप प्रधानाचार्य डॉक्टर तिलक धर्मानी ने बच्चों को बहुत-बहुत बधाई दी और समस्त बच्चों को प्रेरणा लेने के लिए मार्गदर्शन दिया। (अनंत ज्ञान)

### आईजीएमसी में किडनी ट्रांसप्लांट होने के बाद भी दूसरे राज्य का रुख कर रहे मरीज

# डॉक्टरों की कमी से लटके किडनी ट्रांसप्लांट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईजीएमसी में डॉक्टरों की कमी के चलते किडनी ट्रांसप्लांट लटक गए हैं। किडनी ट्रांसप्लांट करने में नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टरों का सबसे ज्यादा काम रहता है, लेकिन यहां पर स्थिति ऐसी बन चुकी है कि यूरोलॉजी में पहले 3 सीनियर डॉक्टर थे उनमें से 2 डॉक्टर को बिलासपुर एम्स के लिए ट्रांसफर कर दिए है। ऐसे में अब यूरोलॉजी विभाग में सिर्फ नामात्र सीनियर डॉक्टर बचे है बाकी उनके साथ जुनियर डॉक्टर है।

वहीं नेफ्रोलॉजी में भी डॉक्टर की कमी है, जिसके चलते अब किडनी ट्रांसप्लांट नहीं हो रहे हैं। वैसे किडनी ट्रांसप्लांट दिल्ली एम्स डॉक्टरों की निगरानी में होते है फिर भी किडनी ट्रांसप्लांट से पहले व बाद में आई.जी.एम.सी. में यूरोलॉजी व नेफ्रोलॉजी के डॉक्टरों का होना जरूरी है। जब तक यहां पर डॉक्टर नहीं आते है तब तक किडनी ट्रांसप्लांट नहीं किया जा सकता है। शीघ्र ही सरकार को डॉक्टरों की तैनाति करनी चाहिए। इन दिनों मरीज दूसरे राज्य का रूख कर रहे है। सरकार ने किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा तो 12 अगस्त 2019 में शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक सिर्फ 5 ही किडनी ट्रांसप्लांट हुए है।

यह किडनी ट्रांसप्लांट भी दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की निगरानी में हुए है। सरकार किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा को लेकर दावे तो एक से बढ़कर एक कर रही है, लेकिन दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा होने के बाद भी लोगों को बाहरी राज्य में लाखों रूपए खर्च करने पर रहे है।

### 10 फीसदी रोगियों को किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत

**हिमाचल** में 10 फिसदी रोगियों को किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत है। आईजीएमसी हिमाचल का सबसे बड़ा अस्पताल होने के नाते यहां प्रदेश भर से मरीज आते है। इसलिए ही इस अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा दी गई, लेकिन हालत ऐसी बन चुकी है कि अब ट्रांसप्लांट होना तो दूर की बात है, लेकिन अब उपचार होना भी मुश्किल हो जाएगा।

### पहले निशुल्क हुए किडनी ट्रांसप्लांट

**आईजीएमसी** में इससे पहले मरीजों के किडनी ट्रासप्लांट निशुल्क हुए। जबकि एक मरीज को किडनी ट्रासप्लांट करने में अपना किडनी डोनर होने के बाद भी 5 से 7 लाख रुपए खर्च करना पड़ता है। पैसे खर्च करने पड़ेगे या नहीं। सरकार व प्रशासन ने कोई निर्णय नहीं लिया है।

### एम्स डॉक्टरों की निगरानी में होंगे 10 ट्रांसप्लांट

**बताया** जा रहा है कि अभी किडनी ट्रासप्लांट एम्स के डाक्टरों की निरानी में ही होगे। 10 के करीब ऑपरेशन एमस के डाक्टरों की निगरानी में ही होगे। उसके बाद आई.जी.एम.सी. के डाक्टर स्यवं आपरेशन करेंगे। अभी जैसे-जैसे मरीज आई.जी.एम.सी. में आएगे तो तभी एम्स से डॉक्टर की टीम आती रहेंगी।

### विक्रमादित्य ने किया राज्य सहकारी बैंक की 262वीं शाखा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शिमला**



शाखा के शुभारंभ के मौके पर विक्रमादित्य व अन्य।

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने 16 मील धामी में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की 262वीं शाखा का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सहकारी बैंक आम-जनमानस के साथ-साथ किसानों-बागवानों तथा वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं एवं अकांक्षाओं को पूर्ण करने में अहम भूमिका निभा रहा है, जिससे सहकारी बैंक की आमदनी में भी बढ़ौतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल के दौरान लोगों की मांग पर प्रदेश में अब तक 22 ब्रांचों को खोलने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है।

शिमला विधानसभा क्षेत्र के विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विकास के लिए हम मजबूती के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर घर को सड़क सुविधा प्रदान करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में लगभग 70 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने कहा कि टूटु के नजदीक नई सब्जी मंडी बनकर तैयार है जिसका जल्द ही शुभारंभ कर दिया जाएगा।

हीरानगर के नजदीक लगभग 5.50 करोड़ रुपए की लागत से खंड विकास अधिकारी कार्यालय का नया भवन बनाया जाएगा।

### न झुकेंगे-न डरेंगे, सनातन की आवाज को रखेंगे बुलंद : मुकेश

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**



करणी सेना न किसी से न डरेगी, न झुकेगी और सनातन की आवाज को प्रदेश में यूं ही बुलंद रखेगी। यह बात राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश खुरांटा ने कही है।

उन्होंने शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे लोगों पर इस करवाई को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि करणी सेना किसी भी दबाव में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि करणी सेना के आह्वान पर हिन्दू संगठनों द्वारा प्रदेश की अवैध मस्जिदों के विरोध स्वरूप नेरवा में एक शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया गया था, जिसमें शामिल हिन्दू नेताओं सहित कुछ स्थानीय युवाओं पर मामले दर्ज करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

सरकार सनातनी आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है, जोकि देवभूमि के लिए शर्मसार करने वाली बात है। (अनंत ज्ञान)

### सड़क-पेयजल समेत 70 योजनाओं के टेंडर रद्द

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में विभिन्न विभागों की करीब 70 योजनाओं के टेंडर रद्द किए गए हैं। निविदा की राशि का सही आकलन नहीं करने पर अलग-अलग विभागों ने इस संबंध में फैसले लिए हैं तो कुछ मामलों में दस्तावेजों के पूरा न होने और अकेले बोलीदाता के आने पर भी इन्हें रद्द किया गया है। सरकार की सख्ती के बाद प्रशासनिक सचिवों ने विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किए हैं।

### डीसी ने किया हिमाचली लोक नाट्य पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान, शिमला**



किताब का विमोचन करते डीसी व अन्य।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने डॉ. मोनिका शांडिल द्वारा लिखी पुस्तक 'हिमाचली लोक नाट्य' का विमोचन किया।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यहां के लोक नाट्य न केवल हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हैं, बल्कि यह हमारे सामाजिक ताने-बाने और धार्मिक विश्वासों का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रदेश की संस्कृति के विकास और उन्हें सहेजने के किताबों की अहम भूमिका होती है।

डॉक्टर मोनिका की लिखी हुई यह पुस्तक पाठकों को हिमाचल प्रदेश के लोक नाट्यों की समृद्ध परम्परा और इनके सामाजिक-धार्मिक दृष्टिकोण से अवगत कराने में मददगार साबित हो सकती है। इस अवसर एडीएम प्रोटोकाल ज्योति राणा और सुरजीत कौर मौजूद रहीं।

### ग्रेनी स्मिथ सेब लाया हरियाली

**शिमला।** दिल्ली की आजादपुर फल मंडी में हिमाचल के ग्रेनी स्मिथ सेब ने धूम मचा दी है। कश्मीर से सेब की आमद शुरू होने के बाद जहां इन दिनों सेब के दामों में गिरावट आ रही है वहीं ग्रेनी स्मिथ को बेहतर दाम मिल रहे हैं। आजादपुर मंडी में ग्रेनी स्मिथ सेब 120 रुपए किलो बिक रहा है। कुल्लू जिले के जरी निवासी बागवान पंकज ठाकुर का सेब आजादपुर मंडी में 1200 रुपये बॉक्स के दाम पर बिका है।

### हिमाचल प्रदेश कंप्यूटर प्रवक्ता संघ का हुआ गठन

**अनंत ज्ञान, शिमला**



संघ के नवनियुक्त सदस्य संयुक्त चित्र में।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठियोग (छात्र) में हिमाचल प्रदेश कंप्यूटर प्रवक्ता संघ की 2024 से 2027 सत्र के लिए जिला शिमला कार्यकारिणी के चुनाव संयोजक अवनीत सरकेक की देखरेख में संपन्न हुए।

इस चुनाव में सुनील चंदेल को जिला अध्यक्ष चुना गया, उपाध्यक्ष कुशल मांटा, महासचिव जयावंती, वित्त सचिव हेमन्त स्नेही और संयुक्त सचिव राजीव सप्टा को चुना गया। शिमला के अलावा जिला कार्यकारिणी के चुनाव कांगड़ा, सोलन और कुल्लू जिला में भी 22 सितंबर को ही संपन्न हुए। 29 सितंबर को जिला चंबा, मंडी, हमीरपुर और सिरमौर में भी चुनाव होने हैं।

बाकी जिलों के चुनाव 6 अक्तूबर को होने हैं। जिला स्तरीय चुनाव के बाद राज्य स्तरीय कार्यकारिणी के चुनाव अक्तूबर माह में होने प्रस्तावित हैं। कार्यकारिणीयों का कार्यकाल 3 साल के लिए होगा।

### जुब्बल-नावर-कोटखाई में हो रहे विकास कार्यों से भाजपा बौखलाई : यशपाल

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

भाजपा के स्थानीय नेता चेतन बरागटा के द्वारा ट्रॉमा सेंटर कोटखाई को लेकर दिए गए बयान का युवा कांग्रेस, जुब्बल-नावर-कोटखाई ने खंडन किया हैं। ब्लॉक युवा कांग्रेस जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष कपिल ठाकुर, जुब्बल जोन के प्रभारी दीपक काल्टा, कोटखाई जोन के प्रभारी अतुल चौहान और नावर-टिक्कर जोन के प्रभारी यशपाल ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई में हो रहे विकास कार्यों को देखकर भाजपा के स्थानीय नेता पूरी तरह से बौखला गए हैं इसलिए आधारहीन बातें कर रहे है।

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के 5 वर्ष के कार्यकाल में मात्र ट्रॉमा सेंटर का श्रेय लेते रहे जबकि पूरे पांच वर्ष के कार्यकाल में 2021 के उप चुनाव को देखते हुए तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री द्वारा आनन-फानन में इसका शिलान्यास ही किया गया था।

# वायरल फीवर ने जकड़ा बिलासपुर

### अस्पताल में प्रतिदिन पहुंच रहे बुखार से ग्रसित मरीज, एमडी के पास लग रही भीड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

दिन के समय गर्मी और रात में तापमान में गिरावट का असर बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों पर दिखने लगा है। ये वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। बिलासपुर जिला इन दिनों वायरल फीवर की चपेट में आ गया है। जिला के अधिकतर लोग फीवर से ग्रसित है। अस्पतालों में ओपीडी की बात करें तो यहां पर प्रतिदिन एमडी मेडिसन के पास अधिकतर मरीज बुखार और कोल्ड से ग्रसित आ रहे हैं।

वहीं, बिलासपुर अस्पताल की बात करें तो यहां पर 60 प्रतिशत से अधिक मरीज बुखार से ग्रसित एडमिट किए गए हैं। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि जिला बिलासपुर में बुखार और कोल्ड को काफी मात्रा में फैल गया है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग बिलासपुर यह



**एमडी डॉ. नरेश चौहान बोले बिना चिकित्सक जांच के कोई भी दवा न लें**

दावा जरूर कर रहा है कि स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन प्रतिदिन बुखार से ग्रसित मरीजों की संख्यां के चलते कहीं न कहीं यह संकेत सहीं नहीं दिखाई दे रहे हैं। मौसम के कारण विगत मरीजों की संख्या में व्यापक वृद्धि हुई है। यह बुखार बच्चे, जवान व बुजुर्गो को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। बुखार की चपेट में आने वाले रोगियों को सर्दी, खांसी व गले में तेज दर्द की परेशानी हो रही है और कमजोरी आ रही है। वायरल बुखार के साथ-साथ सिरदर्द, बदन दर्द, सांस और पेट संबंधित बीमारी से भी परेशान मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल बिलासपुर पहुंच रहे हैं। सुबह से ही मरीज अस्पताल में पहुंचने लगते हैं। इस संदर्भ में जब जिला अस्पताल बिलासपुर में तैनात एमडी डॉ. नरेश चैहान से बात की गई तो उन्होंने कहा बिलासपुर में वायरल फीवर के अधिक मरीज आ रहे हैं। अभी तक यह कहना मुश्किल है कि वायरल फीवर फैल चुका है क्योंकि अभी तक इस बुखार पर स्टडी नहीं की गई है। परंतु जिला में बुखार के मरीजों की बड़ी संख्या एक चिंता विषय जरूर है। उन्होंने कहा कि मरीज बिलकुल भी अपनी मर्जी से दवा का सेवन न करें। अगर हल्का सा भी बुखार या फिर कोल्ड महसूस होता है तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लें और उनके द्वारा दी जा रही दवाइयां को ही सेवन किया जाए।

### वायरल बुखार के लक्षण

**शरीर** में तेज दर्द, गले में खराश और दर्द, त्वचा पर हल्के धब्बे पड़ना, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, कमजोरी महसूस होना, सिरदर्द होने के साथ तेज बुखार, खांसी होना वायरल बुखार के लक्षण हैं।

**बिलासपुर** में बुखार से ग्रसित मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। 60 प्रतिशत से अधिक मरीज जिला अस्पताल में बुखार के एडमिट किए गए हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति बिना चिकित्सक की सलाह से कोई भी दवा का सेवन न करे।

**- डॉ. नरेश चैहान, एमडी बिलासपुर।**

### सरकार जनता पर डाल रही आर्थिक बोझ: महेंद्र धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** झूठ की गारंटी के सहारे सत्ता में आई सुक्खू सरकार प्रदेश की जनता पर नए-नए तरीकों से आर्थिक बोझ डाल रही है अपने आर्थिक कुप्रबंधन के कारण गरीब जनता पर मूलभूत आवश्यकताओं को महंगा करके सरकार ने साबित कर दिया है कि सुक्खू सरकार गरीब विरोधी और केवल अपने मित्रों को आर्थिक लाभ पहुंचाने में व्यस्त है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने प्रदेश सरकार द्वारा पानी के बिल प्रतिमाह 100 रुपये गांव में करने के निर्णय को गैर जरूरी व गरीब विरोधी बताते हुए कहा कि सुखु ने सरकार पिछले लगभग 2 साल में पानी व बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि करके प्रदेश की जनता को मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित करने का काम कर किया है जो अत्यंत निंदनीय है। ग्रामीण क्षेत्र में 100 रुपय प्रतिमाह व शहरी क्षेत्र का पानी बिल 200 से 500 रुपये लागू होने से गरीब जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। आम जनता को नलों से मिलने वाला पानी बाजार के बोतल बंद पानी से महंगा हो जाएगा। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल शक्ति विभाग लोगों को नियमित प्रतिदिन स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने में पूरी तरह नाकाम रही है। वहीं, दूसरी ओर 100 रुपए बिल देने के जन विरोधी निर्णय लेकर जनता पर आर्थिक बोझ डालने का काम कर रही है।

### जून महीने तक 36296 किसान क्रेडिट कार्ड जारी : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



वर्ष 2024-25 की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत जून, 2024 तक के परिणामों तथा उपलब्धियों की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता एडीसी डॉ. निधि पटेल ने की। बैठक में जिले में कार्यरत सभी बैंकों द्वारा क्रियान्वित की जा रही सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के अंतर्गत हुई प्रगति तथा वार्षिक ऋण योजना चालू वित्त वर्ष के अंतर्गत जून 2024 तक के लक्ष्यों तथा उपलब्धियों की समीक्षा की गई। उंहोंने बताया कि जिला बिलासपुर के ऋण वितरण में बैंकों का वार्षिक ऋण योजना चालू वित्त वर्ष में 1 अप्रैल, 2024 से 30 जून 2024 तक का लक्ष्य 345.17 करोड़ रुपये था, जिसे तिमाही के अंत तक बैंकों ने 527.02 करोड़ रुपये के ऋण वितरण करके 152.69 प्रतिशत की दर से अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की है। उन्होंने बतया कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में बैंकों ने 123.74 प्रतिशत की दर से तथा गैर प्राथमिकता क्षेत्र में 414.92 प्रतिशत की दर से लक्ष्यों की प्राप्ति की है।

उन्होंने बताया कि बैंकों ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत लगातार वृद्धि दर्ज की है तथा चालू वित्तीय वर्ष में जून, 2024 के अंत तक कुल 36296 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं।

### अर्पिता राज्य खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



झंडूता उपमंडल के डिग्री कॉलेज के साथ लगते राहण शिक्षा निकेतन विद्यालय की एक छात्रा का चयन राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। घुमारवीं में आयोजित अंडर-19 जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में राहण शिक्षा निकेतन की 5 छात्राओं ने भाग लिया। अर्पिता ने योगा में प्रथम स्थान हासिल किया, जिसका चयन राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं व कोच संदीप शर्मा का विद्यालय के प्रधानाचार्य और विद्यालय परिवार ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि पिछले कल घुमारवीं में संपन्न हुई जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे हमारे स्कूल की एक छात्रा ने योगा में प्रथम स्थान हासिल किया। यह हमारे लिए खुशी की बात है।

### विद्यार्थियों ने 'जादू की झप्पी' लघु नाटिका से किया जागरूक

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**





एचआईवी से पीड़ित लोगों के लिए कलंक और भेदभाव महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इस भेद भाव को दूर करने के लिए युवा दिवस और संयुक्त स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा एक कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में रेड रिबन के माध्यम से करवाया गया। इस कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एक 'पीपल लीविंग विद एचआईवी' के साथ एक इंटरेक्शन करवाया गया, जिसमें उन्होंने अपने अनुभवों को सबके साथ साझा किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने एक लघु नाटिका 'जादू की झप्पी' से भी सबको जागरूक करवाया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो.राम कृष्ण ने भी विद्यार्थियों को इस जानकारी को समाज के हर तबके तक पहुंचाने को कहा। (अनंत ज्ञान)

**आह्वान** हेल्पिंग हैंड एवं रेनबो स्टार क्लब के महिला सशक्तिकरण सेमिनार में बोलीं अमला कश्यप

### महिला सशक्तिकरण के लिए एकजुट हो आधी आबादी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**





जिला मुख्यालय बिलासपुर में हेल्पिंग हैंड एवं रेनबो स्टार क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि लाडली फाउंडेशन की राज्य सचिव अमला कश्यप अनु ने शिरकत की। हिमाचली परंपरा अनुसार हेल्पिंग हैंड के जिला अध्यक्ष नीलम सुद एवं लाडली फाउंडेशन के जिला महासचिव सुमन चड्ढा एवं रेनबो स्टार क्लब के पदाधिकारी रेखा बिष्ट ने मुख्य अतिथि लाडली फाउंडेशन की राज्य सचिव अमला कश्यप अनु को हिमाचली शॉल एवं टोपी देकर सम्मानित किया।

अमला कश्यप अनु ने कहा कि दुनिया की महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के लिए एकजुट होना पड़ेगा। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाई जा रही महिलाहित कारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। लाडली फाउंडेशन की राज्य सचिव अमला कश्यप अनु ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, फ्री सिलाई मशीन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय निर्भया फंड से दो योजनाएं चला रहा है, जिनके नाम हैं वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइनों का सार्वभौमिकरण इत्यादि योजनाओं से महिलाएं भरपूर फायदा ले सकते हैं। इसके अलावा हेल्पिंग हैंड के जिला अध्यक्ष नीलम सुद एवं लाडली फाउंडेशन के जिला महासचिव सुमन चड्ढा एवं रेनबो स्टार क्लब के पदाधिकारी रेखा बिष्ट ने भी अपने विचार रखें।




## न्यूज ब्रीफ

### गिरी नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ विकास खंड की ग्राम पंचायत राणाघाट के शरगांव के पास गिरी नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला है। स्थानीय लोगों ने शव को नदी में तैरता हुआ देखा। इसकी सुचना प्रधान को दी गई। मौके पर पहुंचे प्रधान ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में शव को पानी से बाहर निकाला। शव पुरी तरह से क्षत-विक्षत है। शव की पहचान नहीं हो पा रही है। शव का पोस्टमार्टम नागरिक अस्पताल राजगढ़ में नहीं, इसलिए शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज नाहन भेजा जा रहा है। पुलिस उप अधीक्षक वीसी नेगी के अनुसार नदी में शव बह कर आया होगा। शव पूरी तरह से क्षत विक्षत है।



### प्रदेश में 25 से भारी बारिश की चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में दो दिन फिर बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम विभाग ने 25 सितंबर से लेकर 27 सितंबर तक भारी बारिश की संभावना जताई है। इसे लेकर येलो अलर्ट भी इस जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक इस दौरान कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि और गर्जना के साथ बारिश भी हो सकती है। वहीं दूसरी तरफ सोमवार को शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मौसम साफ रहा ह। पिछले दो-तीन दिनों से बारिश न होने के चलते तापमान में भी उछाल देखने को मिला है। खासकर राजधानी शिमला में तापमान 28 डिग्री तक पहुंच सकता है। ये इस मानसून सीजन का सबसे अधिकतम होगा। मौसम विभाग के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि, कच्छ सहित देश के कुछ हिस्सों से मानसून की वापसी शुरू हुई है और राजस्थान गुजरात में भी 24 घंटे में मानसून विदा हो सकता है, लेकिन हिमाचल प्रदेश की बात करें तो हिमाचल प्रदेश में फिलहाल अभी मानसून जारी रहेगा और 25 सितंबर से फिर से बारिश होने की संभावना है। प्रदेश में 27 सितंबर तक मौसम खराब बना रहेगा और इस दौरान ओलावृष्टि गर्जना के साथ बारिश होने की भी संभावना है। इस दौरान हल्की से सामान्य बारिश होने की संभावना है।

### बद्दी पुलिस ने उदघोषित अपराधी किया गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** जिला पुलिस बद्दी द्वारा 14 जून 2024 को उदघोषित अपराधी को पंजाब से हिरासत में लिया। कृष्ण कुमार उर्फ बिशु पुत्र रचना राम निवासी बरड्डर तालियान थाना परखाली तहसील, जिला रोपड़, पंजाब जिसे 14 जून 2024 को न्यायिक मजिस्ट्रेट पर्तहम श्रेणी नालागढ़ द्वारा 2015 में धारा 379 आईपीसी थाना बद्दी में उदघोषित अपराधी घोषित किया गया था। पंजाब से हिरासत में लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की।

### पप्पू 50 की उम्र में भी करते हैं बच्चों जैसी हरकते : कंगना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पप्पू जिंदगी के 50 साल पूरे करने बाद भी बच्चों जैसी हरकते करते हैं। यह बात जिला स्तरीय ख्योड़ नलवाड़ मेले के समापन समारोह पर शिरकत करने पहुंची मंडी सांसद कंगना रनौत ने कही। उन्होंने कांग्रेस नेता का नाम लिए बगैर कहा कि पप्पू और उनकी बहन बच्चों जैसी बाते करते हैं। हमने तो 15 साल की उम्र से ही कमाना आरंभ कर दिया है। जब लड़कियों की उम्र लव लैटर लिखने की होती है तो हमने उम्र में स्क्रिट लिख डाली है। हमने मेहनत करके नाम कमाया है और पप्पू ने अपने परिवार की विरासत पर राजनीति शुरू की है, जिसमें दिन व दिन बच्चों जैसे बयान देकर सबको हैरान कर देते हैं। समाज सब कुछ देखता और उसका आकलन करता है। समय आने पर समाज मजबूत जवाब भी देता है। कांग्रेस का क्या इतिहास रहा है सब जानते हैं। कंगना ने कहा कि कांग्रेस देश को बांटने और दो समुदायों के बीच खाई डालने का काम करती आ रही है।

---

### कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कंगना के बयान पर किया पलटवार

# सोनिया गांधी पर लगाए आरोप का तथ्य दिखाए, नहीं तो होगा मानहानि का केस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद कंगना रनौत के बयान पर कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पलटवार किया है। दरअसल कगना ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कंगना ने कहा कि हिमाचल आपदा फंड का पैसा सोनिया गांधी के राहत कोष में जाता है, जिसको लेकर अब सियासी बवाल खड़ा हो गया है।

उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी पर लांछन लगाने के लिए वह कंगना रनौत के खिलाफ मानहानि का केस करेंगे। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा, हम सबको पता है कि केंद्र से सहयोग ड्राफ्ट और अन्य माध्यम से आता है। मैं कंगना को चैलेंज करता हूं कि वे एक रुपए का भी ऐसा लेन-देन दिखा दें। कंगना रनौत को अपने बयान से जुड़े हुए तथ्य पेश करने



चाहिए। यदि वे इससे जुड़े तथ्य पेश नहीं कर सकती, तो उन्हें सोनिया गांधी से माफी मांग लेनी चाहिए। अगर एक रुपए की भी हेर-फेर का तथ्य उनके पास है तो पेश करके दिखाएं, नहीं तो जो उन्होंने सोनिया गांधी पर बेकार के लांछन लगाए हैं, उसके खिलाफ उनके ऊपर मानहानि का दावा ठोकेंगे।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मंडी की सांसद कंगना रनौत वैसे तो हिमाचल आती नहीं है। आज कल सेंसर बोर्ड ने उनकी फिल्म ब्लॉक कर दी है। इसलिए शायद वे गम में इन दिनों हिमाचल आई हैं और अपने घर पर बैठकर बेतुकी बयानबाजी कर रही हैं, जिसका कोई औचित्य और सिर पैर नहीं है। ये कहना कि केंद्र से जो सहयोग हिमाचल को आ रहा है या जो हिमाचल प्रदेश की सरकार जो पैसा विकास कार्य में योगदान कर रही है, वो सोनिया गांधी को दिया जा रहा है। इससे बड़ा मूर्खता भरा बयान कोई नहीं हो सकता है, जिससे उनके शिक्षा के स्तर का पता चलता है।

हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि कंगना रनौत बिना तथ्य की बयानबाजी कर रही हैं। ऐसा कोई कैसे सोच सकता है कि केंद्र से आ रही सहायता और राज्य के लिए लिया जा रहा कर्ज सोनिया गांधी के खाते में जा रहा हो।

### ऐसी बातें अनपढ़ भी नहीं करता : कौल सिंह ठाकुर



**हिमाचल** प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कौल सिंह ठाकुर ने सांसद कंगना रनौत पर पलटवार किया है। कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि कंगना रनौत इस तरह की बात करती हैं, जैसे कोई अनपढ़ भी नहीं कर सकता। कौल सिंह ने कहा कि वे कंगना रनौत की बातों को गंभीरता से नहीं लेते हैं। चुनाव से पहले और चुनाव के बाद कंगना रनौत ने इलाके की जनता से जो वादा किया था, उसे उन्हें पूरा करना चाहिए। कंगना रनौत तो लापता हैं। वे सिर्फ एक ही बार अपने इलाके की जनता से मिली।

---

# पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा ऐतिहासिक : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका दौरे के दौरान भव्य स्वागत हुआ। दुनिया के प्रतिष्ठित फोरम में भाग लेने पहुंचे नरेंद्र मोदी ने कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान अमेरिका से ड्रोन डील को लेकर महत्वपूर्ण बात भी हुई। भारत की अमेरिका से तीन अरब डॉलर के उन्नत किस्म के ड्रोन की खरीद प्रक्रिया चल रही है, जिससे भारत की आक्रमण शक्ति और मजबूत होती और निगरानी शक्ति में वृद्धि होगी। इसके साथ-साथ अमेरिका द्वारा प्रधानमंत्री के यूक्रेन दौरे की प्रशंसा करना भारतीय कूटनीतिक सफलता है। प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय को संबोधित करने के दौरान भारत और भारतीय की बढ़ती वैश्विक भूमिका और विश्व के विकास में देने वाले योगदान को जमकर सराहा।

भारतवासियों की समस्त उपलब्धियां हर भारतीय को गौरवान्वित करती हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की तीन



दिवसीय अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भारत को 297 प्राचीन बहुमूल्य कलाकृतियां सौंपी हैं। भारत और भारतीयता से जुड़े महत्वपूर्ण धरोहरों को अमेरिका द्वारा भारत को सौंपना स्वागत योग्य है। सभी कलाकृतियां ऐतिहासिक महत्व की हैं। इन सभी कलाकृतियां को भारत से तस्करी के जरिए विदेश ले जाया गया था।

ऐसा पहली बार नहीं हुए हैं। अमेरिका पिछले 10 साल में भारत को ऐसी 578 ऐतिहासिक वस्तुएं दे चुका है। जो भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान से जुड़ी हुई थी और जिन्हें तस्करी के जरिए भारत से बाहर ले जाया गया था।

---

### मेडिकल कॉलेज में महिला चिकित्सक तथा सर्जन के साथ बदतमीजी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के कैजुअल्टी वार्ड में चिकित्सकों के साथ बदतमीजी किए जाने का मामला सामने आया है। मरीज के साथ तीमारदार ने जहां चिकित्सकों के साथ बदतमीजी की वही गाली गलौज भी किया। काफी देर तक कैजुअल्टी वार्ड में हंगामा होता रहा तथा माहौल तनावपूर्ण हो गया। मामले की जानकारी मेडिकल कॉलेज के उच्च अधिकारियों को दी गई। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को भी दी गई है।

बड़सर क्षेत्र की तरफ से एक व्यक्ति पेट दर्द से पीड़ित मेडिकल कॉलेज हमीरपुर पहुंचा। यहां पर कैजुअल्टी बाढ़ में उसे प्राथमिक उपचार दिया गया तथा उसके उपरांत कुछ टेस्ट करवाने के लिए कहा गया। शाम के समय चिकित्सकों ने उसे जाकर देखा तथा उपचार के संबंध में बताया। इसी दौरान मरीज के साथ आया तीमारदार चिकित्सकों पर भड़क उठा था। इस दौरान ड्यूटी पर महिला चिकित्सक तैनात थी तथा एक सर्जन डॉक्टर भी यहां पर मौजूद था। (अनंत ज्ञान)

---

# हिमाचल प्रदेश के ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट में हुआ बड़ा घोटाला : विक्रम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में अब एक और बड़ा घोटाला सामने आया है, ग्रीन एनर्जी घोटाला। इस घोटाले के तार हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जुड़े हुए हैं। पूर्व मंत्री और भाजपा नेता विक्रम ठाकुर ने इस घोटाले के बारे में खुलासा किया है। विक्रम ठाकुर ने बताया कि इस मुद्दे पर कई 'लेटर बम' पहले भी सामने आए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 15 अप्रैल को ऊना जिले के पेखुवेला में 32 मेगावाट का सौर ऊर्जा प्लांट का उद्घाटन किया था, जिसकी कुल लागत 220 करोड़ रुपए बताई गई थी। विक्रम ठाकुर ने इसे लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इसी तरह का 35 मेगावाट का सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट गुजरात में मात्र 144 करोड़ रुपए में पूरा हो गया, जबकि हिमाचल में 3 मेगावाट कम का प्रोजेक्ट 76 करोड़ रुपए अधिक में लगाया गया। यह भारी अंतर दर्शाता है कि इस प्रोजेक्ट में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं।



पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मंत्री और भाजपा नेता विक्रम ठाकुर व अन्य।

#### भ्रष्टाचार और खराब साइट का चयन

विक्रम ठाकुर ने कहा कि पेखुवेला प्लांट को गलत साइट पर लगाया गया, जिसके कारण भारी बारिश के बाद से यह प्लांट केवल 50 प्रतिशत क्षमता पर ही चल पा रहा है। इतना ही नहीं, प्लांट की ऑपरेशन और मेंटेनेंस की अवधि 8 वर्षों की रखी गई है, जबकि गुजरात के प्रोजेक्ट में यही सेवा 10 वर्षों के लिए दी जा रही है। यह साफ तौर पर दिखाता है कि प्रोजेक्ट में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार और अनियमितताएं हुई हैं।

#### वित्तीय दुरुपयोग

विक्रम ठाकुर ने बताया कि सरकार ने ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए वर्ल्ड बैंक से 500 करोड़ का लोन लिया था, जिससे 5 अलग-अलग प्रोजेक्ट्स लगाए जा सकते थे, लेकिन यह पूरी राशि केवल ऊना के एक ही प्रोजेक्ट में लगा दी गई, जो वित्तीय दुरुपयोग का स्पष्ट संकेत है।

#### महंगा सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट

पेखुवेला प्लांट की प्रति मेगावाट लागत 6.84 करोड़ रुपए आई है, जो अन्य राज्यों की तुलना में बेहद ज्यादा है। जबकि अन्य राज्यों में सौर ऊर्जा का प्रोजेक्ट 4.11 करोड़ रुपए प्रति मेगावाट में पूरा होता है। हिमाचल प्रदेश में यह प्रोजेक्ट सबसे महंगे प्रोजेक्ट्स में से एक है।

#### देरी के कारण पेनल्टी

चंबा जिले के 5 हाइडल प्रोजेक्ट्स में देरी के कारण वर्ल्ड बैंक ने राज्य पर 5 करोड़ रुपए की पेनल्टी लगाई है। देवीकोठी, हेल, साईकोठी और साईकोठी-2 जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स अभी तक पूरे नहीं हुए हैं।

---

### गच्चा देकर पोक्सो एक्ट में नामजद फरार

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में नामजद एक आरोपी कांगड़ा पुलिस को गगरेट में गच्चा देकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि कांगड़ा पुलिस आरोपी को लुधियाना से पकड़ कर ला रही थी कि गगरेट में एक ढाबे के समीप आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा। बैजनाथ पुलिस थाना में नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में एक आरोपी पोक्सो एक्ट के तहत नामजद था। बैजनाथ पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी लुधियाना में छुपा हुआ है।

बैजनाथ पुलिस की एक टीम आरोपी की तलाश में लुधियाना गई और आरोपी को टीम ने धर दबोच लिया। पुलिस टीम आरोपी को लेकर वापस बैजनाथ को जा रही थी कि गगरेट के समीप उक्त टीम आरोपी के साथ ब्रेकफास्ट करने एक ढाबे पर बैठ गई। टीम अभी परांठे खा रही थी कि आरोपी आधा परांठा खाने के बाद उठा और उसने ढाबे की विपरीत दिशा में सड़क से करीब पच्चीस फुट नीचे छंलागा लगा दी। जब तक पुलिस टीम आरोपी का पीछा करती तब तक आरोपी पुलिस की आंखों से ओझल हो चुका था।

---

# शानन पावर हाउस में पेंशनरों का हंगामेदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में शानन पावर हाउस परिसर में पेंशनर एसोसिएशन मंडल ने पंजाब सरकार और पंजाब राज्य विद्युत परिषद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पेंशनरों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर किया गया, जिसमें एसोसिएशन के सदस्यों ने सरकार और विद्युत परिषद से अपनी समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

प्रदर्शन अधिक्षक अभियंता के कार्यालय के बाहर हुआ, जहां पेंशनरों ने नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी प्रकट की। प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल के प्रधान रमेश कुमार ने किया, जिनके साथ दुनी चंद, अनिल कुमार सूद, अमर सिंह, रवि कुमार और तकनीकी सेवा यूनियन के प्रधान कुलदीप चौहान भी मौजूद थे। सभी वक्ताओं ने अपनी-अपनी बारी में



पेंशनरों की लंबित मांगों पर प्रकाश डाला और सरकार की अनदेखी पर रोष व्यक्त किया। वक्ताओं ने बताया कि पेंशनरों की मुख्य मांगों में डीए (महंगाई भत्ता) की अदायगी को लेकर पंजाब सरकार का टालमटोल रवैया शामिल है।

इसके अलावा, 2016 से संशोधित वेतनमान के एरियर की अदायगी की मांग भी प्रमुख है, जिसे अब तक लागू नहीं किया गया है।

2015 से पहले सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों की प्रोफिक्येसी दर 2.45 की जगह 2.59 करने की भी मांग उठाई गई है। इसके साथ ही, पेंशनरों के लिए मेडिकल भत्ते को 2000 रुपए तक बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है, ताकि वे अपने स्वास्थ्य संबंधी खर्चों को आसानी से पूरा कर सकें। कैशलेस मेडिकल योजना लागू करने की भी मांग की गई, जिससे पेंशनरों को चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने में सहूलियत हो सके। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो 25 सितंबर को पटियाला स्थित पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड के मुख्यालय में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

---

# शिमला-बिलासपुर एनएच-205 के कराड़ाघाट में दरका पहाड़

**अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की**

जिला सोलन के तहत दाड़लाघाट के कराड़ाघाट में शिमला-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-205 पर सोमवार को पहाड़ी दरक गई।,जिससे पूरी सड़क बंद हो जाने से यातायात ठप पड़ गया। लोअर हिमाचल को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग बंद होने से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारे लग गई।

इससे यात्रियों को खासी दिक्कते पेश आई और गंतव्य पहुंचने में देरी हो गई। प्रशासन ने वाहनों को वाया पिपलूघाट संपर्क, वाया शिवनगर मार्ग व मांगू-सेर गलोटिया मार्ग से गंतव्य की ओर भेजा। जानकारी के अनुसार एनएच-205 बीती रात करीब 3 बजे यह मामला पेश आया, जब बिना बारिश के ही पहाड़ी दरकने से हाईवे कराड़ाघाट के पास बंद हो गया। सुबह 7:00 बजे के करीब एनएचएआई की मशीन पहुंची और सड़क से मलबा हटाने का कार्य शुरू किया। सड़क को खोलने में विभाग को कई घंटे लग गए। आखिरकार करीब 8 घंटे बाद राजमार्ग को यातायात के लिए बहाल कर दिया।



कराड़ाघाट में दरका पहाड़।

---

**संजौली मस्जिद विवाद** — प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों में 28 सितंबर को होंगे प्रदर्शन

# देवभूमि संघर्ष समिति ने दी जेल भरो आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला में संजौली स्थित मस्जिद विवाद को लेकर एक बार फिर देवभूमि संघर्ष समिति ने प्रदर्शन की चेतावनी दी है। संघर्ष समिति 28 सितंबर को प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन करने की बात कही है।

देवभूमि संघर्ष समिति के संयोजक भरत भूषण ने कहा कि, 'मस्जिद मामले को लेकर सरकार और प्रशासन ढीला रैवाया अपना रहे हैं। संजौली मस्जिद विवाद में अगर पांच अक्तूबर को फैसला नहीं आने पर जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा। एक सितंबर से शुरू हुए इस आंदोलन में अब तक प्रदेश भर में 28 स्थानों पर प्रदर्शन हो चुके है। इस आंदोलन का कोई एक नेता नहीं है, कोई राजनीतिक दल या संगठन इसका नेतृत्व नहीं कर रहा हैं, यहां का समाज इस आंदोलन के लिए खड़ा हुआ है।'




11 सितंबर को संजौली में हुए प्रदर्शन की फाइल फोटो।

#### संघर्ष समिति ने की प्रवासी लोगों की वेरिफिकेशन की मांग

**भरत** भूषण ने कहा कि, 'बाहरी राज्यों से कुछ लोग बिना पहचान के हिमाचल आकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसे देवभूमि के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। 28 सितंबर को प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण तरीके से देवभूमि संघर्ष समिति के साथ लोग शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। बीतें कुछ सालों से हिमाचल में विशेष समुदाय के प्रवासी लोगों की संख्या में इजाफा हुआ है। इन लोगों को सही तरीके से वेरिफिकेशन की जाए।'

#### संजौली में प्रदर्शन के दौरान लोगों पर हुआ था लाठीचार्ज और पथराव

**बता** दें कि संजौली मस्जिद अवैध निर्माण को लेकर 11 सितंबर को एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था। इसके लिए संजौली में भारी पुलिस फोर्स भी तैनात करनी पड़ी थी। इस दौरान लाठीचार्ज और प्रदर्शनकारियों की ओर से पत्थरबाजी भी हुई थी। प्रदर्शन के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कई लोगों पर मामला भी दर्ज किया है। अब एक बार फिर देवभूमि ने प्रदर्शन के साथ जेल भरों आंदोलन की भी चेतावनी भी दी है।

---

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में ओणम उत्सव 'ओनालायो' का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

स्थानीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के एक भारत श्रेष्ठ भारत (ईबीएसबी) क्लब ने राष्ट्र की विभिन्न संस्कृतियों की भावना और महत्व पर आधारित 'सांस्कृतिक प्रदर्शन' थीम के साथ भव्य और पारंपरिक तरीके से ओणम उत्सव 'ओनालायो' का आयोजन किया गया। केरल की मलयालम भाषा में ओणम को 'पदकम' कहा जाता है। ओणम उत्सव दयालु और बहुत प्रिय राक्षस राजा महाबली के सम्मान में मनाया जाता है।

ओणम उत्सव का उद्घाटन निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने संस्थान के सभागार में किया। उन्होंने उद्घाटन भाषण पर हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानकारी दी और कहा कि कैसे केरल के लोगों की विभिन्न संस्कृतियां हिमाचल में आईं और उन्होंने 'विविधता में एकता' के



माध्यम से एक भारत का अभ्यास करने के महत्व पर भी बात की। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से राज्यों के बीच समझ और बंधन बढ़ेगा, जिससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी।

कुछ महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे थिरुवथिराकली, अर्ध शास्त्रीय नृत्य, पारंपरिक केरल गीत, नाटी, भांगड़ा, दक्षिण भारतीय नृत्य आदि कुछ पारंपरिक कार्यक्रम थे जिन्हें अद्भुत तरीके से प्रदर्शित किया गया। एनआईटी हमीरपुर के डीन डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि ईबीएसबी क्लब, एनआईटी हमीरपुर, एनआईटी कालीकट के सहयोग से है, क्योंकि हमारे पास हिमाचल प्रदेश और केरल के युग्मित राज्यों के बीच सांस्कृतिक गतिविधियों का आदान-प्रदान कार्यक्रम है।

अयनेषु च सर्वेषु यथाभागमवस्थिताः।
भीष्ममेवाभिरक्षन्तु भवन्तः सर्व एव हि॥

इसलिए सब मोर्चों पर अपनी-अपनी जगह स्थित रहते हुए आप लोग सभी निसंदेह भीष्म पितामह की ही सब ओर से रक्षा करें।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 24 सितंबर 2024

# महादेव का गुफा मंदिर

## परशुराम को दिव्यास्त्र व फरसा मिलने की स्थली



### राजस्थान के राजसमंद और पाली जिले की सीमा पर स्थित चमत्कारिक परशुराम महादेव मंदिर

*ऐसा माना जाता है कि वही व्यक्ति उत्तराखंड स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट खोल सकता है जिसने परशुराम महादेव के दर्शन किए हों*

**"राजस्थान वह भूमि है जो क्षत्रियों और क्षत्राणियों की शौर्य गाथाओं से सुसज्जित है। राज्य में कई ऐसे स्थान हैं जो अपने ऐतिहासिक महत्व के कारण पूरे भारत में प्रसिद्ध हैं। यहां के किले-कोठियां, महल और धर्म स्थल पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। इन ऐतिहासिक इमारतों के अलावा राजस्थान में कई ऐसे मंदिर भी हैं जिनका इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। राजसमंद और पाली जिले की सीमा पर स्थित चमत्कारिक परशुराम महादेव मंदिर का इतिहास सैकड़ों नहीं, बल्कि युगों पुराना है। मान्यता है कि इसी स्थान पर परशुराम ने भगवान शिव की तपस्या की थी और दिव्य अस्त्रों को प्राप्त किया था।**

### फरसे से चट्टानों को काटकर बनाया मंदिर

**परशुराम** भगवान विष्णु के छठवें अवतार हैं, लेकिन यह सर्वविदित है कि भगवान विष्णु और महादेव एक-दूसरे को ही अपना ईश्वर मानते हैं। इसके चलते परशुराम ने भी भगवान शिव की कठिन तपस्या की। ऐसा माना जाता है कि महान तपस्वी परशुराम ने इस स्थान पर भगवान शिव की आराधना की और उनके दर्शन प्राप्त किए। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान शिव ने अवतरित होकर परशुराम को चिरंजीवी होने का वरदान दिया था, जिसके बाद वे सप्त चिरंजीवी में शामिल हुए। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, भगवान परशुराम आज भी इसी धरती पर तपस्या में लीन हैं। अरावली की पहाड़ियों के बीच स्थित इस मंदिर का निर्माण उन्होंने ही किया था। परशुराम की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें धनुष और अक्षय तरकश प्रदान किया। इसके अलावा जिस फरसे के लिए परशुराम जाने जाते हैं, वह फरसा भी उन्हें भगवान शिव से इसी स्थान पर प्राप्त हुआ था। इसके बाद उन्होंने अपने फरसे से ही चट्टानों को काटकर महादेव के इस गुफा मंदिर का निर्माण किया था।

### 500 सीढ़ियां चढ़कर पहुंचते हैं मंदिर में

मंदिर में स्थापित शिवलिंग को स्वयंभू माना जाता है। कहा जाता है कि पृथ्वी के आठ चिरंजीवियों में से एक परशुराम की तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव शिवलिंग के रूप में यहां स्थापित हुए। स्थानीय तौर पर इस मंदिर को अमरनाथ कहा जाता है, क्योंकि जिस प्रकार अमरनाथ में भगवान शिव का साक्षात निवास माना जाता है, ठीक उसी प्रकार इस स्थान पर भी महादेव की मौजूदगी को महसूस किया जाता है। पहाड़ी पर बने इस गुफा मंदिर तक पहुंचने के लिए 500 सीढ़ियों का सफर तय करना पड़ता है। समुद्र तल से मंदिर की ऊंचाई लगभग 3600 फुट है। गुफा मंदिर की दीवारों पर एक राक्षस की आकृति दिखाई देती है जिसके बारे में यह कहा जाता है कि उसका संहार भी परशुराम द्वारा किया गया था। इसके अलावा मंदिर में भगवान शिव, माता पार्वती और कार्तिकेय भगवान की मूर्तियाँ बनी हुई हैं।

**रोचक तथ्य**

**ऐसा माना जाता है कि वही व्यक्ति उत्तराखंड स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट खोल सकता है जिसने परशुराम महादेव के दर्शन किए हों। इसके अलावा यह भी माना जाता है कि यह वही स्थान है जहां परशुराम ने पांडवों में सबसे ज्येष्ठ कर्ण को शिक्षा प्रदान की थी। हालांकि, कर्ण ने स्वयं को ब्राह्मण बताकर परशुराम से शिक्षा प्राप्त करने का प्रयत्न किया था, लेकिन जब परशुराम को इस बात का पता चला तो उन्होंने कर्ण को मौका आने पर सारी विद्या भूल जाने का श्राप दे दिया था।**

### छिद्र वाले शिवलिंग में नहीं समाता दूध

**मंदिर** में स्थापित शिवलिंग भी किसी रहस्य से कम नहीं है। दरअसल, इस शिवलिंग में छिद्र हैं, इस कारण जब इसमें जल चढ़ाया जाता है तो यह सैकड़ों लीटर जल को अपने अंदर समाहित कर लेता है, लेकिन जब शिवलिंग को दूध अर्पित किया जाता है तो यह दूध शिवलिंग में समाता ही नहीं है। यह एक ऐसा रहस्य है जो आज भी अनसुलझा है।

### श्रावण महीने में लगता है मेला

**परशुराम** महादेव मंदिर में अक्षय तृतीया, महाशिवरात्रि, रामनवमी और नवरात्रि जैसे त्योहार धूमधाम से मनाए जाते हैं। हर साल श्रावण महीने में यहां मेला लगता है। इस मेले में शामिल होने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं और भगवान शिव के दर्शन के साथ परशुराम को भी नमन करते हैं।



### ऐसे पहुंचें

**परशुराम** महादेव मंदिर का नजदीकी हवाई अड्डा महाराणा प्रताप एयरपोर्ट, उदयपुर है जो यहां से लगभग 140 किमी की दूरी पर है। रेलमार्ग के माध्यम से मंदिर तक पहुंचने के लिए फालना या रानी गांव के रेलवे स्टेशन का सहारा लिया जा सकता है। यह रेलवे स्टेशन गुफा मंदिर से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर है। परशुराम महादेव गुफा मंदिर कुंभलगढ़ किले से लगभग नौ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। परशुराम महादेव मंदिर का निर्माण कुछ इस प्रकार हुआ है कि गुफा राजसमंद जिले में आती है तो यहां स्थित जल कुंड पाली जिले में।

# कर्म वही सर्वश्रेष्ठ जिसके पीछे कोई गूढ़ स्वार्थ नहीं

**हम** कर्मों पर भरोसा करते हैं परंतु भगवान और भगवान की पूजा-पाठ में विशेष रुचि नहीं रखते। ऐसे ही कुछ शब्द अक्सर आपने किसी न किसी को भगवद्गीता के संदर्भ में कहते अवश्य सुना होगा। परंतु संख्या में ऐसे बहुत कम लोग होंगे, जो कर्मों की सही परिभाषा को बखूबी जानते होंगे। भगवान श्री कृष्ण ने भगवद्गीता के 2.47 श्लोक में कर्म के अनुरूप स्पष्ट वाणी में कहा है कि

***कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥***

तात्पर्य तुम्हें अपना कर्तव्य पालन करने का अधिकार है, लेकिन तुम कर्म के फल के अधिकारी नहीं हो। अपने आप को कभी भी अपने कर्मों के परिणामों का कारण मत समझो और अपने कर्तव्य को न करने में कभी आसक्त मत होओ (भगवद्गीता यथारूप)। इसी क्रम में भगवान ने कर्म के निहित उपदेश दिया है कि सही मायने में वही कर्म सर्वश्रेष्ठ कहलाता है, जिसके पीछे कोई गूढ़ स्वार्थ न हो। हालांकि इसके विपरीत, अमूमन व्यक्ति के हर कार्य के पीछे कोई न कोई उद्देश्य अवश्य छुपा रहता है। उदाहरणार्थ, एक गृहस्थ व्यक्ति अपने परिवार के पालन-पोषण हेतु कोई ना कोई कर्म अवश्य करता है, जिससे वह धन का उपार्जन कर सके। उपार्जित धन से वह अपनी व अपने परिवार की आवश्यकताओं पर ध्यान देने लगता है। अब जहां इच्छाएं उतपन्न होंगी वहां इच्छाओं के अनुकूल फल की लालसा भी बढ़ती ही रहेगी। अंततः वह कर्म, फल के अधीन बन जाएगा। जबकि भगवद्गीता में हमें उस कर्म की प्रधानता को समझाने का प्रयास किया गया है जहां फल यानी इच्छा पूर्ति को तनिक भी स्थान ना दिया जाए। व्यवहारिक तौर पर इसका अनुसरण कर पाना सभी के लिए मुमकिन नहीं है। इसके लिए आध्यात्मिक बल की आवश्यकता होती है जो हमें भगवान के शरणागत होने पर ही प्राप्त होता है। ऐसा कोई कार्य नहीं जिसे आध्यात्मिक बल द्वारा हासिल ना किया जाए। बस देर है तो भगक्तवत्सल भगवान श्री कृष्ण के श्रीचरणों पर खुद को समर्पित करने की। आध्यात्मिक क्रियाओं जैसे शास्त्र अध्ययन, भगवान का संकीर्तन, भगवान का नाम जप, भगवान का गुणगान, भक्तों का संग आदि द्वारा धर्म के अनुरूप हमें अपरिहार्य व परिहार्य कर्मों का बोध होता है। और यही ज्ञान कर्मों के विभिन्न विषयों से हमें अवगत करवाता है। अन्य कथन पर प्रकाश डालें तो कहने को कई मूढ़ लोग यह भी कहते हैं कि मन साफ होना चाहिए तिलक, शिखा आदि वेशभूषा से भला क्या अभिप्राय? ऐसे लोगों को यह अवश्य समझना चाहिए कि मन की शुद्धता केवल और केवल आध्यात्मिक कर्मों अथवा क्रियाओं द्वारा ही संभव की जा सकती है। अन्य ऐसी कोई विधि नहीं जिसके द्वारा हमारा मलिन मन शुद्ध किया जा सके।



शिवालिक अवस्थी
शिला चौक, धर्मशाला



# पितृ ऋण या वंशज



**ज्योतिष में पितृ दोष एक महत्वपूर्ण धारणा है। ज्योतिष में पाए जाने वाले अधिकतर दोषों, योगों के बारे में बहुत भ्रम हैं, परंतु पितृ दोष सुनते ही व्यक्ति अधिक भ्रमित हो जाता। पितृ दोष के बारे में अधिकतर ज्योतिषियों और विद्वानों का यह मत है कि पितृ दोष पूर्वजों का श्राप होता है, जिसके कारण इससे पीड़ित व्यक्ति को जीवन भर तरह-तरह की समस्याओं और परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा संघर्ष करने पर भी उसे जीवन में उतनी सफलता नहीं मिलती जिसका वह पात्र है। परंतु यह धारणा ही गलत है, क्योंकि पितृ दोष से पीड़ित व्यक्ति के पितृ उसे श्राप नहीं देते बल्कि ऐसे व्यक्ति के पूर्वज स्वयं ही शापित होते हैं, जिसका कारण उनके द्वारा किए गए कर्म होते हैं, जिनका भुगतान उनके वंश में पैदा होने वाले वंशजों को करना पड़ता है। जिस तरह संतान अपने पूर्वजों के गुण-दोष धारण करती है, अपने वंश के खून में चलने वाली अच्छाइयां और बीमारियां धारण करती है, अपने बाप-दादा से मिली संपत्ति तथा कर्ज धारण करती है, उसी तरह से उसे अपने पूर्वजों के द्वारा किए गए अच्छे एवं बुरे कर्मों के फलों को भी धारण करना पड़ता है, जिसे हम आजकल वंशज कहते हैं।**

### कुंडली में योग-दोष जन्म से ही निर्धारित

**कुछ** विद्वानों का मत है कि जो व्यक्ति अपने पूर्वजों का श्राद्ध-कर्म ठीक से नहीं करते है, जिसके कारण उनके पितृ उनसे कुपित हो जाते हैं तथा इसी कारण आपकी कुंडली में पितृ दोष बनता है। यह धारणा गलत है क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की कुंडली उसके जन्म के समय ही निर्धारित हो जाती है तथा इसके साथ ही उसकी कुंडली में बनने वाले योग-दोष भी जन्म से ही निर्धारित हो जाते हैं। इसके बाद कोई भी व्यक्ति अपने जीवन काल में अच्छे-बुरे जो भी कार्य करता है, उनसे पैदा होने वाले योग-दोष उसकी इस जन्म की कुंडली में नहीं आते, बल्कि उसके अगले जन्मों की कुंडलियों में आते हैं।

### मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण से जुड़ी कथा

**पितृ** दोष संबंधी प्रमाण हमें भगवान श्री राम जी के वंशजों से मिलता है। कथा भारतवर्ष में सबसे पवित्र मानी जाने वाली तथा माता के समान पूजनीय नदी मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण के साथ जुड़ी है। प्राचीन भारत में रघुकुल सूर्यवंशी कुल में सगर नाम के महाराजा हुए, जिन्होंने पृथ्वी पर सबसे पहला सागर बनवाया था तथा जो भगवान श्री राम जी के पूर्वज थे। राजा सगर के पुत्रों ने एक गलतफहमी के कारण तपस्या कर रहे कपिल मुनि जी के आश्रम पर आक्रमण कर दिया तथा कपिल मुनि के नेत्रों से निकली क्रोधाग्नि ने इन सब को भस्म कर दिया। राजा सगर को जब इस बात का पता चला तो वह समझ गए कि कपिल मुनि जैसे महान ऋषि पर आक्रमण करने के पाप कर्म का फल उनके वंश की आने वाली कई पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। इसलिए उन्होंने तुरंत अपने पौत्र अंशुमन को मुनि के पास जाकर इस पाप कर्म का प्रायश्चित पूछने के लिए कहा, जिससे उनके वंश पर से इस पाप कर्म का बोझ दूर हो जाए तथा उनके मृतक पुत्रों व प्रजा को भी मुक्ति प्राप्त हो। अंशुमन के प्रार्थना करने पर मुनि ने बताया कि इस पाप कर्म का प्रायश्चित करने के लिए उनके वंश के लोगों को भगवान ब्रह्मा जी की तपस्या करके स्वर्ग लोक की सबसे पवित्र नदी गंगा को पृथ्वी पर लाने का वरदान मांगना होगा तथा गंगा के पृथ्वी लोक आने पर मृतक राजपुत्रों की अस्थियों को गंगा की पवित्र धारा में प्रवाहित करना होगा। तभी जाकर उनके वंश से इस पाप कर्म का बोझ उतरेगा। मुनि के परामर्श अनुसार अंशुमन ने ब्रह्मा जी की तपस्या करनी आरंभ कर दी, किन्तु उनकी जीवन भर की तपस्या से भी ब्रह्मा जी प्रसन्न होकर प्रकट नहीं हुए तो उन्होंने मरने से पहले यह दायित्व अपने पुत्र दिलीप को सौंप दिया। राजा दिलीप भी जीवन भर ब्रह्मा जी की तपस्या करते रहे पर उन्हें भी ब्रह्मा जी के दर्शन प्राप्त नहीं हुए तो उन्होंने यह दायित्व अपने पुत्र भागीरथ को सौंप दिया। राजा भागीरथ के तपस्या करने पर ब्रह्मा जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए तथा उन्होंने भागीरथ को गंगा को पृथ्वी पर भेजने का वरदान दिया। वरदान देकर जब भगवान ब्रह्मा जी जाने लगे तो राजा भागीरथ ने उनसे एक सवाल पूछा, हे भगवान ब्रह्मा जी, मेरे दादा महाराज अंशुमन तथा मेरे पिता महाराज दिलीप ने जीवन भर आपको प्रसन्न करने के लिए कठोर तप किया, परंतु आपने उनमें से किसी को भी दर्शन नहीं दिए, जबकि मेरी तपस्या तो उनसे बहुत कम थी परंतु फिर भी आपने मुझे दर्शन और वरदान दिए। हे प्रभु क्या मेरे पूर्वजों की तपस्या में कोई कमी थी जो उनकी तपस्या व्यर्थ गई। इसके उत्तर में भगवान ब्रह्मा जी ने कहा- राजन तपस्या कभी भी व्यर्थ नहीं जाती। आपके पूर्वजों की तपस्या तो कपिल मुनि पर आक्रमण करने के पाप कर्म का भुगतान करने में चली गई और आपकी तपस्या के फलस्वरूप गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिए आवश्यक पुण्य कर्म संचित हुए हैं। यदि आपके पूर्वजों ने तपस्या करके आपके कुल पर चढ़े हुए पाप कर्मों का भुगतान न किया होता तो आज आपको मेरे दर्शन और वरदान प्राप्त नहीं होते। इससे सपष्ट हो जाता है कि राजा सगर के पुत्रों के पाप कर्म से उनके वंश पर जो पितृ ऋण चढ़ गया था, उसका भुगतान उनके वंश मे आने वाली पीढ़ियों को करना पड़ा। इस तरह पितृ दोष पूर्वजों के श्राप देने से नहीं, बल्कि पूर्वजों के स्वयं शापित होने से बनता है और इसके निवारण के लिए पूर्वजों की पूजा नहीं करनी है, बल्कि पूर्वजों के उद्धार के लिए पूजा तथा अन्य अच्छे कर्म करने चाहिए।



राकेश कुमार गौतम
हमीरपुर

### जन्म कुंडली में पितृ दोष

**जन्म** कुंडली में उपस्थित कुछ लक्षणों से पितृ दोष के होने का पता चलता है, नवग्रहों में सूर्य पूर्वजों के प्रतीक माने जाते हैं, इसलिए किसी कुंडली में सूर्य की राहु के साथ स्थित होने से या बुरे ग्रहों की दृष्टि से दोष लगता है तो यह दोष पितृ दोष कहलाता है। इसके अलावा कुंडली का नवम भाव पूर्वजों से संबंधित होता है, इसलिए यदि कुंडली के नवम भाव या इस भाव के स्वामी को कुंडली के अशुभ ग्रहों से दोष लगता हो तो भी पितृ दोष कहलाता है। पितृ दोष प्रत्येक कुंडली में अलग-अलग तरह के कष्टकारी हो सकता है, जिनका पता कुंडली का विवेचन करने के पश्चात ही पता चल सकता है। पितृ दोष के निवारण के लिए सबसे पहले कुंडली में उस ग्रह या उन ग्रहों की पहचान की जाती है जो कुंडली में पितृ दोष का निर्माण कर रहा हो और उन्हीं ग्रहों के लिए उपाय किए जाते हैं, जिससे पितृ दोष के अशुभता को कम किया जा सके। कुंडली का नवम घर धर्म का घर कहा जाता है, यह पिता का घर भी होता है। अगर किसी प्रकार से नवां घर खराब ग्रहों से ग्रसित होता है तो सूचित करता है कि पूर्वजों की इच्छाएं अधूरी रह गई थी। जो प्राकृतिक रूप से खराब ग्रह होते हैं वे सूर्य, मंगल, शनि कहे जाते हैं और कुछ लग्नों में अपना काम करते हैं, लेकिन राहु और केतु सभी लग्नों में अपना दुष्प्रभाव देते हैं। नवां भाव, नवें भाव का मालिक ग्रह, नवां भाव चंद्र राशि से और चंद्र राशि से नौवें भाव का मालिक अगर राहु या केतु से ग्रसित है तो यह भी पितृ दोष कहा जाता है। इस प्रकार का जातक हमेशा किसी न किसी प्रकार की संघर्ष में रहता है, अगर किसी भी तरह से नवां भाव या नवें भाव का मालिक राहु या केतु से ग्रसित है तो यह पितृ दोष के कारणों में आ जाता है।

### उपाय

- पितृ दोष को दूर करने के लिए किसी भी सोमवती अमावस्या को (जिस अमावस्या को सोमवार हो) पीपल के पेड़ को एक जनेऊ चढ़ाएं और एक जनेऊ भगवान विष्णु के नाम का उसी पीपल को चढ़ाएं और भगवान विष्णु के मंत्र 'ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय नमः' मंत्र का जाप करें और जल देते हुए एक सौ आठ परिक्रमा पीपल के पेड़ की लें। परिक्रमा पूरी करने के बाद भगवान विष्णु जी सेपीपल के पेड़ के नीचे प्रार्थना कीजिए और जाने अनजाने में हुए अपराधों के लिए क्षमा मांगे। सोमवती अमावस्या की इस प्रकार की गई पूजा से बहुत जल्दी ही उत्तम फलों की प्राप्ति होने लगती है। सोमवती अमावस्या व हर अमावस्या को खीर बना कर पितरों को अर्पित करने से अवश्य लाभ मिलता है।
- किसी भी शुक्ल पक्ष की द्वितीया को सपरिवार श्री गंगा स्नान करें।
- अमावस्या को अपने निवास स्थान पर दक्षिण भाग में तीन पत्तों पर खीर बनाकर अपने पूर्वजों को नमन करके अर्पित करे व धार्मिक स्थल पर या बाल आश्रम में खीर बना कर खिलाएं।
- मछलियों को चावल के आटे और शुद्ध देसी घी मिलाकर बनाए 21 लड्डू शनिवार व सोमवती अमावस्या को देने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है।

# पात्र को ही दें दान

**शास्त्र के अनुसार दान करने वाले व्यक्ति को दुखों से छुटकारा मिलता है तथा स्वर्ग आदि सुखों की प्राप्ति होती है। वैदिक संस्कृति के अनुसार प्रत्येक समर्थवान व्यक्ति को दान अवश्य करना चाहिए। परंतु दान के संबंध में भिन्न प्रकार का दर्शन हैं। ज्योतिष में ग्रहों की शुभता/अशुभता को आधार मानकर दान करने की परंपरा है। जिस व्यक्ति की कुंडली में ग्रह बलवान स्थिति में हो तो उसे उस ग्रह से संबंधित वस्तु आदि का दान नहीं करना चाहिए। जैसे मान लो किसी व्यक्ति की कुंडली में मंगल ग्रह बलवान होकर स्थित है, तो उसे लाल रंग का कपड़ा, मसूर की दाल, बेसन से बने हुए पदार्थ तथा तांबा इत्यादि का दान नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से मंगल ग्रह में अशुभता आती है, इसी प्रकार यदि कुंडली में कोई ग्रह कमजोर स्थिति में हो तो उस ग्रह से संबंधित वस्तुओं का दान नहीं लेना चाहिए। जैसे कि मान लो किसी व्यक्ति की कुंडली में बृहस्पति ग्रह कमजोर स्थिति में है, तो उसे पीले रंग का कपड़ा, पीले रंग की दाल या फल, केसर, हल्दी तथा पीले रंग से संबंधित कोई भी वस्तु दान में नहीं लेनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से व्यक्ति पर उस ग्रह का दोष अर्थात अशुभता ओर भी बढ़ जाती है। जिन व्यक्तियों की कुंडली में जो-2 ग्रह बलवान स्थिति में है, उन ग्रहों से संबंधित वस्तुओं का दान न करके दान ले सकते हैं, क्योंकि बलवान ग्रह का दान लेने से उस ग्रह को और अधिक बल प्राप्त होता है। इसी प्रकार कुंडली में कमजोर ग्रहों से संबंधित वस्तुओं का दान करने से ग्रह के दोष की शांति होती है।**



### मेष राशि वाले क्या करें और क्या नहीं



- साधु-संतों, मां व गुरु की सेवा करें। विधवाओं की सहायता करें और आशीर्वाद लें। काले, काने एवं अपाहिज व्यक्तियों से दूर रहें।
- मीठी वस्तुओं का व्यापार न करें। बहन, बुआ व बेटी को उपहार में मिठाई दें। दिन ढलने के पश्चात गेहूं-गुड़ बालकों में बांटें। मीठी रोटी गाय को खिलाएं।
- गज-दंत से निर्मित वस्तु एवं किसी से कोई वस्तु मुफ्त में लेना जातक के लिए हानिकारक है।
- लाल रंग का रूमाल हमेशा प्रयोग करें।
- बाएं हाथ में चांदी का छल्ला धारण करें।
- रात्रि में सिरहाने एक गिलास पानी भरकर रखें। सुबह उस जल को किसी गमले में डाल दें।
- लॉन में नीम का पेड़ लगाएं।
- पुत्र-रत्न के जन्मदिन पर नमकीन वस्तु विशेष रूप से बांटें।
- वैदिक नियमों एवं सदाचार का सदा पालन करें।

## न्यूज ब्रीफ

### हल्दरा में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**राकेश डोगरा, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव की ग्राम पंचायत सांबा के हल्दरा गांव में श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार सुबह आठ बजे से कलश यात्रा के साथ आगाज हो गया। कलश यात्रा का आरंभ कुलदीप भगवान गुलेरिया के घर से चल कर नौण से होते हुए मौल खड्ड तक, वहां गांव की महिलाओं ने अपने अपने कलशों में जल भरा और फिर नौण से होते हुए भजन-कीर्तन करते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचे। साथ ही पूजा-अर्चना भी की गई। यह कथा 23 से 30 सितंबर तक कुलदीप भगवान गुलेरिया के निवास में हो रही है। कथा श्रवण करने का समय हर रोज दोपहर दो से सायं पांच बजे तक है। कथावाचक पंडित राम शिवलोचन पांडेय चित्रकूट वाले अपने मधुर वचनों से संगत को जीवन लाभ दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### डांगड़ा स्कूल में संस्कृत संभाषण शिविर शुरू



**अनंत ज्ञान, गरली।** गरली के निकटवर्ती राजकीय माध्यमिक पाठशाला डांगड़ा में संस्कृत भारती देहरा जनपद द्वारा 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान बतौर मुख्यातिथि स्कूल की ही टीजीटी (ड्राइंग) सरोजिनी देवी शामिल हुईं व सारस्वातिथि के रूप में स्कूल की ही शास्त्री शिक्षिका रंजना देवी ने शिरकत की। इस अवसर पर देहरा जनपद के संस्कृत भारती के सहशिक्षण प्रमुख डॉ. यज्ञदत्त एवं शिविर संयोजक डॉ. विनोद शर्मा ने संस्कृत भारती संगठन का परिचय एवं मातृ भाषा का वैभव, वैज्ञानिकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए संभाषण शिविर के लाभ बताए।

### पशु तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के पुलिस थाना डिवीजन नंबर-2 की पुलिस ने जेएंडके में मारने के उद्देश्य से ले जाए जा रहे 13 पशुओं को छुड़ाने के बाद दो आरोपियों को भी काबू किया है। थाना प्रभारी शौहरत मान ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान सवारूदीन निवासी गांव चौंता दीनानगर तथा काका निवासी फलकपुर सुजानपुर के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कैंटर में सवार दो युवक पशु तस्करी को अंजाम देने जा रहे है जिसके बाद पुलिस नाकाबंदी कर दोनों आरोपियों के कैंटर को रोक जब तलाशी ली तो उससे कई पशु बरामद हुए। कहा कि दोनों आरोपियों पर केस दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपियों का नेटवर्क कहां कहां है। जांच में यह भी पता चला है कि आरोपियों के साथ कई ओर लोग भी जुड़े होने की आंशका है।

### बड़ोल, अपर बड़ोल में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक अभियंता हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत उपमंडल धर्मशाला-I2 ने सूचित किया है कि 11केवी दाड़ी फीडर के तहत मरम्मत कार्य के लिये 25 सितंबरको प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान केसीसी बैंक, बड़ोल, अपर बड़ोल तथा दाड़ी वाईपास इत्यादि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। मौसम प्रतिकूल होने पर यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### पुड़वा, बलोटा व आसपास आज पावर कट

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड विद्युत उपमंडल थुरल के सहायक अधिशासी अभियंता इंजीनियर प्रवीण सिंह ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि विद्युत उपमंडल थुरल के अंतर्गत आने वाले 11केवी बलोटा एचटी लाइन की मरम्मत व रखररखाव हेतु 24 सितंबर को पुड़वा, बलोटा, दिनई, तमलोह, डगेरा पंजयाल, घराणा, पनहार, बद्रेर, अल्सा आदि गांवों में विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी।

### फायर ब्रिगेड की टीम ने रेस्क्यू किया बैल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में नाली में फंसे एक बैल को बचाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम ने सोमवार को पहुंची। जानकारी के अनुसार रामनगर में एक बेसहारा बैल नाली में जा फंसा। इसके बाद इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बैल को रेस्क्यू किया। मामले की पुष्टि करते हुए स्टेशन फायर ऑफिसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर बैल को रेस्क्यू किया।

# नगर निगम के फरमान पर समेटा मंडे मार्केट का सामान

## मंडे मार्केट को अब दाड़ी शिफ्ट करने के निर्देश, डेढ़ दर्जन परिवारों पर मंडराया आर्थिक संकट

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



धर्मशाला में गुरुद्वारा मार्ग पर सजी मंडे मार्केट।



नगर निगम के फरमान पर सामान समेटते दुकानदार।

नगर निगम ने धर्मशाला में मंडे मार्केट लगाने वाले करीब डेढ़ दर्जन परिवारों को मार्केट को यहां से हटाने के फरमान जारी किए हैं। नगर निगम के फरमान के पीछे संजौली के मस्जिद प्रकरण के बाद प्रवासियों तथा समुदाय विशेष के खिलाफ लोगों में गुस्सा बताया जा रहा है। मूल रूप से गुजरात के ये लोग कांगड़ा शहर के आसपास रहते हैं। इनके अनुसार वे पिछले कई दशकों से धर्मशाला में मंडे बाजार लगाकर गरीब वर्ग को सस्ते कपड़े बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करे रहे हैं। हालांकि नगर निगम प्रशासन ने यहां से मंडे मार्केट को हटाने का कारण इनकी दुकानों के कारण यातायात प्रभावित होने से संबंधी शिकायतें बताया है।

बताते चलें कि कुछ साल पहले ये लोग कोतवाली बाजार, उसके बाद कचहरी और अब गुरुद्वारा मार्ग पर मंडे मार्केट लगा रहे थे। यातायात बाधित होने की बात कहते हुए नगर निगम ने इन्हें यहां से दाड़ी शिफ्ट होने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को मार्केट लगाकर बैठे दुकानदारों को नगर निगम के स्टाफ ने यहां पहुंच कर दाड़ी मैदान में शिफ्ट होने की हिदायत दी। इसके बाद दुकानदार, सुबह सजाया सामान समेटने लगे थे। सस्ते दामों पर पुराने कपड़े बेचने वाले अरुण, आशा, सूरज, आकाश, कनव, राघव, पूनम, लता, राधा, मान सिंह, गोपी, राखी, राधिका तथा कैलाश आदि ने बताया कि ये सभी लोग कांगड़ा में रहते हैं तथा मूल रूप से गुजरात से हैं। इनके अनुसार इस मार्ग पर इन्हें दुकान लगाने की अनुमति दी जाए। जानकारी के अनुसार यहां करीब 15 प्रवासी परिवार पिछले कई सालों से पुराने कपड़े बेच कर गुजर-बसर कर रहे हैं। इन लोगों ने नगर निगम प्रशासन से गुहार लगाई है कि उन्हें यहां से न हटाया जाए। इन लोगों के अनुसार ये लोग सिर्फ सोमवार के दिन ही यहां बाजार लगाते हैं। ऐसे में ये लोग इस सड़क पर लगी झाड़ियों को साफ कर दुकानें लगाने को तैयार हैं, ताकि यातायात प्रभावित न हों। (अनंत ज्ञान)

### क्या बोलीं मेयर

इस संदर्भ में जब नगर निगम धर्मशाला की मेयर नीनू शर्मा से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि ऐसे निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन दुकानदारों ने दाड़ी में उनके व्यापार के न चलने की दलील देते हुए उन्हें शिफ्ट न करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि ऐसे में अब नगर निगम दो-तीन दिनों में धर्मशाला में मंडे मार्केट के लिए वैकल्पिक स्थान ढूंढने का प्रयास कर रहा है।

### पेयजल दरों में वृद्धि जनविरोधी निर्णय : बलदेव

**बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता के लिए पीने के पानी की दरों में अप्रत्याशित वृद्धि उपभोक्तायों को आर्थिक संकट में डालने का जनविरोधी निर्णय है। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया की सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पहले निःशुल्क पानी दिया जाता था अव ग्रामीण उपभोक्ताओं को पहली अक्तूबर से 100 रुपए मासिक बिल थमा देना तथा शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से 1000 लीटर पानी की खपत पर 19 रुपए 30 पैसे से 59 रुपए 90 पैसों के हिसाब से बिल लेना तथा व्यावसायिक होटलों आदि के लिए 106 रुपए 30 पैसे से 194 रुपए 85 बिल लेना जनता की जेब पर कैंची चलाना है। स्वाभिमान पार्टी सरकार के इस निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करती है।

# संजय रत्न ने बांटे 21 लाख के चेक

## मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत 44 लाभार्थियों को 13 लाख 64 हजार के चेक दिए



**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय रत्न ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह ज्वालामुखी में लगभग 21 लाख रुपए के चेक वितरित किए।

विधायक ने बेटी है अनमोल योजना के तहत 20 लाभार्थियों को 4 लाख 20 हजार रुपए, मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत 44 लाभार्थियों को 13 लाख 64 हजार और मुख्यमंत्री राहत कोष से 17 लाभार्थियों को 3 लाख 70 हजार रुपए के चेक वितरित किए। इससे

**विधायक ने लोगों की समस्याओं को भी सुना**

पूर्व विधायक का एसडीएम ज्वालामुखी, बीडीओ सुरानी, सीडीपीओ देहरा और स्थानीय जनता ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुना और इसका निपटारा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस मौके पर एसडीएम ज्वालामुखी डॉक्टर संजीव शर्मा, बीडीओ सुराणी अंशु चंदेल, बीएमओ ज्वालामुखी डॉक्टर संजय बजाज, सीडीपीओ देहरा सुशील शर्मा, सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग प्रवीण कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी आदर्श शर्मा, सुप्रीटेंडेंट पवन सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### 5 सड़कों के सुधारीकरण के लिए 3.60 लाख मंजूर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश सरकार में मुख्य संसदीय सचिव एवं बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र से विधायक किशोरी लाल ने कहा की उपमंडल बैजनाथ की पांच सड़कों के सुधारीकरण के लिए करोड़ों रुपए की राशि मंजूर की गयी है। इसमें की बैजनाथ से गांधीग्राम सड़क अमरपुर से कंदराल सड़क चढ़ियार से भिरडी पढ़ियारखर से त्रेहल रक्कड़ से रजोट सड़क मार्गों पर 3.60 लाख रुपए की राशि से निर्माण कार्य करवाया जाएगा। इसके साथ किशोरी लाल ने कहा की बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की सभी सड़कों को पक्का करवाया जाएगा, जिसके लिए कई नई योजनाएं तैयार करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द इन पांचों सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा।



### विजय मेमोरियल स्कूल के डायरेक्टर को मिला एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड



दिल्ली में एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड प्राप्त करते स्कूल के डायरेक्टर इंजीनियर सचिन शर्मा।

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

विजय मेमोरियल स्कूल इंदौरा के डायरेक्टर व शिक्षाविद् इंजीनियर सचिन शर्मा को दिल्ली में एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार दिल्ली में डीआईडीएसी की ओर से यशोभूमि कन्वेंशन एक्सपो सेंटर द्वारका में नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल एलाइंस द्वारा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

यहां भारतीय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएएस एनपी सिंह, हरियाणा बोर्ड चेयरमैन वीवी यादव, प्रेसिडेंट निशा, कुलभूषण शर्मा ने स्कूल के डायरेक्टर इंजीनियर सचिन शर्मा को एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वीएमएस में नई शिक्षण पद्धतियों से पढ़ाया जाता है। इससे पहले भी विजय मेमोरियल स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़िया सुविधाएं प्रदान करने के लिए तथा नई शिक्षण पद्धतियों को अपनाने और बच्चों के सर्वांगिक विकास में मदद करने के लिए तीन अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। अभी हाल में ही विजय मेमोरियल स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता प्रदान करने के लिए कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है। डायरेक्टर सचिन शर्मा ने बताया कि विजय मेमोरियल स्कूल पिछले कई दशकों से शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में लगातार नहीं ऊंचाइयों को छू रहा है। स्कूल इससे पहले जिला स्तरीय, राज्य स्तर पर भी कई प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम कर जिला कांगड़ा का अग्रणी स्कूलों की श्रेणी में शामिल है। (अनंत ज्ञान)

## अनोखा मामला : बच्चे गोद लेने को लेकर लोगों से ठगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला मुख्यालय धर्मशाला में सोमवार को एक अनोखा मामला सामने आया। प्रदेश में इस तरह का यह पहला ही मामला है, जब बच्चे गोद लेने के इच्छुक दंपतियों को ठगा गया है। जानकारी के अनुसार बड़ोह, नगरोटा बगवां, कांगड़ा तथा पुलिस थाना धर्मशाला के 4 लोगों ने करीब एक लाख रुपए की ठगी की शिकायत की ही। शिकायत के अनुसार अलग-अलग मामलों में कांगड़ा शहर के निवासी आरोपी ने इन निसंतान या बच्चे की चाह रखने वाले लोगों से प्रति व्यक्ति 20 से 22000 रुपए लिए थे। काफी समय गुजर जाने के बाद इन दंपतियों को न तो बच्चे मिले और न ही रुपए मिले। ऐसे में ठगी का शिकार होने का अंदेशा होने के बाद ये लोग सोमवार को एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर के धर्मशाला स्थित कार्यालय पहुंचे। उधर, इस संदर्भ में जब एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि ऐसी शिकायत आई है। उन्होंने बताया कि डीएसपी कांगड़ा को मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। आरोप सही पाए जाने पर मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



**धर्मशाला पहुंचे ठगी के शिकार, एएसपी ने दिए जांच के आदेश**

## पूर्व सैनिक सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना के 24 युवक सेना में भर्ती

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



भूतपूर्व सैनिक संगठन नगरोटा बगवां द्वारा संचालित पूर्व सैनिक सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व सैनिक कोचिंग सेंटर के मुख्य संरक्षक कर्नल रमेश वालिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कोचिंग सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय सेना में भर्ती हुए 24 युवाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर कर्नल रमेश वालिया ने युवाओं को देश सेवा के लिए समर्पित रहने को प्रेरित किया। इस दौरान कोचिंग सेंटर के निदेशन पवन डोगरा ने बताया कि एआरओ पालमपुर द्वारा आयोजित भर्ती में सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त कर युवाओं ने भारतीय सेना में अपना स्थान बनाया है। उन्होंने कोचिंग सेंटर में दिए जा रहे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण तथा सुविधाओं की जानकारी लोगों को दी। सेंटर में समूचे प्रदेश के विभिन्न जिलों के अतिरिक्त दूसरे राज्यों के युवा भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस समय सेंटर में एसएससी जीडी, पुलिस तथा विभिन्न एआरओ द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्तियों के लिए लिखित व शारीरिक परीक्षा के लिए विशेष बैच चलाए जा रहे हैं। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन केसी धीमान, कैप्टन मस्त राम धीमान, कैप्टन प्रदीप कुमार, सूबेदार मेजर सिकंदर ठाकुर, सूबेदार मेजर लेख राज पठानिया, सूबेदार बलदेव सिंह, पूर्व सैनिक सतीश कुमार, भर्ती हुए प्रशिक्षुओं के अभिभावक, गांववासी, सेंटर का स्टाफ व प्रशिक्षु मौजूद रहे।

### डाडासीबा के पुल के समीप मनाया जाएगा दशहरा

**डाडासीबा।** बाबा भरथरी दंगल कमेटी के प्रधान रितेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस साल 12 अक्तूबर को डाडासीबा के पुल के समीप मैदान में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने इलाका निवासियों से अपील की है कि इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लें। उस दिन रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में हर साल दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस वर्ष भी उत्सव में सभी भाग लें।



## 40 किसान ले रहे मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**





एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने खुंब विकास परियोजना पालमपुर में 5 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उद्यान विभाग के सहयोग से हंस अजीविका परियोजना द्वारा 23 से 27 सितंबर तक आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकास खंड लंबागांव और सुलह के 40 किसान भाग ले रहे हैं। एसडीएम ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के लिए मशरूम उत्पादन भी आजीविका का बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा कि मशरूम की खेती को किसान अपना स्वरोजगार बना सकते हैं। उन्होंने किसानों को प्रशिक्षण के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी पर विशेष ध्यान देने और कोई भी संदेह होने पर प्रश्न पूछने के लिए कहा ताकि मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया में कोई भी मुश्किल न आए।

## तीन विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को चंडीगढ़ पहुंचाने वाली बस सेवा बंद

**सालविया शर्मा, गरली।** करीब दस वर्षों से लगातार जसवां, परागपुर ज्वालामुखी और कुटलैहड़ से होकर सेवाएं दे रही हिमाचल पथ परिवहन निगम देहरा डिपो की बस सेवा बार-बार बंद होने से लोगों में रोष पनप रहा है। यह एकमात्र बस है, जो कि देहरा से चंडीगढ़ वाया ज्वालाजी, चंबापत्तन, घालौर, कालेश्वर, शांतला, तुतरु, बंगाणा आदि ग्रामीण इलाकों से होते हुए जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले लगभग एक साल से इस पिछड़े इलाके में खटारा बस भेजी जा रही है, जो हर कहीं खड़ी हो जाती है। इस कारण लोगों का इस बस से विश्वास उठ रहा है। सरकार से मांग है कि इस रूट को सुचारू रूप से चल बाने के साथइस रूट पर विभाग द्वारा कोई नई बस चलाई जाए, ताकि लोगों के साथ-साथ परिवहन निगम को भी लाभ मिलता रहे। (अनंत ज्ञान)

## हिमालयन आईटीआई लगबलियाना में कल सजेगा रोजगार मेला

**शिवम शर्मा, परागपुर**

हिमालयन आईटीआई लगबलियाना में 26 सितंबर को विश्व की प्रसिद्ध कंपनी सुजुकी मोटर 24500 रुपए प्रतिमाह सीटीसी (सैलेरी) पर 1000 से अधिक आईटीआई डिप्लोमा धारकों को रोजगार देने आ रही है। जानकारी देते हुए आईटीआई के प्रधानाचार्य आनंद कुमार ने बताया कि इसमें वे युवा भाग ले सकते हैं, जिनकी आयु 18 से 26 वर्ष के बीच में है और दसवीं 40 प्रतिशत अंक तथा आईटीआई 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से लेकर वर्ष 2024 के पासआउट छात्र रोजगार मेले भाग ले सकते हैं। बताया कि फिटर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक, मशीनिस्ट, ट्रैक्टर मैकेनिक, वेल्डर, पेंटर, टर्नर डीजल मैकेनिक ट्रेड्स में आईटीआई पास युवक इस मेले में भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त कंपनी की तरफ से विशेष सुविधा के रूप में कैंटीन और बस की सुविधा सब्सिडाइजड रेट पर दी जाएगी। सिलेक्ट होने पर फ्री में बर्दी भी दी जाएगी। प्रत्येक विद्यार्थी अपने साथ दसवीं और आईटीआई का सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो और रिजूम के साथ वांछित प्रमाण पत्र साथ लेकर सुबह 9 बजे से पहले हिमालयन आईटीआई के प्रांगण में पहुंचना सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

## कला उत्सव में सुजानपुर के स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी राजेश कुमार के दिशा-निर्देश के अनुसार सोमवार को जिला स्तरीय कला उत्सव मुकाबला 2024-2025 का स्थानीय एवलन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,आईडीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में डिप्टी डीईओ सेकेंडरी अमनदीप कुमार और नोडल अधिकारी लेक्चरार कौशल कुमार की देखरेख में करवाएगए। इसमें 60 स्कूलों के 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ट्रेडिशनल स्टोरी टेलिंग में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बाल) सुजानपुर ने पहला, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल घियाला ने दूसरा और सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल है तीसरा स्थान हासिल किया।

**संबोधन** पर्यटन यात्रा एवं प्रबंधन स्कूल पर्यटन सप्ताह के उद्घाटन पर बोले प्रो. बंसल

## युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएगी सीयू

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि जल्द ही केंद्रीय विश्वविद्यालय ऐसे 10 ग्रामों को गोद लेगा, जिसमें प्रत्येक गांव से 10 युवाओं को पर्यटन के साथ जोड़ने के लिए जागरूक किया जाएगा और उनका रोजगार और स्वरोजगार से संबंधित प्रशिक्षण केंद्रीय विश्वविद्यालय देगा और इसके लिए तीन से 6 माह की अवधि में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स शुरू किया जाएगा। इसका पूरा क्रियान्वयन केंद्रीय विश्वविद्यालय का पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल करेगा और लगभग 3 महीने में 100 युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार दिया जाएगा। वे हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबधन स्कूल के पर्यटन सप्ताह के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले स्कूल के छात्रों, शोधार्थियों और शिक्षकों ने मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कुलपति ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय का पर्यटन यात्रा एवं प्रबंधन स्कूल पर्यटन सप्ताह का आयोजन कर रहा है जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए समस्त स्कूल बधाई का पात्र है। गत दिन सीयू के पर्यटन विभाग के विद्यार्थी गरली प्रागपुर पंचायत के विभिन्न गांव में गए और वहां की ग्राम पंचायत के साथ मिलकर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार के दौरान पर्यटन व रोजगार से जुड़ी जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के साथ साझा की गई। उद्घाटन समारोह में तिब्बत सरकार की रक्षा मंत्री ग्यारी डोलमा विशिष्ट अतिथि की भूमिका में रही उन्होंने पर्यटन और बुद्ध सर्किट से जुड़ी तमाम जानकारियां विद्यार्थियों के साथ साझा की।

## 25वीं स्टेट लेवल स्पोर्ट्स एंड ड्यूटी मीट 29 से होगी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला मुख्यालय धर्मशाला में 25वीं स्टेट लेवल हिमाचल प्रदेश स्पोर्ट्स एंड ड्यूटी मीट का आयोजन 29 सितंबर से 1 अक्तूबर तक किया जा रहा है। मीट में वाइल्ड लाइफ विंग, प्रदेश के 10 वन सर्कल और हिमाचल प्रदेश फॉरेस्ट कारपोरेशन की 13 टीमें भाग लेंगी। सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक और इंडोर स्टेडियम में आयोहित होने वाली स्पोर्ट्स मीट में एथलेक्टिस, बैडमिंटन, वालीबॉल, कबड्डी, रस्साकशी, शतरंज के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल रहेंगे। सीसीएफ वन विभाग धर्मशाला ई. विक्रम ने जानकारी डेट हुए बताया कि इस दौरान वालीबॉल, कबड्डी, बास्केटबाल और फुटबॉल गेम्स भी आयोजित की जाएंगी। यही नहीं इस बार स्पोर्ट्स मीट में महिला कर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उनके लिए वालीबॉल, कबड्डी, बास्केटबाल और रस्साकशी गेम सहित ट्रैकिंग भी शामिल की गई हैं। महिला व पुरुष वर्ग की मिनी मैराथन का आयोजन भी किया जाएगा। दोनों की कैटागिरी के टॉफ थ्री फिनिशर्स को कैश प्राइज और सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। इसके अलावा जो प्रतिभागी 2 घंटे में रेस पूरी करेंगे उन्हें फिनिशिर्स सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कैंप में पौष्टिक आहार के फायदे बताए




**अनंत ज्ञान, बड़सर।** कैंप में मुख्यातिथि सुपरवाइजर आशा देवी ने पोषण आहार तथा पोषण की पौष्टिकता के बारे में बताया कि बच्चों, किशोरियों एवं गर्भवती धात्री महिलाओं के खून की समय रहते जांच करवानी चाहिए। इससे गर्भवती धात्री के पेट में पल रहे शिशु की ग्रोथ कैसी हो रही है, का पता लगना शुरू हो जाता है। बच्चों तथा किशोरियों का गर्भवती महिलाओं के भोजन में पौष्टिक आहार का होना अति आवश्यक है। आंगनबाड़ी केंद्र धंगोटा में पोषण अभियान के तहत अमीनिया कैंप का आयोजन किया गया। इसमें आईसीडीएस एएनएम सुषमा देवी, सीएचओ प्रियंका शर्मा, आशा वर्कर आंगनबाड़ी वर्कर उपस्थित रही।

### विशेष समुदाय के पंजीकरण को पुलिस ने कसा शिकंजा



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत भोरंज पुलिस थाना ने प्रवासियों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों के साथ जगह-जगह प्रवासियों सहित विशेष समुदाय के लोगों के कागजात इत्यादि की जांच कर रही है। बिना पंजीकरण करवाए प्रवासियों को पंजीकरण के लिए थाने भेज रहे हैं, साथ ही पुलिस ने सभी उन लोगों को निर्देश जारी किए हैं, जिन्होंने प्रवासियों को किराये पर रखा है। पुलिस ने सभी को पंजीकरण करवाने को कहा है। अगर कोई व्यक्ति ऐसा नहीं करता है तो उसके उपर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस के इस अभियान के बीच कुछ लोग प्रवासियों की जांच पड़ताल भी स्वयं कर रहे हैं। इसके साथ ही इनके मोबाइल की भी जांच कर रहे हैं। वहीं, सोमवार को भोरंज पुलिस थाने में अप्रवासियों के पंजीकरण के लिए लंबी लाइन लग हुई देखी गई। उधर, पुलिस थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने कहा कि सभी क्षेत्र के प्रवासी श्रमिकों को भोरंज पुलिस स्टेशन, जाहू व अवाहदेवी पुलिस चौकी में पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उन्होंने मकान मालिकों को किरायेदार विशेष कर प्रवासी का पंजीकरण करवाने को कहा है, साथ ही ठेकेदार को प्रवासियों का पंजीकरण सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं।

### टौणी देवी स्कूल की छात्राएं ताइक्वांडो में बनी चैंपियन




**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी की बेटियों ने एक बार फिर खेल के मैदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर ताइक्वांडो और बास्केटबाल में उत्कृष्टता का परचम लहराया है। ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लड़कियों ने 4 गोल्ड, 5 सिल्वर और 2 कांस्य पदक जीतकर लगातार तीसरे वर्ष भी जिला स्तरीय चैंपियनशिप पर अपना कब्जा बरकरार रखा। बास्केटबाल में भी स्कूल की बेटियों ने अपना दबदबा कायम रखा और प्रथम स्थान प्राप्त किया। शगुन, रिया, अंकिता और अलीशा ने अपनी उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर जिला का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हुई हैं। विजेता छात्राओं ने माता टौणी देवी का आशीर्वाद लिया जबकि पूरे बाजार के साथ साथ स्कूल पहुंचने पर उनका ढोल नगाड़ों एवं फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने इसका सारा श्रेय दोनों कोच संजय कुमार और सतीश राणा को दिया। उन्होंने कहा कि जब माता-पिता अपने बच्चों को खेलों में प्रोत्साहित करते हैं, तो ऐसे शानदार परिणाम मिलते हैं। इस कार्यक्रम में पाठशाला प्रबंधन समिति के प्रधान रमन मल्कानिया, पूर्व प्रधान संजय चैहान, संजीव ठाकुर और बास्केटबाल विजेता खिलाड़ी पायल, नितिका, अंशिका, दीपिका , आरुषि, अक्षरा, पूनम और समीक्षा सहित कई अध्यापक भी उपस्थित रहे।

### छात्रों ने सीखे एनसीसी बेसिक लीडरशिप के कौशल




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर के एनसीसी ऑफिसर डॉ. दीक्षा ने बताया कि मलोट पंजाब में एनसीसी अकादमी मे एनसीसी बेसिक लीडरशिप कैंप का आयोजन किया गया था। इसमें करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के 5 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस बेसिक लीडरशिप कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और टीम वर्क के महत्व को विकसित करना था। एनसीसी अधिकारी ने बातया कि कैंप विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए बेहद सहायक साबित होगा, क्योंकि उसमें उन्हें अनेक तरह का प्रशिक्षण हासिल करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपना व्यक्तिगत विकास कर पाएंगे व जीवन में आगे बढ़ने के साथ राष्ट्र की सेवा करने की की प्रेरणा मिलेगी। राष्ट्रीय कैडेट कोर के बेसिक लीडरशिप कोर्स (बीएलसी) में कैडेट्स को नेतृत्व कौशल सिखाए जाते हैं। इन कैंपों में कैडेट्स को लीडरशिप क्वालिटी, कॉन्फिडेंस बिल्डिंग और दूसरों को मोटिवेट करने का तरीका सिखाया जाता है। इन कैंपों में कैडेट्स को लीडरशिप के लिए तैयार किया जाता है और उन्हें मैनेजमेंट का प्रशिक्षण भी दिया जाता है, जिसके तहत छात्रों को विभिन्न चुनौतियों के माध्यम से नेतृत्व कौशल, निर्णय लेने की क्षमता और सामूहिक जिम्मेदारी का महत्व सिखाया गया।

### नवनियुक्त जेबीटी प्रशिक्षुओं को दिया प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** जिले के गौना करोर स्थित डाइट संस्थान में आयोजित जेबीटी प्रशिक्षुओं की कार्यशाला के आठवें दिन का शुभारंभ प्रार्थना एवं पुनरावृत्ति के साथ किया गया। प्रथम सत्र में कक्षा 4 के लिए हिंदी विषय में वर्णमाला व मात्राओं, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, काल, वचन, लिंग, क्रिया, पर्यायवाची, विलोम शब्द, प्रार्थना पत्र व निबंध आदि पर गतिविधि आधारित विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें प्रशिक्षुओं ने अपने विचार साझा किए। दूसरे सत्र में कक्षा 4 के लिए प्रशिक्षुओं को गणित, हिंदी-अंग्रेजी विषय को पढ़ाने के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री व खिलौना आधारित शिक्षण पद्धति व स्वदेशी खिलौना आधारित शिक्षा पद्धति के महत्व के बारे में बताया गया। तीसरे सत्र में पर्यावरण विज्ञान में पौधों, जानवर, परिवार, भोजन, जल आदि के बारे चर्चा की। चौथे सत्र में स्कूल प्रबंधन समिति, स्कूल विकास योजना जो स्कूल को सुधारने संबंधित बदलावों को तय करती है तथा स्कूल सुरक्षा के दिशा-निर्देशों के बारे में बताया गया। जिला परियोजना अधिकारी मदन लाल वनयाल ने प्रशिक्षुओं को प्रत्येक विषय में गतिविधियों के माध्यम से स्कूल में बच्चों को सीखाने पर बल दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षक प्रशिक्षण प्रभारी भवानी सिंह, नेक मोहम्मद, सरोज कुमारी, सुनील कुमार, विरेंद्र कुमार एवं स्रोत व्यक्ति अनिल कुमार, विजय कुमार तथा प्रथम से मीना शर्मा उपस्थित रहे।

# लेबर कोड को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ मजदूरों ने किया विरोध-प्रदर्शन

## मजदूरों का किया जा रहा शोषण, कार्पोरेट घरानों पर लुटाया जा रहा पैसा : डॉ. कश्मीर

**अनंत ज्ञान, नादौन**

धौलासिद्ध हाइडल प्रोजेक्ट के मजदूरों ने सीटू के बैनर तले मोदी सरकार द्वारा बनाए चार लेबर कोड के विरोध में प्रदर्शन किया तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धौलासिद्ध में मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की व गेट मीटिंग कर विरोध-प्रदर्शन किया।



लेबर कोड कानून को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते मजदूर।

मजदूरों को सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर, जिला सचिव जोगिंद्र कुमार, रंजन शर्मा, संतोष कुमार, नवीन कुमार ने संबोधित किया। सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से मोदी ने सत्ता संभाली है, तब से देश के पांच कार्पोरेट घरानों पर ही देश की बेशकीमती संपत्तियों राष्ट्रीय उच्च मार्गों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, बैंक, बीमा आदि सब कुछ लुटाया जा रहा है, जो जनता के खून पसीने से निर्मित है। देश के प्राकृतिक संसाधनों जल, जंगल, जमीन, खनिज आदि इन कंपनियों के हवाले लुटाने के लिए किया जा रहा है, जबकि देशवासियों पर तरह-तरह के टैक्स ठोक कर लूटा जा रहा है।

मोदी सरकार ने देश के मूलभूत ढांचे में ही परिवर्तन कर दिए हैं। संविधान संस्थाओं को मिट्टी में मिला दिया है और तानाशाही की तरह व्यवहार किया जा रहा है। मजदूरों के लिए बनाए सभी श्रम कानून खत्म कर दिए हैं व उनकी जगह चार नए लेबर कोड बनाए हैं, जो मजदूरों को बंधुआ मजदूरी और गुलामी की तरफ ले जाने का ही रास्ता साफ करते हैं।

मोदी सरकार ने 2014 से आज तक बड़े कारपोरेट कंपनियों के 17 लाख करोड़ कर्ज माफ किए हैं और इसका बोझ देश की जनता के ऊपर डाला जा रहा है। देश में महंगाई तेजी के साथ बढ़ी है। देश में बेरोजगारी की दर अपने चरम पर है, परंतु मोदी सरकार ने सभी विभागों में रिक्त पड़े लाखों पदों को भरने की बजाए उन्हें समाप्त ही कर दिया गया है और अब जो भर्तियां की जा रही हैं, वे नियमित तौर पर न होकर आउटसोर्सिंग व ठेका प्रथा के तहत की जा रही हैं जिससे श्रमिकों का जमकर शोषण किया जा रहा है।

सीटू के जिलाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह ने कहा कि नौकरी की कोई सुरक्षा नहीं है और आए दिन मजदूरों को नौकरी से निकाल दिया जाता है, जिससे पूरे देश में युवाओं में हताशा का ही वातावरण बन रहा है। मोदी सरकार बेरोजगारों की फौज खड़ी करके बड़े कॉर्पोरेट घरानों को सस्ती से सस्ती लेबर मुहैया करवाने के ही काम में लगी है। मजदूरों को मासिक न्यूनतम वेतन 26000 रुपए प्रति महीने सुनिश्चित किया जाए।

# बिना लाइसेंस के तंबाकू उत्पाद बेच रहे दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**देर रात एक बजे कार्रवाई कर मामले की जांच की शुरू**

सदर थाना हमीरपुर एक टीम 23 सितंबर की मध्य रात्रि समय करीब 1 बजे निरीक्षक ललित महंत थाना प्रबंधक अधिकारी थाना सदर हमीरपुर के नेतृत्व में भोटा बाजार में गश्त कर रही थी। उसी समय भोटा बस स्टैंड के पास एक चाय की दुकान खुली थी जो रात समय एक बजे उपरोक्त दुकान में दुकान के मालिक का नाम व पता पूछा तो पूछने पर दुकान मालिक ने अपना नाम योगराज पुत्र बाबू राम गांव व डाकखाना भोटा तहसील बड़सर जिला हमीरपुर बताया।

इसने अपनी दुकान के काउंटर के ऊपर एक अदद ट्रे के अंदर खुले तंबाकू की पुड़िया जिनमें एसएस-1 की 176 पुड़ियां, जैडएल-1 की 72 पुड़ियां, एम-1 की 49 पुड़ियां, एक्स एल-1 की 63 पुड़ियां, वी-1 की 35 पुड़ियां, एसटी-5 की 70 पुड़ियां, डबल ब्लैक की 51 पुड़ियां व एसडी की 15 अदद पुड़ियां व साथ में खुली सिगरेट शूटर की डिब्बी में 10 सिगरेट, ब्लैक सिगरेट की डिब्बी में 17 सिगरेट, कैवेंडर सिगरेट की खुली डिब्बी में 6 सिगरेट, गोल्ड फ्लैक मीडियम की खुली डब्बी में 3 सिगरेट व गोल्ड फ्लैक लारज की डिब्बी में 7 खुली सिगरेट रखी हुई थी।

थाना प्रभारी ने दुकानदार से तंबाकू उत्पाद बेचने से संबंधित लाइसेंस मांगा तो दुकानदार लाइसेंस नहीं दिखा सका। थाना प्रभारी हमीरपुर ललित महंत ने बताया कि दुकानदार के खिलाफ बिना लाइसेंस के तंबाकू उत्पाद बेचने का मामला दर्ज किया गया है व आगे की कार्रवाई जारी है।

## बल्ह विहाल सहकारी सभा के प्रधान बने कृष्ण चौधरी

**एसके ठाकुर, बड़सर।** सोमवार को बल्ह बिहाल की सहकारी सभा में प्रधान, उपप्रधान व सदस्यों का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें कृष्णा चौधरी वोटिंग के माध्यम से प्रधान बने। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 69 मतों से हराकर प्रधान का पद अपने नाम किया। वह लगातार तीसरी बार बल्ह बिहाल सहकारी सभा के प्रधान बने।

## बजरंग दल पर बिना पूछे मंदिर तोड़ने का आरोप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर परिषद हमीरपुर के वार्ड नंबर 9 में मंदिर तोड़ने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। वार्ड नंबर 9 में बजरंग दल के सदस्यों व अन्य लोगों ने हमीरपुर के हथली खड्ड के पास दितु राम के नाम पर मंदिर बनाया था, उसे तोड़ दिया है। यहां पर शनि देव का मंदिर भी स्थित है। रविवार को बजरंग दल के सदस्यों ने इस मंदिर को तोड़ दिया।

इसकी शिकायत वार्ड नंबर 5 के गुरु दित्ता पुत्र जग्गा राम ने पुलिस थाना हमीरपुर में भी दर्ज करवाई है। गुरु दित्ता ने पार्षद को बताया कि उनके पिता के नाम पर बना लगभग 50 वर्ष पहले बना मंदिर बजरंग दल वालों ने तोड़ दिया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि शिकायत के आधार पर बजरंग दल के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया व इसकी मामले की जांच की जा रही है।

# सुक्खू सरकार सुविधाएं बंद करने वाली देश की इकलौती सरकार : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि सुक्खू सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है, जिसने प्रदेश में हर वर्ग की सुविधाएं बंद करने का रिकॉर्ड काम किया है और पौने दो साल में ही जनता के भरोसे को तार-तार कर दिया है।



राजेंद्र राणा ने कहा कि सत्ता संभालने के बाद सुक्खू सरकार ने सबसे पहले तो पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले गए संस्थान बंद कर दिए, फिर युवाओं के लिए नौकरियों के दरवाजे बंद कर दिए और जिन युवाओं ने नौकरियों के लिए साक्षात्कार दिए थे, उन साक्षात्कारों के नतीजे रोक दिए। सरकार ने कर्मचारियों के एरियर और महंगाई भत्ते के भुगतान बंद कर दिए। राज्य परिवहन निगम की बसों में जिन्हें निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलती थी, वह भी बंद कर दी। पूर्व भाजपा सरकार द्वारा दी गई बिजली फ्री की सुविधा के साथ-साथ निशुल्क पेयजल सुविधा बंद कर दी। चुनावों से पहले महिलाओं को 1500 रुपए भत्ता देने का जो लॉलीपॉप दिया गया था, वह भी फाइलों में बंद कर दिया। 10 गारंटियां जब जनता को दी गई थीं, वे डस्टबिन में बंद कर दीं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सुक्खू सरकार ने एक के बाद एक सुविधाएं बंद की हैं, उससे देश के अन्य राज्यों में भी लोग कांग्रेस की गारंटियों को झूठ का पुलिंदा समझने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में अभी चुनाव चल रहे हैं और जहां हिमाचल के तर्ज पर कांग्रेस गारंटियों का ऐलान कर रही है, वहां पर जब हिमाचल की झूठी गारंटियों पर सवाल उठ रहे हैं। तो कांग्रेस नेताओं की सिट्टी पिट्टी भी गुम हो रही है। राणा ने कहा कि ऐसी चर्चा भी है कि हिमाचल के मुख्यमंत्री को हाईकमान ने चुनावी राज्यों में प्रचार पर इसलिए जाने से रोक दिया है, ताकि कहीं हिमाचल की झूठी गारंटियां कांग्रेस के गले की फांस न बन जाएं, इसलिए मुख्यमंत्री को यह प्रचारित करना पड़ रहा है कि वह तबीयत ठीक न होने की वजह से चुनाव प्रचार पर नहीं जा पाए। शायद कांग्रेस आलाकमान सुक्खू को आगे करके चुनावी राज्यों में कांग्रेस की फजीहत नहीं करवाना चाहती।

राजेंद्र राणा ने कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश की पहली ऐसी सरकार बन गई है, जो कर्मचारियों की सुविधाएं भी रोक रही है और उनका उत्पीड़न भी कर रही है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि तानाशाहों को जनता ने ज्यादा देर बर्दाश्त नहीं किया है और जन आक्रोश ने उनके ताज और तख्त धूल में मिला दिए हैं।

## कांग्रेस सरकार की पेयजल और राशन की कीमतों में बढ़ोतरी से जनता परेशान : इंद्रदत्त



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने हाल ही में पेयजल और राशन की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि कर प्रदेश की जनता पर एक और आर्थिक संकट का बोझ डाल दिया है। भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कांग्रेस सरकार की नीतियों की कठोर आलोचना करते हुए इसे जनता विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने यह साबित कर दिया है कि जनता की समस्याओं से उसे कोई सरोकार नहीं है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार अब रोजमर्रा के खर्चों के तले दबते जा रहे हैं, जबकि सरकार अपनी तिजोरियां भरने में व्यस्त है। विधायक लखनपाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पानी जैसी बुनियादी जरूरत पर 300 प्रतिशत तक की कीमतें बढ़ा दी हैं, जो सीधे तौर पर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर हमला है। ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 100 रुपए मासिक शुल्क और शहरी इलाकों में भारी वृद्धि इस बात की गवाही देती है कि सरकार को आम जनता की समस्याओं की कोई फिक्र नहीं है। सरकार ने तो जनता को पीने का पानी भी महंगा कर दिया है। लखनपाल ने डिपो में उपलब्ध राशन की कीमतों में भी वृद्धि की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि आटा, चावल, चीनी और तेल जैसी बुनियादी वस्तुएं अब गरीब की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। प्रदेश की जनता अब चुप नहीं बैठेगी, हर वर्ग अपनी आवाज उठाएगा और कांग्रेस सरकार के फैसलों का विरोध करेगा। लखनपाल ने चेतावनी देते हुए कहा सरकार होश में आए नहीं तो जनता फिर सरकार का घेराव करेगी।

# मिल्क चिलिंग प्लांट जलाड़ी को दो साल बाद मिला जरनेटर

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

नादौन के मिल्क चिलिंग प्लांट जलाड़ी में लगभग दो वर्ष पहले यहां से विभाग द्वारा उठाया गया जरनेटर दोबारा स्थापित कर दिया गया हैं।

जरनेटर विभाग द्वारा यह कह कर उठा लिया गया था कि केंद्र में अतिशीघ्र नया जरनेटर स्थापित किया जाएगा, लेकिन लगभग दो वर्ष बीते जाने के बाद नया जरनेटर स्थापित नहीं किया गया। इसके चलते जलाड़ी में फोरलेन सड़क के कार्य के प्रगति में होने पर यहां आए दिन बिजली के कट लगने के कारण केंद्र का कार्य देख रहे कर्मचारी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। यही नहीं किसानों से एकत्रित किए गए दूध को बिजली के कट लगने के कारण केंद्र में जरनेटर की सुविधा न होने की बजह से उसे चीलिंग मशीन में चिल्ड करने में भी बड़ी परेशानी होती थी एवं दूध के खराब होने के कारण उसकी भरपाई केंद्र के कर्मचारी को ही करनी पड़ती थी।


दुग्ध अभीशीतन केंद्र में जरनेटर न होने से दूध को चिल्ड करने में हो रही परेशानी
वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा
उपमंडल नादौन के गगाल में स्थित दुग्ध अभीशीतन केंद्र गगाल जहां वर्तमान समय में कर्मचारियों की कमी के अभाव से जूझ रहा है वहीं इस केंद्र में वर्तमान समय में पशु पालकों से एकत्रित किए गए




अनंत ज्ञान में प्रकाशित समाचार, (दाएं) दुग्ध अभीशीतन केंद्र जलाड़ी में स्थापित किया गया जरनेटर।

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

गत दिवस अनंत ज्ञान द्वारा केंद्र का विशेष विजिट करने पर केंद्र में जरनेटर की समस्या का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इसके चलते विभाग ने केंद्र में नया जरनेटर स्थापित कर दिया है। गौर है मिल्क चिलिंग प्लांट जलाड़ी वर्तमान समय में कर्मचारियों की समस्या से भी बहुत जूझ रहा है। केंद्र में वर्तमान समय में कुल पांच में से 4 पद खाली पड़े हैं। केंद्र वर्तमान समय में एक 75 प्रतिशत दिव्यांग कर्मचारी के सहारे अकेले कार्य कर रहा है। उक्त कर्मचारी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। अत: कर्मचारियों की समस्या से जूझ रहे इस केंद्र की इस समस्या पर संबंधित विभाग एवं मुख्यमंत्री सुक्खू क़ो अवश्य चिंतन करना चाहिए ताकि यह केंद्र सुचारु रूप से कार्य कर सके। (अनंत ज्ञान)

## स्वच्छ रहेगा घर, नगर व पंचायत तभी तो स्वस्थ रहेगा इंसान : उषा बिरला



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत दड़ूही में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया जिसमें ग्राम पंचायत दड़ूही के सभी सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई की गई। इसमें ग्राम पंचायत प्रधान उषा बिरला, उपप्रधान दलजीत कुमार, वार्ड सदस्य रघुवीर, आशा देवी, सिलाई अध्यापिका शारदा, सचिव अशोक राज व आंगनबाड़ी के सभी कार्यकर्ता ने मिलकर इस स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उषा बिरला ने कहा कि हमें अपने आसपास चाहे घर हो, नगर हो या पंचायत, सभी जगह की सफाई करनी चाहिए ताकि हम खुद को और बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सके। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता शपथ के साथ जागरूक मानव श्रृंखला भी बनाई।

## जन सुधार संस्था की बैठक में चार जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता दी



**नादौन।** जन सुधार संस्था कोहला की बैठक संस्था के कोषाध्यक्ष गुलवंत सिंह अध्यक्षता में कोहला गांव में संपन्न हुई। इसमें रवि कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की । बैठक में संस्था की गतिविधियों बारे चर्चा की गई । बैठक में संस्था के सह सचिव का चुनाव किया गया, जिसमें सुमन कौंडल को जन सुधार संस्था का सह सचिव चुना गया। सुषमा, पूनम, सुनील, कोमल व महक को पेंशन वितरित की गई। बैठक में संस्था के अध्यक्ष राजीव कुमार, रवि कुमार, जगदीश चंद, गुलवंत सिंह, विक्रमजीत, हुकम चंद, सुभाष चंद, रूप लाल, चतुर सिंह, धर्म राज, तिलक राज, सुभाष सिंह, भूपेंद्र सिंह, सुनील कुमार, संदीप कुमार, ओम प्रकाश डोगरा ,देवेंद्र सिंह, संजीव कुमार, चमन लाल, त्रिलोक चंद, कोशल्या देवी, सुमन कौंडल, चित्रा देवी, सुदेश कुमारी, सरोज कुमारी, परवीन कुमारी, पूनम कुमारी, सुषमा, सुनील कुमार ने हिस्सा लिया।

## अवैध कब्जा करने को लेकर तोड़फोड़, मामला दर्ज

**सुजानपुर।** थाना सुजानपुर के तहत फेमिदा बेगम पत्नी स्व. सफीक अहमद निवासी वार्ड नंबर 9 सुजानपुर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उनकी जमीन टीहरा रोड पर हनुमान मंदिर के सामने है, जिसमें इनका पिछले लगभग 35 सालों से कब्जा है। इस जमीन पर इनके नाम का बिजली मीटर व रुई पिंजने की मशीन भी लगी हुई है। उन्होंने बताया कि विरेंद्र ठाकुर, मनोज ठाकुर और अन्य बहुत सारे इनके साथी शिकायतकर्ता की जमीन पर तोड़फोड़ और अवैध कब्जा कर रहे हैं। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर दिया है व छानबीन की जा रही है।

## भोरंज पुलिस ने टैक्सी चालकों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान , भरेड़ी**

भोरंज पुलिस थाने में टैक्सी चालकों को थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने जागरूक किया तथा उन्हें पुलिस स्टेशन भोरंज में मादक पदार्थ तस्करी गतिविधियों की पहचान करने और रिपोर्ट करने के बारे में जागरूक किया गया।

भोरंज पुलिस ने हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा नशीली दवाओं पर शुरू किए गए नशा मुक्त हिमाचल मोबाइल ऐप के बारे में भी जागरूक किया गया। इस मौके पर भोरंज के सभी टैक्सी चालकों ने भाग लिया।



टैक्सी चालकों के साथ भोरंज पुलिस के थाना प्रभारी निर्मल सिंह।

**जानकारी** शिक्षकों, पंचायत जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी की जाएगी सुनिश्चित

# नशे के खात्मे के लिए चार स्तरीय रणनीति पर कार्य करेगी पुलिस : एसपी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिले के सीनियर सेकेंडरी और हाई स्कूलों के प्रमुखों और अन्य अधिकारियों को गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस यानि जीईएम (जेम) पोर्टल की कार्यप्रणाली और इसके माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों एवं उपक्रमों द्वारा सामान की खरीद की प्रक्रिया से अवगत करवाने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने सोमवार को यहां शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में एक कार्यशाला आयोजित की।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में एसपी भगत सिंह ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने जिले में नशे की समस्या के उन्मूलन, रैगिंग, पोक्सो एक्ट और युवाओं से संबंधित अन्य ज्वलंत मुद्दों पर स्कूल प्रमुखों के साथ व्यापक चर्चा की।



कार्यक्रम में एसपी को सम्मानित करते गणमान्य।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में एसपी भगत सिंह ने कहा कि हमीरपुर जिले में नशे की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है और युवा पीढ़ी इसके जाल में फंस रही है। एसपी ने बताया कि इसके खात्मे के लिए जिला पुलिस चार स्तरीय रणनीति पर कार्य करेगी।

इसमें शिक्षकों, पंचायत जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। एसपी ने कहा कि पुलिस की इस रणनीति के क्रियान्वयन में शिक्षकों की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक सभी बच्चों के साथ लगातार संवाद करते रहते हैं तथा उन्हें अपने हर विद्यार्थी की पूरी जानकारी रहती है। नशे के उन्मूलन के लिए शिक्षकों और अभिभावकों सहित प्रत्येक नागरिक को आगे आना चाहिए।

प्रदेश सरकार ने हिमाचल को नशामुक्त बनाने के लिए एक नीति भी अधिसूचित की है, जिस पर तेजी से कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिमाचल पुलिस ने ड्रग फ्री हिमाचल ऐप लांच किया है। इस ऐप पर शिकायत करने वाले का नाम व अन्य सभी जानकारियां गोपनीय रखी जाती हैं। एसपी ने इस ऐप पर नशे के सौदागर की शिकायत करने की अपील भी की।

## जेम पोर्टल की कार्यप्रणाली सिखाई

इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने एसपी, अन्य अधिकारियों तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से जेम पोर्टल की कार्यप्रणाली को गंभीरता एवं गहराई के साथ समझने की अपील की। उन्होंने कहा कि संस्थान के स्तर पर होने वाले सभी तरह के सामान की खरीद इसी पोर्टल के माध्यम से की जानी चाहिए। उन्होंने स्कूल प्रमुखों से नशे की समस्या के उन्मूलन में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन धीरज कुमार और रवि कुमार ने स्कूल प्रधानाचार्यों, अधीक्षकों और अन्य अधिकारियों को जेम पोर्टल की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि विभिन्न सरकारी विभागों, संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों में सामान्य उपयोग के सामान और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए जेम एक बहुत ही अच्छा माध्यम है। इससे सरकारी खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और तत्परता सुनिश्चित होती है तथा संबंधित विभागों, संस्थानों या सार्वजनिक उपक्रमों के लिए भी यह पोर्टल बहुत ही सुविधाजनक साबित हो रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### जनता का सम्मान सर्वोपरि : थाना प्रभारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आम जनता के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में सोमवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रोटरी क्लब के सम्मानित सदस्यों और प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लिया। बैठक का उद्देश्य पुलिस और समाज के बीच आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देना था। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने की। वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर ने कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली को आम जनता के हितों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने हाल ही में जोगिंद्रनगर बाजार में एक सम्मानित व्यक्ति के साथ हुई घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे समाज में सि य बुजुर्ग नागरिकों को आघात पहुंचा है। रोटरी के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल ने भी सीमित संसाधनों में रोटरी और अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यों की सराहना की और पुलिस के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। बैठक में मौजूद अन्य नागरिकों और रोटरी क्लब के सदस्यों ने भी पुलिस के साथ मिलकर समाज को बेहतर बनाने पर अपने विचार साझा किए।

### हटगढ़ में अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**आदर्श यादव, नेरचौक।** नाचन विधानसभा की आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में अंडर-19 छात्राओं की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सोमवार से शुरू हो गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर को ऑपरेटिव बैंक के निदेशक लाल सिंह कौशल विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में मंडी जिला के 18 जोन की करीब 450 खिलाड़ी छात्राएं भाग ले रही हैं। मुख्य अतिथि उपायुक्त मंडी का स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर आयोजन समिति द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मार्च पास्ट की सलामी दी गई जिसमें बल्ह जोन ने प्रथम स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन को स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य रमेश चंद कौशल व स्थानीय पाठशाला की ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश यादव व सभी सदस्यों ने टोपी शाल व समृद्धि चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### विशंभर ठाकुर बने पटवार-कानूनगो के मुखिया



**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पटवार एवं कानूनगो महासंघ का चुनाव रोशन लाल सदर कानूनगो की अध्यक्षता में बल्ह में संपन्न हुए। जिसमें भूवरवि नेगी प्रेस सचिव प्रांतीय कार्यकारिणी ने चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर उपस्थित रहे। अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार पूर्व प्रधान दीनानाथ शर्मा हुआ विशंभर ठाकुर के बीच संवैधानिक चुनाव प्रक्रिया के अनुरूप वोटिंग हुई, जिसमें विशंभर ठाकुर को 48 मत व दीनानाथ शर्मा को 36 वोट पड़े। नव निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा सर्व सहमति से होशियार सिंह ठाकुर को महासचिव, अमरजीत सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया। कार्यकारिणी का विस्तार अध्यक्ष द्वारा सर्व सहमति से बाद में दिया जाएगा।

### स्विमिंग टूर्नामेंट में क्लस्टर-दो ओवरऑल विजेता



**अनंत ज्ञान, मंडी।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में राज्यस्तरीय डीएवी स्पोर्ट्स वॉलीबॉल व स्विमिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। डीएवी स्पोर्ट्स हिमाचल प्रदेश के स्टेट कोऑर्डिनेटर व सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी एच.पी. जोन-सी केएस गुलेरिया ने बताया कि यह टूर्नामेंट 21, 22 व 23 सितंबर तक चला। इन तीन दिनों में 21 सितंबर को स्विमिंग टूर्नामेंट आयोजित किया गया और 22 तथा 23 सितंबर को वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल टूर्नामेंट पड्डल मैदान में खेला गया। इस टूर्नामेंट में डीएवी के सात क्लस्टरों ने भाग लिया, जिसमें अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बॉयज एंड गर्ल्स के लगभग 420 प्रतिभागी खिलाड़ी मौजूद रहे। टूर्नामेंट में डॉ. वीके यादव सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी एचपी जोन-डी ने मुख्यातिथि के रूप में तथा डॉ. विक्रम सिंह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी एचपी जोन-बी ने विशेष अतिथि के रूप में तथा टूर्नामेंट के समापन में एचएस राणा कमिश्नर नगर निगम मंडी ने मुख्यातिथि के रूप में तथा नमित शर्मा सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी एचपी जोन-ई ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

### जोगिंद्रनगर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एसडीएम मनीष चौधरी के नेतृत्व में खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने जोगिंद्रनगर शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। टीम ने 21 दुकानों की जांच की, जिसमें 5 दुकानों से 1 किलो 425 ग्राम अवैध प्लास्टिक बैग जब्त किए गए। इस कार्रवाई के दौरान 5,500 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।

### हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी परिसर का निरीक्षण

**मंडी।** विकास के नाम पर बार बार उजाड़ी जा रही हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी के संग्रह को अब बचाए रखना संभव नहीं लग रहा है, क्योंकि इस विशाल संग्रह के लिए आलय बनाना अब नाको चने चबाने जैसा है। गैलरी के संस्थापक बीरबल शर्मा ने बीते दिनों प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री जो भाषा एवं संस्कृति विभाग का जिम्मा भी संभाले हुए हैं से मिल कर एक ज्ञापन उन्हें पुरातत्व चेतना संघ की ओर से दिया था। उपमुख्यमंत्री ने इसे लेकर गंभीरता दिखाई थी और उसी के मद्देनजर सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर की अगुवाई में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया, शिक्षा विभाग के उपनिदेशक कार्यालय के अधिकारी, एनएचएआई के अधिकारी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के मौजूदगी में गैलरी परिसर का भ्रमण किया।

#### खैरी समलेउ मेले में पहलवान दिखा रहे अपना दमखम

# खैरी का जातर छिंज मेला यहां की शान

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हिमाचल प्रदेश अपनी पौराणिक लोक संस्कृति और रीति रिवाज को लेकर यहां के जातर छिंज मेले यहां की शान हैं। जिला चंबा के खैरी में हर वर्ष जातर छिंज मेले का आयोजन होता आ रहा है। इसके तहत रविवार को जातर छिंज मेले का शुभारंभ किया गया जिसमें छिंज मेला कमेटी खैरी की ओर से काली माता मंदिर तक शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

वहीं विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत मेले का शुभारंभ किया गया। यह मेला समलेउ मैदान में आयोजित किया जाता है। तीन दिवसीय इस आयोजन में जहां सांस्कृतिक संध्या में दूर-दूर से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के साथ लोगों का मनोरंजन करते हैं तो वहीं सोमवार बाद दोपहर महा दंगल का आयोजन किया गया जहां दूर-दूर से आए हुए पहलवानों ने अपना दम हम दिखाए। वहीं आज इस तीन दिवसीय मेले का समापन हो जाएगा। बता दें इस मेले की समाप्ति के बाद क्षेत्र में अगले वर्ष बैसाखी के महीने में फसल कटाई के साथ ही मेलों का शुभारंभ हो जाता है। (अनंत ज्ञान)





मेले में जोर अजमाइस करते पहलवान व नीचे मुख्य गणमान्य।

## हर्ष महाजन के चंबा प्रवास के दौरान भाजपा में नई ऊर्जा का संचार

**ओपी शर्मा, चंबा ।** राज्य सभा सांसद हर्ष महाजन के चंबा प्रवास के दौरान चंबा भाजपा में एक नहीं ऊर्जा का संचार हुआ है। जिससे कांग्रेसी खेमे में खामोशी छा गई है। बता दें कि हर्ष महाजन के चंबा प्रवास के दौरान भाजपा नेता जय सिंह ने बीते दिनों जिला मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता कर सदर विधायक पर जुबानी हमला कर उनकी कार्यशैली को आईना दिखाया था। उन्होंने अपनी वार्ता में सदर विधायक एवं प्रदेश सरकार पर साफ तौर पे चंबा की भोली भाली जनता को ठगने और मूर्ख बनाने का आरोप लगाया था।

उन्होंने कहा था सदर विधायक बाज आए वरना चंबा की जनता उन्हें इसका जवाब जरूर देगी। यह सारा मामला सदर विधायक के सोशल हैंडल पर विद्युत विभाग में चल रहे कार्यों को लेकर अपनी पीठ कब तक आई थी किंतु जब इन कार्यों पर वकील जय सिंह ने आरटीआई के माध्यम से बीते समय के कामों को लेकर सरकार से जवाब मांगा तो दूध का दूध पानी का पानी हो गया जिसमें मौजूदा विधायक की कार्यों को लेकर पोल खुल गई, जो कार्य विधायक बता रहे थे वह कार्य एससीडीपी के तहत करवाई गए थे ।

## बग्गा से भरमौर तक सड़क मार्ग 38 करोड़ से होगा चकाचक



फाइल फोटो।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर बग्गा से भरमौर तक चकाचक होगा। इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण पर करीब 38 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जाएगी। नेशनल हाईवे प्राधिकरण की ओर से टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

एक सप्ताह के भीतर यह कार्य अवार्ड भी हो जाएगा। संबंधित कार्य एजेंसी कार्य अवार्ड होने के बाद मार्ग के सुदृढ़ीकरण का कार्य शुरू करेगी। नेशनल हाईवे प्रबंधन की ओर से इस मार्ग को चकाचक करने के लिए एक साल का लक्ष्य रखा गया है। आगामी मणिमहेश यात्रा तक इस मार्ग को दुरुस्त कर दिया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न पेश आए। इस मार्ग के दुरुस्त होने से क्षेत्र की करीब एक 70 पंचायतों की आबादी को भी फायदा मिलेगा।

जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे प्राधिकरण ने कुछ माह पहले इस भाग की मरम्मत के लिए प्रस्ताव सरकार को भेजा था। सरकार ने प्रस्ताव को स्वीकृति दी और इसके बाद प्राधिकरण की ओर से टेंडर प्रक्रिया पूरी की।

टेंडर प्रक्रिया होने के बाद अब प्राधिकरण कार्य अवार्ड करने जा रहा है। बहरहाल, आगामी एक साल में यह मार्ग चकाचक होगा। गौरतलब है कि सरकार की ओर से पठानकोट से भरमौर नेशनल हाईवे का दर्जा दिया है। मार्ग पर जगह जगह कार्य किया जा रहा है। इस राशि से मार्ग पर ढलान वाले क्षेत्र को दुरुस्त किया जाएगा। साथ ही मार्ग को पक्का किया जाएगा। इसके अलावा क्षतिग्रस्त जगहों पर डंगे लगाए जाएंगे। पिछले कई समय से कार्यवाहक नेशनल हाईवे प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता मीत कुमार ने बताया कि 38 करोड़ रुपए की राशि से बग्गा से लेकर भरमोर तक सड़क के सुधरीकरण के लिए खर्च की जाएगी।

## तीसा-2 पंचायत में 13 दिन बाद हुआ उजाला

**अनंत ज्ञान, तीसा**

चुराह उपमंडल की तीसा-2 पंचायत के दो गांवों में 13 दिन बाद उजाला हुआ। बिजली बोर्ड ने नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया है। इसके चलते दो गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है। इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब दो सप्ताह पहले गांव में ट्रांसफार्मर जल गया था। इससे उन्हें अंधेरे में रातें काटनी पड़ रही थीं।

बताया कि इस बारे में बोर्ड को कई बार अवगत करवाया, मगर ट्रांसफार्मर न होने के कारण बोर्ड ने भी असमर्थता जताई। बहरहाल, लोगों को बिजली के बिना रातें काटने के लिए मजबूर होना पड़ा। ग्रामीणों में राकेश कुमार, अमित कुमार, सुरेंद्र सिंह, देविया राम, राज कुमार, रोशन लाल, अंकित कुमार, सुमन सिंह और देवी चंद ने कहा कि बोर्ड ने 13 दिन बाद ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया है। बताया कि बिजली न होने के कारण मेकेनिकों के काम ठप रहा।

दुकानदारों को भी काफी परेशानी हुई। कहा कि बिजली बोर्ड बिल तो समय पर जारी कर देता है, लेकिन बिजली संबंधित समस्याओं का समाधान करने के लिए काफी समय लगाया जाता है। बिजली आपूर्ति बहाल होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

वहीं बिजली बोर्ड के कार्यवाहक सहायक अभियंता अमित कुमार ने कहा कि नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। अब बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है।

## प्रवासी मजदूरों के पंजीकरण के दिए आदेश

**लेदा।** सोमवार विकासखंड बल्ह के प्रतिनिधियों की एक कार्यशाला का आयोजन खंड विकास अधिकारी शीला देवी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान स्वच्छता ही सेवा के तहत प्रतिनिधियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। विकास कार्यों के ऊपर भी चर्चा की गई। पीएम आवास योजना के तहत स्वीकृत हुए घरों के ऊपर भी चर्चा की गई तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। इस मीटिंग में बल्ह के थाना प्रभारी पुरुषोत्तम धीमान ने भी भाग लिया जिसमें प्रवासी मजदूरों के पंजीकरण से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश पंचायत प्रधानों को दिए गए। इसके साथ नशे और मोबाइल के कारण नई पीढ़ी के ऊपर पड़ने वाले प्रभावों के ऊपर भी चर्चा की गई।

## 1500 मीटर रेस में शानू ने हासिल किया प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, चंबा**



विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय ककीरा में अंडर 19 लड़कियों का 4 दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगीता का शुभ आरंभ किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में एडीएम चंबा अमित मेहरा ने बतोर मुख्या अतिथि शिरकत कि। स्कूल के प्रधानाचार्य मीनू चोपडा के द्धारा पुष्प देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद मुख्यातिथि के द्वारा बच्चों के मार्च पास की सलामी ली गई। मुख्यातिथि को एडीपीओ चंबा और स्कूल के प्रधानाचार्य मीनू चोपड़ा के द्वारा समानित किया गया।

अंत में जिला स्तरीय टर्नामेंट का आगाज करते हुए मुख्यातिथि के सामने 1500 मीटर का रेस करवाया गया। जिला चंबा के गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल कि छात्रा शानू ने प्रथम स्थान में रही वहीं दूसरे स्थान में अनामिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्लेरा और तीसरे स्थान में संजना कुमारी राजकीय उच्च पाठशाला भांडल रही तीनो खिलड़ियों को स्मानित किया।

अंत में मुख्याातिथि ने सभी आए हुए खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने को कहा और कहा कि खेल के खेलने से शरीर में स्र्वांगिण विकास होता है, इसलिए सभी को खेलो में भाग लेना चाहिए। अंत में उन्होंने इस सफल आयोजन के लिया आयोजको का धन्यवाद किया। इस मौके में तहसिलदार सुमन धीमान चुवाड़ी, विजय कंवर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी भटियात, उपाध्यक्ष तरुण मल्होत्रा जिला कांग्रेस कमेटी के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डलहौजी के विभिन्न क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डलहौजी ।** विद्युत उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत 33 केवी बाथरी-बकलोह लाइन पर कार्य हेतु और सब स्टेशन डलहौजी 33/11केवी आउटगोइंग फीडर की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव हेतु आज 24 सितंबर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक समस्त डलहौजी शहर, डलहौजी बस अड्डा, सदर बाजार, सुभाष चौक, गांधीचौक, बकरोटा पंचपुला, लोहाली, खोलपुखर, जिन्द्री घाट, करेलणू, माइ, डलहौजी छावनी, रूल्याणी, बडीयाटा, लक्कड़ मंडी, बनीखेत बाजार, पद्दर, पुखरी कंडा, वैकुंठ नगर, ढलोग, बगढार, देवी देहरा, गोली, शेरपुर, बौंखरी मोड, शेरपुर, नगाली, गंढीयार खैरी वे इसके आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता डलहौजी इंद्रजीत सिंह ने लोगों से सहयोग की अपील की है तथा ये भी जानकारी देते हुए बताया कि यह शटडाउन पूर्णता मौसम पर निर्भर रहेगा।

## 2.84 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा लोक निर्माण विभाग तीसा का नया भवन

**आजम डार चुराह**



जिला चंबा के अंतर्गत तहसील चुराह में लोक निर्माण विभाग मंडल तीसा के अधिकारियों व कर्मचारियों को अब भवन की कमी नहीं खलेगी क्योंकि लोक निर्माण विभाग मंडल तीसा के भवन कार्य अब अंतिम चरण में है। मंडल के साथ-साथ उपमंडल तीसा के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी इस भवन का लाभ मिलेगा

यह भवन तीन मंजिल का बनाया गया है इसके लिए विभाग द्वारा 2.84 करोड़ की धनराशि खर्च की जा रही है लोक निर्माण विभाग मंडल तीसा के गठन के बाद यहां मंडल और उप मंडल में भवन की कमी के कारण अधिकारियों और कर्मचारियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था यहां पर अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कार्य करने के लिए बेहतर कार्यालय नहीं थे यह मंडल पिछले पांच सालों से खोला गया है यहां पर मंडल और उपमंडल के कर्मचारियों को जोड़कर काफी ज्यादा स्टाफ हो जाता है कमरों की कमी के कारण यहां कार्य को करने में कर्मचारियों का अधिकारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था वही यहां आने वाले लोगों को भी काफी मुश्किल है आ रही थी

अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग जोगिंदर शर्मा का कहना है की नए भवन का कार्य अब अंतिम चरण में है इस समय अंतिम कार्य युद्ध स्तर पर चला हुआ है इस भवन के निर्माण के लिए 2.84 करोड़ की राशि खर्च की जा रही इस भवन में मंडल व उपमंडल के सभी अधिकारी कार्य करेंगे।

## बट्ट आईटीआई बोंखरी में लगेगा रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**





बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ में 16 अक्तूबर को आयोजित होने वाला रोजगार मेला अब 4 अक्तूबर को आयोजित किया जा रहा है। बट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूटस के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने उक्त आशय की जानकारी दी।

कंपनी द्वारा अपने हंसलपुर (गुजरात) प्लांट के लिए पुरुष अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए जाएंगे। कैंपस इंटरव्यू में फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मैकेनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, टूल एंड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल, इलेक्ट्रॉनिक्स, वायरमैन व शीट मेटल व्यवसायों में वर्ष 2018 से 2024 में उतीर्ण अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते हैं। बट्ट ने बताया कि कैंपस इंटरव्यू में हिस्सा लेने के लिए अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता दसवीं में 40 प्रतिशत अंक व आईटीआई पास के लिए 50 प्रतिशत अंक निर्धारित की गई है। जबकि आयु सीमा 18 से 24 वर्ष निर्धारित है।

बट्ट ने बताया किचयनित युवाओं को कंपनी द्वारा 24550 रुपए(सीटीसी) दिया जाएगा। अभ्यर्थियों से साक्षात्कार के लिए 4 अक्टूबर को सुबह नौ बजे बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ में पहुंचने की अपील की है।

### सूडोकु 0066 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0065 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

## आईआईटी मंडी 28 को मनाएगा दीक्षांत समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी शनिवार 28 सितंबर को अपना 12वां दीक्षांत समारोह आयोजित कर रहा है। इस कार्य, म में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड बीईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मनोज जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा, डीआरडीओ में ईआर और आईपीआर के निदेशक नरेंद्र कुमार आर्य और ब्रेनवेव साइंस के सीईओ और अध्यक्ष कृष्ण इका भी आयोजन में शामिल होंगे। आईआईटी मंडी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल कंवल जीत सिंह ढिल्लों ,सेवानिवृत्त समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

मनोज जैन ने एमएनआईटी जयपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के बाद 1991 में प्रोबेशनरी इंजीनियर के रूप में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड बीईएल के साथ अपनी यात्रा शुरू की। अपने प्रतिष्ठित करियर के दौरान, उन्होंने अनुसंधान और विकास में विशेष रूप से डिजिटल मल्टीप्लेक्सर सैन्य स्विच, रक्षा नेटवर्क और रडार प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कई प्रमुख नेतृत्व पदों पर कार्य किया है, जिसमें बीईएल के उत्पाद विकास और नवाचार केंद्र और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर और एवियोनिक्स एसबीयू के महाप्रबंधक शामिल हैं। जैन की उपलब्धियों ने उन्हें कई पुरस्कार दिलाए हैं और उनके पास अपने अभिनव कार्यों के लिए कई पेटेंट हैं। आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि इस वर्ष के दीक्षांत समारोह में 636 विद्यार्थियों की उपलब्धियों का जश्न मनाया जाएगा।

## मंडयाली बोली का डाटाबेस तैयार करेगी इतिहास विभाग के विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं इतिहास विभाग सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा मंडयाली भाषा संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें माधव इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ग्वालियर की सहायक आचार्य डॉ.श्वेता चौहान ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया।

प्रो. ललित कुमार अवस्थी कुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में विशेष स्थान दिया गया है। जिसके अनुरूप विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है।

आधुनिकता की दौड़ में भारतीय ज्ञान परंपरा ही हमारा मार्गदर्शन करेगी। आचार्य अनुपमा सिंह प्रति कुलपति ने इस मौके पर कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थी न केवल अपनी जड़ों से जुड़ते हैं अपितु उन्हें अपनी सभ्यता और संस्कृति का ज्ञान प्राप्त होता है।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

24 सितंबर, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत भाद्रपद, **तिथि** सप्तमी :(12:41): **नक्षत्र** मृगशिरा (09:54), **पक्ष** : कृष्ण **योगः** व्यतिपात (1:25) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:48-12:36), **राहुकाल** (03:13 -4:44) ।

### विशेष दिन

» 24 सितंबर 2024 : महालक्ष्मी व्रत आज होंगे समाप्त।

» 24 सितंबर 2024 : जिवित्पुत्रिका व्रत आज।

**मेषः** आप के रहन-सहन से लोग प्रभावित होंगे। खान-पान अनुकूल मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा तथा मन में प्रसन्नता होगी। कार्यस्थल पर रुचि बढ़ेगी। साहस में वृद्धि होगी।

**वृषभः** समय रहते जरूरी दस्तावेज संभाल लें। पारिवारिक सुख व सहयोग बढ़ेगा। पिता या किसी बड़े व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुनः** अनचाहे काम करना होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी संबंधों में सुधार होगा। व्यवसायिक स्थिति में पहले से राहत मिलेगी। नई योजना बनेगी।

**कर्कः** कमजोर रणनीति के कारण मनचाही सफलता नहीं मिलेगी। नए कार्यक्षेत्र में प्रवेश की संभावना है। आर्थिक मामलों में किसी अनुभवी की राय लेना बेहतर रहेगा।

**सिंहः** परिवार के मांगलिक आयोजनों की रुपरेखा बनेगी। ज्ञान-चित्रकारी में रुचि बढ़ेगी। कानूनी झंझटों से राहत मिल सकती है।

**कन्याः** दिन अनुकूल है, स्वास्थ्य में सुधार होगा। मन में निराशा व उदासी का भाव खत्म होगा। किसी को भी अपने राज न बताएं।

**तुलाः** दोस्तों की चिंता रहेगी। सूझ-बूझ द्वारा कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी क्षमता, योग्यता का भरपूर इस्तेमाल करेंगे और सफल होंगे।

**वृश्चिकः** निर्माण कार्य में हो रहे विलंभ से चिंता बढ़ेगी। दाम्पत्य सुख मिलेगा। व्यापारिक तथा कार्यक्षेत्र में उन्नति के लिए दिन अनुकूल रहेगा।

**धनु :** साझेदारी के कार्यों में विशेष लाभ होगा। व्यवसायिक समय शुभ रहेगा। साहस व पराक्रम के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे।

**मकरः** नई ऊर्जा के साथ दिन की शुरुआत होगी। घरेलू कामकाज के चलते व्यस्त रहेंगे। कार्य स्थल पर नौकरों की समस्या बनी रहेगी। भूमि भवन में निवेश कर सकते हैं।

**कुंभः** आपकी बातों को महत्त्व मिलेगा। परिजनों के साथ यात्रा होगी। विवाह में आ रही अड़चन दूर होगी। पसंदीदा भोजन की प्राप्ति होगी।

**मीनः** आपकी मेहनत और सूझ-बूझ से उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। समय शुभ व अनुकूल फलों को देने में समर्थ होगा तथा मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**चुनौती** — प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व के लिए जानी जाती पांगी घाटी

# घाटी के लोग आज भी गुजर रहे बड़े संकट से

**अनंत ज्ञान, पांगी**

हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा की पांगी घाटी जो अपने प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व के लिए जानी जाती है । यहां के लोग लंबे समय से अलग विधानसभा क्षेत्र की मांग कर रहे हैं। इस मांग को लेकर पांगवाल एकता मंच ने एक बार फिर मुहिम छेड़ी है । रविवार को हुडान भटौरी से इस मुहिम की औपचारिक शुरुआत की गई। इस मुहिम के तहत पांगी घाटी के लोग 2026 में होने वाले सीमा पुनर्निर्धारण के दौरान अपनी आवाज को मजबूत कर और सरकार से अलग विधानसभा क्षेत्र की मांग को बुलंद करना है। मंच के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर और उनके साथियों ने हर घर जाकर इस मुहिम के लिए समर्थन मांगा और लोगों को इसके महत्व के बारे में जागरूक किया।

पांगवाल एकता मंच का यह अभियान सिर्फ हुडान भटौरी तक सीमित नहीं रहेगा। त्रिलोक ठाकुर ने बताया कि इस मुहिम के तहत मंच के सदस्य घाटी की 19 पंचायतों का दौरा करेंगे। उनका उद्देश्य है कि हर एक व्यक्ति को यह समझाया जाए कि अलग विधानसभा क्षेत्र कैसे उनकी रोजमर्रा की समस्याओं का हल निकाल सकता है। पांगी घाटी के लोग आज एक बड़े संकट से गुजर रहे हैं। उनके पास कोई स्थानीय विधायक नहीं है, जिसके कारण उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए 400 किलोमीटर दूर भरमौर का रूख करना पड़ता है। त्रिलोक ठाकुर का कहना है कि भरमौर क्षेत्र का विधायक कभी भी पांगी घाटी के ग्रामीण इलाकों तक नहीं पहुंचा।

अलग विधानसभा क्षेत्र की मांग इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पांगी घाटी की भौगोलिक और सांस्कृतिक स्थिति बाकी क्षेत्रों से काफी अलग है। एक स्थानीय विधायक होने से यहां की समस्याओं पर तेजी से ध्यान दिया जा सकेगा और विकास के कामों को प्राथमिकता मिल सकेगी। त्रिलोक ठाकुर ने बताया कि अगर पांगी घाटी का अपना विधायक होगा तो वह सालभर घाटी में रहकर लोगों की समस्याओं को सुन सकेगा ।

इस मुहिम को पांगी घाटी के लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। लोगों का मानना है कि अगर पांगी को अपना विधानसभा क्षेत्र मिल जाता है तो उनकी समस्याओं का समाधान बेहतर तरीके से हो सकेगा।

### घाटी की भौगोलिक चुनौतियां

पांगी घाटी की भौगोलिक स्थिति बेहद कठिन है। यह चारों तरफ से ऊँचे पहाड़ों से घिरी हुई है और यहाँ तक पहुंचना आसान नहीं है। सर्दियों में बर्फबारी के कारण यह क्षेत्र कई महीनों तक राज्य के बाकी हिस्सों से कटा रहता है। यहां की सड़कों की स्थिति भी खराब है, जिससे लोगों को आने-जाने में बहुत कठिनाई होती है। ऐसे में अलग विधानसभा क्षेत्र की मांग यहां के लोगों की जरूरत बन गई है। पांगी घाटी के लिए अलग विधानसभा क्षेत्र की मांग यहां के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

अधिकार मनुष्य को तब तक अंधा बनाए रखेंगे, जब तक मनुष्य उस अधिकार को प्राप्त करने हेतु मूल्य न चुका दे। - सरदार वल्लभ भाई पटेल

## संपादकीय

## शानन फिर चर्चा में

हिमाचल के मंडी जिले के जोगिंदरनगर में स्थापित 110 मेगावाट की शानन जल विद्युत परियोजना एक बार फिर चर्चा में है। दरअसल, केंद्र सरकार ने 1 मार्च, 2024 को निर्देश दिया था कि शानन प्रोजेक्ट पर यथास्थिति बनाए रखी जाए। इसके बाद ही पंजाब और हिमाचल प्रदेश अपना-अपना दावा पुख्ता करने में जुटे हैं। हालांकि, इससे पहले भी दोनों राज्यों में इस मसले को लेकर कई बार भवें तनती रही हैं। जहां एक ओर पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली है तो वहीं, हिमाचल को सुक्खू सरकार ने भी न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा दिया है। वर्तमान में यह परियोजना फिलहाल पंजाब सरकार के अधीन है और वह इस परियोजना से सालाना 200 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई करती है। परियोजना की परिकल्पना ब्रिटिशकाल में 1922 में पंजाब सरकार के तत्कालीन मुख्य अभियंता कर्नल बैट्टी ने की थी।

इसे 1925 में पंजाब को 99 साल के लिए लीज पर दिया गया था। लीज पर तब मंडी के तत्कालीन राजा जोगिंदर बहादुर और कर्नल बैटी ने हस्ताक्षर किए गए थे। लीज की अवधि इसी साल दो मार्च को खत्म हो चुकी है। ऐसे में इस पर हिमाचल सरकार का हक अब ज्यादा बनता है, क्योंकि समझौता सिर्फ 99 साल के लिए ही हुआ था। 99 साल के बाद हिमाचल सरकार इसे दोबारा पंजाब के हाथों में नहीं सौंपना चाहती है। इसके पीछे वजह भी खास है कि पानी हिमाचल का है और उस पर पड़ोसी राज्य अपना हक जताकर मोटा मुनाफा कमा रहा है। एक किस्म से यह परियोजना पंजाब के लिए किसी कमाई पूत से कम नहीं है, क्योंकि साल में 200 करोड़ की कमाई करना बहुत ज्यादा मायने रखता है। दूसरी ओर, हिमाचल सरकार इस परियोजना में इसलिए ज्यादा रुचि ले रही है कि हिमाचल के पास एक यही सुनहरा मौका है इस परियोजना को पंजाब के हाथों से छुड़ाने का।

अगर कहीं दोबारा यह परियोजना रिन्यू हो जाती है तो फिर से हिमाचल को इस परियोजना को अपने अधीन लेने के लिए 99 साल का इंतजार करना होगा। हिमाचल प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू तर्क देते हैं कि वे लीज की अवधि समाप्त होने के बाद परियोजना पर पंजाब के दावे को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेंगे। इस मसले पर सुक्खू सरकार को विपक्षी भाजपा का भी साथ मिल रहा है। हिमाचल सरकार का यह आरोप भी है कि यह परियोजना खराब स्थिति में है, क्योंकि पंजाब इसकी मरम्मत या रखरखाव नहीं कर रहा है। वहीं, शानन परियोजना पर पंजाब यह कह कर दावा कर रहा है कि आजादी से पहले इस परियोजना से अविभाजित पंजाब और दिल्ली को भी पानी मिलता था। विभाजन के बाद लाहौर को पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई और अमृतसर के वेरका गांव में इसकी ट्रांसमिशन लाइन बंद कर दी गई। 1966 में राज्यों के पुनर्गठन के दौरान यह जल विद्युत परियोजना पंजाब को दे दी गई, क्योंकि उस समय हिमाचल प्रदेश केंद्र शासित प्रदेश था। इस परियोजना की सभी संपत्तियां वर्तमान में पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से राज्य सरकार के प्रारंभिक नियंत्रण में हैं। अगर यह परियोजना हिमाचल सरकार को मिल जाती है तो उसे कई फायदे हो सकते हैं। सबसे पहला फायदा तो रोजगार के अवसरों का होगा। शानन प्रोजेक्ट से राज्य में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे युवाओं को अपने घरेलू क्षेत्र में ही रोजगार मिलेगा। इस प्रोजेक्ट से राज्य के आर्थिक विकास में वृद्धि होगी, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

सिंचाई और जल संकट समाधान का समाधान होगा, जिससे किसानों को फायदा होगा। पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी, क्योंकि इससे जल संसाधनों का संरक्षण होगा। शानन प्रोजेक्ट से राज्य की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, जिससे राज्य की पहचान एक विकसित राज्य के रूप में होगी। इन फायदों के अलावा, शानन प्रोजेक्ट से राज्य के निवासियों के जीवन स्तर में भी सुधार होगा। इस प्रोजेक्ट से कृषि विकास में भी मदद मिलेगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। शानन प्रोजेक्ट से बुनियादी ढांचे का विकास होगा, जिससे राज्य में सड़कें, बिजली, पानी आदि की सुविधाएं बेहतर होंगी। शानन प्रोजेक्ट के लिए हिमाचल सरकार को केंद्र सरकार से समर्थन लेना चाहिए। निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी करनी चाहिए। राज्य के निवासियों को प्रोजेक्ट में शामिल करना चाहिए। पर्यावरण और सामाजिक प्रभावों का ध्यान रखना चाहिए। प्रोजेक्ट की निगरानी और मूल्यांकन करना चाहिए। इस प्रकार, शानन प्रोजेक्ट हिमाचल की आर्थिकी में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ■

# भारतीय शतरंज ने रचा विश्व ओलंपियाड में इतिहास

एक ऐसा अद्वितीय खेल जिसमें अनंत परिकल्पनाओं के साथ असीमित संभावनाएं भी रहती हैं। हर शतरंज खेल में विविधता ही रोचकता को जन्म देती है। वर्तमान विश्व शतरंज में भारत के अर्जुन एरिगासी व दोम्मा राजू गुकेस फिड़े रेटिंग में चौथे व पांचवें स्थान पर चल रहे हैं। अब इसमें परिवर्तन अवश्य होगा। पहली बार चेस ओलंपियाड में दोनों भारतीय टीमें अपने शानदार खेल की बदौलत शतरंज ओलंपियाड की विजेता बनी है। भारतीय युवाओं ने एक इतिहास विश्व शतरंज पटल पर रच दिया है। आज हर विश्व शतरंज प्रेमी भारतीय पुरुष वर्ग व महिला वर्ग की टीम का दीवाना बन बैठा है। भारतीय पुरुष टीम तो पहले दौर से अंतिम दौर तक अपराजित ही रही - वहीं महिला टीम पोलैंड से मात्र एक मैच गवां बैठी थी। मगर उनके जुझारूपन ने वापसी की व पुन:भारतीय शतरंज में पुरुष वर्ग के साथ मिलकर दोहरा इतिहास रच डाला। शायद इससे पहले किसी भी भारतीय खेलने ओलंपियाड में ऐसा कारनामा नहीं किया है।

सभी भारतीय खिलाड़ी, उनके माता-पिता व कोचिज के साथ भारतीय शतरंज महासंघ भी बधाई का पात्र है। देश में खेलों की विडंबना यही है कि जब खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ अनोखा कर जाते हैं तो तभी उन्हें तवज्जो दी जाने लगती है। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के प्राइमरी विद्यालयों में खेलों को विराम लगा दिया है। जबकि विदेशों के कुछ बच्चे इसी के लगभग आयु वर्ग में ओलंपिक से मेडल जीत लाते हैं। पिछली बार 28 जुलाई से 10 अगस्त 2022 तक 44 वां शतरंज ओलंपियाड पहली बार भारत के चेन्नई शहर में प्रायोजित हुआ था और भारतीय शतरंज महासंघ ने बेमिसाल आयोजन करते हुए, विश्व शतरंज संघ को भारतीय शतरंज संघ पर भविष्य में भरोसे का आयोजक साबित करने पर मजबूर किया। जिसमें 1737 प्रतिभागियों (जिसमें 937 पुरुष व 800 महिला खिलाड़ियों) ने शिरकत की थी। ओपन वर्ग में 186 देश व महिला वर्ग में 160 देशों ने शिरकत की थी। इस बार 45 वीं शतरंज ओलंपियाड में, जो कि बुडापेस्ट हंगरी में 10 से 23 सितंबर तक प्रायोजित हुआ-उसमें 195 देशों ने ओपन वर्ग व 181 देशों ने महिला वर्ग में शिरकत की। कुल 1884 खिलाड़ियों ने भाग लिया-जिसमें 975 खिलाड़ी ओपन वर्ग में व 909 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। साल दर साल शतरंज खिलाड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। बता दे कि पुरुष वर्ग में 196 टीमों व महिला वर्ग में 183 टीमों ने अपने शतरंज हुनर का प्रदर्शन किया।



लेखक :हंसराज ठाकुर
लेक्चरर फिजिक्स, सुंदरनगर

हालांकि कुछ टीमें बुडापेस्ट तक पहुंचने में पहुंचने के लिए संघर्ष भी करती रहीं। पिछली बार भारत ने दोनों वर्गों में कांस्य पदक जीते थे। इस बार भारत की पुरुष व महिला टीम को शीर्ष वरीयता प्रदान की गई थी। पहले दौर की बाजी में भारतीय पुरुष टीम ने मोरक्को को 4-0 से व महिला वर्ग की टीम ने जमैका को 3.5-0.5 से हराया। इस दौर में गुकेश को विश्राम पर व महिला वर्ग में हरिका द्रोन्नवली को विश्राम पर रखा गया था। दूसरे दौर की बाजी में भारतीय पुरुष टीम ने आइसलैंड को 4-0 से धो डाला ,वहीं महिला वर्ग ने चेक गणराज्य को 3.5-0.5 से हराया। तीसरे दौर की बाजी में पुरुष वर्ग ने हंगरी को 3.5-0.5 से हराया व महिला वर्ग ने स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराया। हरिका की हार इस टूर्नामेंट में किसी भारतीय खिलाड़ी की पहली हार थी। चौथे दौर की बाजी में पुरुष वर्ग ने सर्बिया को 3.5-0.5 से हराया व महिला वर्ग ने फ्रांसको 3.5-0.5 से मात दी। पांचवें दौर की बाजी में भारतीय पुरुष ने अजरबेजान जैसी मजबूत टीम को 3-1 से हराया व महिला वर्ग ने कजाकिस्तान के खिलाफ ढ़ाई-डेढ़ से जीत दर्ज की। छठे दौर की बाजी में पुरुष वर्ग ने हंगरी को तीन एक से हराया व महिला टीम ने आर्मेनिया को 2.5-1.5 से मात दी।

सातवें राउंड में पुरुष वर्ग ने दशकों बाद चीन से खेलते हुए 2.5-1.5 से मुकाबला जीता। जिसमें गुकेश ने अद्वितीय खेल का प्रदर्शन किया, जबकि डींग लिरेन नहीं खेले, बाकी तीन मैच ड्रॉ रहे। महिला वर्ग ने सातवां राउंड जॉर्जिया से 3-1 से जीता। सातवें राउंड तक दोनों भारतीय टीमें विश्व शतरंज ओलंपियाड में शीर्ष पर चल रही थी और लगातार छह जीत के बाद अर्जुन ने इस दौर में पहला ड्रॉ खेला। आठवें दौर की बाजी में ईरान को भारतीय पुरुष वर्ग ने 3.5-0.5 से हराया व महिला वर्ग को पहली बार पोलैंड से ढ़ाई-डेढ़ से हार का सामना करना पड़ा। नौवें दौर की बाजी में भारत ने उज्बेकिस्तान को दो-दो से बराबरी पर रोका व महिला वर्ग में भारतीय टीम ने यूएसए को दो-दो से बराबरी पर रोक दिया। दसवें दौर की बाजी में भारत ने यूएसए को ढ़ाई-डेढ से हराकर इतिहास रच दिया, जबकि यूएसए एक शक्तिशाली टीम मानी जाती रही है व महिला वर्ग ने चीन की टीम को 2.5-1.5 से हराया। ग्यारहवें दौर की बाजी में भारतीय पुरुष टीम ने स्लोवेनिया को 3.5-0.5 से व महिला वर्ग में भी भारतीय टीम ने अजरबेजान को 3.5-0.5 से हराया। विश्व चैंपियनशिप के भारतीय दावेदार व युवा स्टार ड़ी. गुकेश पहले ही दौर की बाजी में विश्राम पर रहे-उसके बाद उन्होंने लगातार 10 राउंड के मैच खेले, जिसमें दो बाजियां ड्रॉ व 8 बाजियों में जीत दर्ज की और अविजीत रहे। उन्होंने फाबियानो करूयाना (यूएसए) व वेई यी (चीन) जैसे शीर्ष खिलाड़ियों को हराया। वह विश्व शतरंज को नए चैंपियन के संकेत दिए। भारत को शतरंज ओलंपियाड का विजेता बना कर ही दम लिया।

अर्जुन एरिगासी लगातार बेहतर खेले और 11बाजारों में दो ड्रॉ व नौ जीत दर्ज करके अविजीत रहे तथा शतरंज ओलंपियाड का विजेता बनने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रमेश बाबू प्रज्ञानंदा दूसरे दौर की बाजी में विश्राम पर रहे व खेली गई 10 बाजियों में 3 जीत 6 ड्रॉ व एक बार यूएसए की टीम के साथ हुए, मैच में हार का सामना करना पड़ा। विदित संतोष गुजराती ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पांच जीत पांच ड्रॉ के साथ अविजीत रहे और भारतीय टीम को लगातार शीर्ष पर बनाए रखा। सातवें दौर की बाजी में विदित विश्राम पर रहे पेंटेला हरिकृष्ण पहले, दूसरे व सातवें दौर की बाजी में खेले जिसमें दो जीत व एक ड्रॉ के साथ उन्होंने भारतीय शतरंज में एक इतिहास लिखने के लिए अहम भूमिका निभाई।

वहीं महिला वर्ग में हरिकाद्रोणावल्ली पहले व नौवें दौर में विश्राम पर रहने के बाद तीन जीत तीन ड्रॉ व तीन हार के साथ टीम को जीताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही। वही आर वैसाली ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए चार जीत चार ड्रॉ दो हार के साथ दूसरे दौर की बाजी में विश्राम पर रही तथा अपने खेल से सातवें दौर तक हमारी भारतीय टीम को शीर्ष पर बनाए रखा। दिव्या देशमुख ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ जीत तीन ड्रॉ के साथ अविजीत रही और एक नई भारतीय शतरंज सनसनी के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाई -बोर्ड नंबर तीन पर बोर्ड प्राइज में दिव्या देशमुख नंबर एक पर बनी रही। वंतिका अग्रवाल 6 जीत, 3 ड्रॉ के साथ कई उलटफेर करते हुए टीम को शीर्ष की ओर ले जाती रही और जरूरत के साथ समय मजबूती के साथ टीम को आगे बढ़ाया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# श्री विजयपुरम : समृद्ध अतीत और सामरिक भविष्य का प्रतीक

भारत के इतिहास और सामरिक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर अब 'श्री विजयपुरम' के नाम से जानी जाएगी। यहां के अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर ने इस स्थान को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष का जीवंत प्रतीक बनाया है। 30 दिसंबर 1943 का दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक मील का पत्थर है, उस दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने पोर्ट ब्लेयर (अब श्री विजयपुरम) में प्रथम तिरंगा फहराया। इस ऐतिहासिक घटना का सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व आज भी भारत के जनमानस में उतना ही प्रबल है। उस ऐतिहासिक दिन को याद करते हुए, हाल के वर्षों में इसे फिर से केंद्र में लाने के प्रयास किए गए हैं, जिसके अंतर्गत 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंडमान निकोबार स्थित हैवलॉक द्वीप का नाम 'स्वराज द्वीप' कर दिया गया। गत 13 सितंबर को राजधानी पोर्ट ब्लेयर का औपनिवेशिक नाम बदलकर, भारतीय नाम 'श्री विजयपुरम' कर दिया गया है।

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह का उल्लेख वीर सावरकर के बिना अधूरा है। सेल्युलर जेल, जिसे काला पानी के नाम से भी जाना जाता है, ब्रिटिश शासन के दौरान भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए सबसे कठिन कारावासों में से एक थी। 1911 में, वीर सावरकर को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका के लिए इस जेल में बंद किया गया था। सेल्युलर जेल की कठोर परिस्थितियों में भी सावरकर ने अपने विचारों को सशक्त रखा और जेल की दीवारों पर कविताएं लिखीं, जो बाद में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा बनीं। भारत सरकार द्वारा इस औपनिवेशिक नाम का परिवर्तन, स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में देखा जा रहा है। 'श्री विजयपुरम' न केवल भारत के गौरवशाली सैन्य इतिहास का ध्वजवाहक है, बल्कि यह देश की समुद्री सुरक्षा और वर्तमान हिंद-प्रशांत रणनीति में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



लेखक : डॉ. विमल कुमार कश्यप
रक्षा मामलों के जानकार

इतिहास में श्रीविजय साम्राज्य, जिसे आज इंडोनेशिया के रूप में जाना जाता है, व्यापारिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र था। इस साम्राज्य का प्रभाव मलक्का जलडमरू मध्य जैसे प्रमुख व्यापारिक मार्गों पर था, जो उस समय भी वैश्विक व्यापार का एक प्रमुख केंद्र बिंदु था। 1025 में चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम ने एक महत्वपूर्ण सामुद्रिक अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य हिंद महासागर और दक्षिण-पूर्व एशिया के समुद्री मार्गों पर प्रभुत्व स्थापित करना था।

उस समय भी अंडमान-निकोबार द्वीप समूह ने एक महत्वपूर्ण पड़ाव का कार्य किया था, तो आज भी अपनी सामरिक स्थिति के कारण यह महत्वपूर्ण है। इतिहास और वर्तमान के इस संगम से अंडमान-निकोबार भारत के सामुद्रिक प्रभाव और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह का सामरिक महत्व केवल इसके भूगोल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की समुद्री सुरक्षा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की व्यापक रणनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' नीति और उसकी व्यापक 'बेल्ट एंड रोड' योजना ने भारत के पड़ोसी देशों में चीनी बुनियादी ढांचे का विस्तार किया है। इसी संदर्भ में भारत की 'सागर' (सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन) नीति को शामिल करने का उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा और सभी के लिए विकास को सुनिश्चित करना है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

पहाड़ी कविता

## पितरों के आशीष से



शिव सन्याल, गांव मकड़ाहन (जवाली)

**पितरों** के आशीष से, फले फुले परिवार।
इन की सेवा से मिले, घर में खुशी अपार।।
पितरों के आशीष से, मिलता है वरदान।
इन की सेवा से सदा, खुश होते भगवान।।
पितरों के आशीष से, मिलता मन संतोष।
इन से मुख जो मोड़ता,लगता है पितृ दोष।।
सच्चे मन से कीजिए, पितरों का सम्मान।
पितरों के आशीष से, हो कुल का उत्थान।।
रिद्धि सिद्धि घर में रहे, बहे स्नेह की धार।
मिटते दुख परिवार के, उमड़े मन में प्यार।।
कभी दुखी मत कीजिए, हरो सदा संताप।
इन की नींदा जो करे, फल भोगेगा आप।।
मात-पिता का मान हो, वहां स्वर्ग ही मान।
पितरों के आशीष से, मिलता पुन्य महान।।

# युवाओं द्वारा राष्ट्र के निर्माण और विकास में योगदान का सशक्त माध्यम राष्ट्रीय सेवा योजना

युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति होती है। यदि इस शक्ति का सही दिशा में उपयोग किया जाए, तो देश की प्रगति को रोकना असंभव है। अगर भारत की ही बात की जाए, तो हमारे देश में करीब 65 प्रतिशत जनसंख्या युवा है, जो देश के लिए एक बड़ा सौभाग्य है। इस युवा शक्ति को सही दिशा में प्रेरित करके न केवल देश का, बल्कि समाज का भी चहुंमुखी विकास संभव है। महात्मा गांधी ने भी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान युवाओं को राष्ट्रीय सेवा के प्रति जागरूक करने और उनके योगदान पर विशेष बल दिया था।

इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्थापना की गई, जो आज समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है। हर वर्ष 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत 1969 में महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में की गई थी, जिसका उद्देश्य स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से युवा छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना, उन्हें राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूक करना और उनका चरित्र निर्माण करना था। इसके तहत युवा जन-कल्याण के विभिन्न कार्यों में संलग्न होकर समाज और राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ते हैं। यह योजना भटके हुए और लक्ष्यविहीन युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक और रचनात्मक दिशा में मोड़ने का प्रयास करती है। एनएसएस युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों और वास्तविक जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करती है। एनएसएस के तहत प्रत्येक स्वयंसेवक को हर वर्ष कम से कम 120 घंटे सेवा देना अनिवार्य है, जो दो वर्षों में कुल 240 घंटे बनते हैं। ये सेवाएं स्कूल परिसर या इकाई द्वारा अपनाए गए गांवों में दी जाती हैं। आमतौर पर, ये सेवाएं अध्ययन के घंटों के बाद, सप्ताहांत या छुट्टियों के दौरान दी जाती हैं।



लेखक: रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी स्कूल

इसके अतिरिक्त, एनएसएस इकाइयां स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर 7 दिनों की विशेष शिविरों का आयोजन करती हैं। इन शिविरों का उद्देश्य विशेष परियोजनाओं के माध्यम से समाज के उत्थान में योगदान देना है। राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक चिन्ह कोणार्क के सूर्य मंदिर के विशाल रथ के चक्र से प्रेरित है। यह चक्र समय और स्थान में जीवन की यात्रा का प्रतीक है। इस पहिए की आठ छड़ें दिन के 24 घंटे को दर्शाती हैं, जो यह संकेत देती हैं कि स्वयंसेवक हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।

लाल रंग स्वयंसेवकों की ऊर्जा, उत्साह और जीवंतता को दर्शाता है, जबकि नीला रंग ब्रह्मांड का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें एनएसएस एक छोटा हिस्सा है। एनएसएस का ध्येय वाक्य 'मैं नहीं, आप' है, जो नि:स्वार्थ सेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों की आवश्यकता पर जोर देता है। इस विचारधारा के तहत स्वयंसेवक समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करते हैं, जिससे राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूती मिलती है। स्वतंत्रता के बाद से एनएसएस ने न केवल युवा पीढ़ी को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है, अपितु इसके माध्यम से युवाओं ने अपने आत्मविश्वास को पुन: प्राप्त करते हुए, समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पहचाना है। इसके अंतर्गत, युवाओं को रोजगारोन्मुख शिक्षा और व्यवहारिक जीवन के प्रति जागरूक किया जाता है। यह योजना कर्म के महत्व को समझाते हुए युवाओं को स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करती है।

आज के समय में जब बेरोजगारी, अपराध और नकारात्मक प्रवृत्तियां युवाओं को अपनी चपेट में ले रही हैं। एनएसएस उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करती है। इस योजना ने न केवल युवाओं को समाज सेवा के प्रति जागरूक किया है, बल्कि उन्हें एक उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा भी दी है। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में, एनएसएस ने युवाओं को समुदाय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया है। एनएसएस के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविरों का भी अत्यधिक महत्व है। इन शिविरों में स्वयंसेवकों को व्यवहारिक अनुभव प्राप्त होता है, जिससे उन्हें समाज सेवा के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। ये शिविर समाज की विभिन्न समस्याओं जैसे सफाई अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए स्वयंसेवकों न केवल समाज की सेवा के लिए करते हैं, बल्कि वे सामाजिक जिम्मेदारियों और व्यवहारिक जीवन की वास्तविकताओं से भी परिचित करवाते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना न केवल समाज सेवा का माध्यम है, बल्कि यह राष्ट्र के निर्माण और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस योजना ने वर्षों से लाखों युवाओं को समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। हमें इस योजना के उद्देश्यों और उसके महत्व को समझकर अधिक से अधिक युवाओं को इससे जोड़ना चाहिए, ताकि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझ सकें और राष्ट्र की सेवा में योगदान दे सकें। यदि हम इस युवा शक्ति का सकारात्मक और संतुलित उपयोग करेंगे, तो निस्संदेह हमारा देश न केवल विश्व गुरु बनेगा, बल्कि विश्व निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भूतपूर्व प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी

**मोहिंदर** अमरनाथ भारद्वाज भारत के ख्यातिप्राप्त पूर्व क्रिकेटरों (1969-1989) में से एक हैं। वर्तमान समय वे क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल के विश्लेषक हैं। मोहिंदर अमरनाथ 'जिम्मी' के नाम से भी जाने जाते हैं। अपने समय के तेज गेंदबाजों का सामना करने में मोहिंदर अमरनाथ सबसे माहिर माने जाते थे। वे भारत के प्रथम कप्तान लाला अमरनाथ के पुत्र हैं। इनके भाई सुरिंदर अमरनाथ टेस्ट क्रिकेट खिलाड़ी और राजिंदर अमरनाथ प्रथम श्रेणी क्रिकेट के खिलाड़ी रहे हैं। मोहिंदर अमरनाथ वर्ष 1983 में भारत की पहली विश्व कप जीत के नायक थे। मोहिंदर अमरनाथ का जन्म पंजाब राज्य के पटियाला जिले में हुआ था। इनके पिता भारत के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी लाला अमरनाथ थे, जिन्होंने क्रिकेट की बुलंदियों को छुआ था। लाला अमरनाथ ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की ओर से पहला शतक जमाया था। वे भारत के पहले आलराउंडर थे, जिन्होंने बल्ले के अलावा गेंद से भी अपने विरोधियों की नाक में दम कर दिया था। आगे चलकर यही कार्य मोहिंदर अमरनाथ ने भी किया। 1983 के क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल और फाइनल में मोहिंदर अमरनाथ के प्रदर्शन ने भारत को पहली बार एकदिवसीय क्रिकेट का बादशाह बनाया था। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज इमरान खान उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज मानते थे। ■



**मोहिंदर अमरनाथ**
**जन्म :** 24 सितंबर, 1950

## अपनी बात

**हालांकि** केंद्रीय कैबिनेट ने 'एक देश, एक चुनाव' की अनुशंसा को स्वीकृति दे दी है, लेकिन उसे लागू करने का रास्ता पेचीदा और पथरीला है। यह अनुशंसा पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च अधिकार समिति ने की थी, जिसने अपनी विशालकाय रपट मार्च, 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी थी। यदि देश में एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू हो जाए, तो यकीनन शासन, प्रशासन, सुविधा और आर्थिक खर्च के स्तर पर यह एक ठोस नीति साबित हो सकती है। कोविंद समिति ने कुल 62 राजनीतिक दलों से चर्चा की, लेकिन 33 दल एक साथ चुनाव के पक्ष में हैं, जबकि 15 दल पूरी तरह विरोध में हैं। वे 'इंडिया' गठबंधन के घटक ही हैं। जाहिर है कि संसद में बिल पर बहस के दौरान भी विभाजन की स्थिति बनी रहेगी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान इस आशय का बिल पेश किया जा सकता है। चूंकि एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू करने के लिए 18 संविधान संशोधन करने पड़ेंगे, लिहाजा सरकार को दो-तिहाई बहुमत, यानी लोकसभा में ही 362 सांसद, की दरकार होगी। संसद के दोनों सदनों में सरकार को सामान्य बहुमत ही हासिल है। तो क्या देश में अनेक चुनावों की ही व्यवस्था जारी रहेगी? **अदिति, घणा**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# पाठकों के पत्र...

**मैं** जिला ऊना के धुंदला ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में नशे का साम्राज्य फैल रहा है। नशाखोरी, अवैध खनन और वन माफिया की समस्या ही प्रमुख है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए बंगाणा एजेंसी भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो ननावीं, मलांगड़, कुसान आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। यहां जंगली जानवरों की वजह से किसानों की फसलों का भी नुकसान होता है। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार की जानकारी होनी चाहिए।

**अजय वर्मा ( धुंदला ऊना )**

**मैं** जिला ऊना के टक्का ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे गांव और अधिकांश क्षेत्र के लोग कृषि पर आधारित हैं। यहां जंगली जानवरों की समस्या सालों से बनी हुई है। हमारे गांव के साथ लगते जंगली क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों और नील गाय की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। बेरोजगारी भी समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए, तो कोटला कलां से नारी आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**( बब्बू सैनी, टक्का ऊना )**

**सोशल** मीडिया के स्पर्धात्मक दौर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने प्रिंट मीडिया में पदार्पण कर साहसिक पहल की है। एक वर्ष की अवधि में ही पाठक अखबार को गंभीरता से लेने लगे हैं। पाठकों को त्वरित और सटीक जानकारी देना ही पत्रकारिता का धर्म है। एडिटोरियल स्टाफ को पाठकों की रुचि के मुताबिक आमूलचूल सुधार की जरूरत है। अनंत ज्ञान के माध्यम से पाठकों को देश-विदेश की त्वरित जानकारियों के अलावा धार्मिक, पर्यटन और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी तक पहुंच रही है।

**दिनेश कुमार कश्यप, सोलन**

**मेरा** नाम सुमित कुमार है। मैं धर्मशाला के साथ लगते घरोह गांव का निवासी हूं। मैं अनंत ज्ञान का नियमित पाठक हूं। अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने थोड़े से समय में मार्केट में अपनी पहचान बना ली है। ऐसा आभास नहीं होता कि यह कोई नया अखबार है, बल्कि मुझे यह अखबार दूसरी अखबारों को टक्कर देता हुआ प्रतीत होता है। अखबार में बहुत कुछ नया देखने को मिल रहा है। महोदय, मैं आपके ध्यान में कुछ बातें लाना चाहता हूं कि अनंत ज्ञान अखबार में महिलाओं, बुजुर्गों, फैशन और फिल्मी जगत से लेकर स्वास्थ्य तक के तमाम कॉलम चल रहे हैं, लेकिन मुझे इस अखबार में अभी तक युवाओं के लिए करियर और रोजगार से संबंधित कोई खास सामग्री पढ़ने को नहीं मिली। मेरा आपसे विनम्र आग्रह है कि आप इस दिशा में भी प्रयास करें और जल्द से जल्द पाठकों के लिए युवाओं की जरूरत के हिसाब से कॉलम चलाएं। इसके अलावा मुझे पिछले कुछ दिनों से अनंत ज्ञान की प्रति बहुत लेट मिल रही है। हालांकि, आजकल बरसात का दौर चला है ऐसे में हो सकता है गाड़ी वगैरह लेट आती होगी, लेकिन आप मेरी इस समस्या की ओर ध्यान देंगे तो मुझे आशा ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि समय पर अखबार अवश्य मिलेगी। मेरे ध्यान में जो भी कमियां और सुझाव आते रहेंगे, उनके बारे में मैं आपको अवगत करवाता रहूंगा, धन्यवाद।

**सुमित कुमार, घरोह ( धर्मशाला )**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. :*** 88945-21702

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस के स्वयंसेवकों ने संवारा कॉलेज परिसर



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवी छात्रों ने महाविद्यालय परिसर को अच्छी प्रकार से सुंदर बनाया। कुछ स्थानों पर छात्रों ने नए पौधों का रोपण भी किया। इस अभियान में महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉक्टर सुशील गौतम व प्राचार्य डॉ. खुशवंत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। एनएसएस प्रभारी डॉ. सुशील गौतम ने बताया कि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है।

### सीएससी पंडोह का निर्माण कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** मंडी जिला के सदर विकास खंड की ग्राम पंचायत पंडोह में



सीएससी यानी कामन सर्विस सेंटर का निर्माण कार्य आरंभ हो गया है। पंचायत सचिव गुप्ता ने बताया कि इस सीएससी का भूमि पूजन पंचायत प्रधान गीता देवी के करकमलों से गत शनिवार को विधिपूर्वक सभी पंचायतों सदस्यों की उपस्थिति में किया गया है। उन्होंने बताया कि सीएससी भवन का निर्माण कार्य पंचायत भवन के आगे किया जा रहा है। इसके लिए पांच लाख रुपए स्वीकृत हुए है। इस अवसर पर पंचायत प्रधान ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमारी पंचायत को यह सुविधा मिली है। इस अवसर पर उप प्रधान पवन ठाकुर, वार्ड सदस्य गोपाल ठाकुर, चित्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार, गिता देवी, गिता देवी धडोल और चेतना सहित स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

### जेबीटी के 28 पदों पर बैचवाइज होगी भर्ती

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपनिदेशक, प्राथमिक शिक्षा विभाग, मंडी द्वारा वार्ड ऑफ एक्स-सर्विसमैन श्रेणी के अंतर्गत जेबीटी (जूनियर बेसिक टीचर) के 28 पद बैचवाइज आधार पर भरे जाने को लेकर उप रोजगार कार्यालय सरकाघाट को मांग पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें सामान्य श्रेणी के 19 पद, अनुसूचित जाति के 5 पद, अनुसूचित जनजाति का 1 पद, और अन्य पिछड़ा वर्ग के 3 पद शामिल हैं। बैचवाइज पात्रता विवरण:सामान्य श्रेणी व अन्य पिछड़ा वर्ग बैच वर्ष 2015 तक।अनुसूचित जाति: बैच वर्ष 2016 तक। अनुसूचित जनजाति बैच वर्ष 2017 तक। शैक्षणिक योग्यता एवं आवश्यकताएं अभ्यर्थियों के पास जमा दो (12वीं कक्षा) की योग्यता होनी चाहिए। जानकारी उप रोजगार कार्यालय सरकाघाट के प्रभारी सुनीत शर्मा ने उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### विद्यार्थियों को दिया लैंगिक समानता का संदेश



**अनंत ज्ञान, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय में जेंडर सेंसटाइजेशन कमेटी द्वारा 'एडोलसेंट हेल्थ एंड हाइजीन' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. आशा ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर विजय भनोट, हेल्थ एजुकेटर ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों भाषण, कविता पाठ, गायन एवं संगीत संबंधित प्रस्तुतियों द्वारा लैंगिक समानता का संदेश विद्यार्थियों को दिया। मुख्य वक्ता ने एडोलिसेंट हेल्थ एंड हाइजीन विषय से संबंधित विभिन्न शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों के अतिरिक्त, प्रो. बलदेव, प्रो. शिखा कपूर आदि उपस्थित रहे।

### जागरूकता से ही प्राकृतिक आपदा से बचा जा सकता है

**अनंत ज्ञान, करसोग।** आपदा जोखिम से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन



प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से करसोग में समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्याशाला एसडीएम करसोग राजकुमार की अध्यक्षता में शुरू हुई। 25 सितंबर, 2024 तक चलने वाली इस प्रशिक्षण कार्याशाला में ग्राम पंचायत ममेल, खादरा, स्वामाहूं और कलाशन में गठित आपदा प्रबंधन टास्क फोर्स के लगभग 60 स्वयंसेवी भाग ले रहे है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन एसडीएम ने कहा कि प्रशिक्षण और जागरूकता से ही प्राकृतिक आपदा के प्रभाव को कम कर, इससे बचा जा सकता है। जिसके लिए हम सभी का जागरूक होना आवश्यक है। इस दौरान स्वयंसेवियों को सुरक्षित व भूकंपरोधी भवन निर्माण के अतिरिक्त आपदा के समय प्रथम उपचार के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

### शिक्षक सीख रहे हैं शिक्षण की बारीकियां



**अनंत ज्ञान मंडी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में राज्य स्तरीय सेवाकालीन व्यावसायिक शिक्षकों (आइटीएस) का तीसरे चरण में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ हुआ। यह शुभारम्भ कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉक्टर चमन प्रकाश द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में जिला कांगड़ा और सोलन के व्यावसायिक शिक्षक भाग ले रहे हैं। यह जानकारी समन्वयक डॉ. दिनेश कुमार ने दी। समग्र शिक्षा के राज्य व्यावसायिक समन्वयक संदीप सोहेल और दिनेश कुमार यह प्रशिक्षण देंगे।

### करसोग के वार्ड नं. 4 में चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, करसोग।** नगर पंचायत करसोग के वार्ड नंबर 4 में बस अड्डा करसोग




के समीप सफाई अभियान चलाया गया। नगर पंचायत द्वारा चलाए गए सफाई अभियान में क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी करसोग हुमेश कुमार ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस दौरान बस अड्डा के समीप साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। नगर पंचायत सचिव बलदेव ठाकुर ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश भर में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

### जिला स्तरीय ख्योड़ नलवाड़ मेले का कंगना रनौत ने किया समापन

# सांसद ने की पंचायत को 15 लाख देने की घोषणा

**सुनील शर्मा, गोहर**



कार्यक्रम के समापन समारोह में सांसद कंगना रणौत व अन्य।



मेला नलवाड़ ख्योड़ समापन समारोह में शिरकत करते स्थानीय देवी देवता।




प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

जिला स्तरीय ख्योड़ नलवाड़ मेले का समापन सोमवार को मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रणौत ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नाचन के विधायक विनोद कुमार ने शिरकत की। मेले के समापन अवसर पर लोनिवि के बासा विश्राम गृह में मुख्यातिथि समेत सभी गणमान्य अतिथियों ने रंग बिरंगी पगड़ियां पहनी। जिसके बाद बैंड बाजे की धुन पर बासा रेस्ट हाउस से ख्योड़ मेला स्थल तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंच पर पहुंचने के बाद बासा पंचायत के उपप्रधान व अध्यक्ष मेला कमेटी तरुण कुमार शर्मा ने मुख्यातिथि सांसद कंगना रणौत को सम्मानित किया।

इस अवसर पर मेला कमेटी ने विशिष्ट अतिथि विधायक विनोद कुमार को भी सम्मानित किया। इस मौके पर स्वागत गीत और मुकेश ठाकुर की कराटे प्रस्तुति सराहनीय रही। पंचायत उप प्रधान तरुण कुमार ने मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया और अपनी मांग रखी।

विशिष्ट अतिथि विधायक विनोद कुमार ने मेले को खराब करने वाले कांग्रेस नेताओं को बेसहारा और आवारा नेता की संज्ञा दी। मुख्यातिथि सांसद कंगना रनौत ने कहा कि वे जीतने के बाद पहली बार नाचन में आई हैं। इस मौके पर सांसद कंगना ने बासा पंचायत को 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर कंगना ने मेले में आए देव कमेटियों को नजराना भी दिया। (अनंत ज्ञान)

### अंतिम संध्या लोक गायक काकू के नाम

**जिला** स्तरीय ख्योड नलवाड़ मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या छोटा पटाखा बड़ा धमाका के नाम से मशहूर हिमाचली लोक गायक काकू राम ठाकुर के नाम रही। अंतिम संध्या में नाचन के विधायक एवं भाजपा प्रदेश सचिव विनोद कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बासा पंचायत के उप प्रधान तरुण कुमार शर्मा ने विधायक मुख्यातिथि विनोद कुमार को मंच पर सम्मानित किया। संध्या का आगाज सूरजमणी की शहनाई की मंगल धुन से हुआ। जिसके बाद रिधि भारद्वाज हटगढ़ के कार्यक्रम के दर्शक कायल हो गए। एनके भारद्वाज नौं ग्रांव के नॉन स्टॉप गीतों से दर्शक मंत्रमुग्ध हुए। घनश्याम दाडी ने पहाड़ी और फिल्मी गीतों से समा बांधा। टेक चंद बासा ने अपने गीतों से धमाल मचाया। इशु ठाकुर पधर ने नॉन स्टॉप गीतों से दर्शकों का मन मोहा। चांदनी चैलचौक के गीतों को दर्शकों ने खूब सराहा।

गुरप्रीत चौहान के डांस ने ऐसा रंग जमाया कि हर कोई कायल हो गया। आदर्श कला मंच चैलचौक की प्रस्तुति भी सराहनीय रही। विनायक गुप्ता का डांस अमिट छाप छोड़ गया। आशीष भारद्वाज ने अपने फिल्मी पहाड़ी गीतों से सबको कायल कर दिया। ललित कुमार ने नॉन स्टॉप गीतों की से समा बांधा

# मंडी शहर में गूंजे हिमाचल ग्रामीण बैंक के कर्मचारी




सेरी मंच के समीप धरना-प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण बैंक कर्मचारी।

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी शहर में सोमवार को हिमाचल ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों द्वारा शहर में प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें प्रदेश भर की शाखाओं ने कर्मचारियों ने भाग लिया और प्रबंधन तथा चेयरमैन के खिलाफ नारेबाजी की।

धरना प्रदर्शन हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक ऑफिसर ऑर्गेनाइजेशन के बैनर तले मंडी सेरी मंच से जेल रोड ग्रामीण बैंक मुख्य कार्यालय तक रैली कर धरना प्रदर्शन किया और साथ ही कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की गई।

इस दौरान हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक ऑफिसर ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश महासचिव विशाल शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 8 जुलाई 2024 को 12वां बीपीएस जारी करने के आदेश दिए थे लेकिन प्रबंधन द्वारा इन नियमों को पहले लागू नहीं किया गया है जब किया तो आधा अधूरा जारी किया। जैसे ही प्रबंधन पर संगठन का दबाव इन पर पड़ा तो इन्होंने एक प्रपत्र जारी किया जिसमें बहुत सी खामियां व्याप्त है जिसका ग्रामीण बैंक कर्मचारी विरोध करते है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारियों को वेतन भत्ते मिलते है उसी प्रकार से ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों को भी दिए जाए।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि धरना सांकेतिक है लेकिन बैंक प्रबंधक उनकी मांगों को नहीं मानता है तो 28 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक ऑफिसर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा एक दिन की हड़ताल की जाएगी और उसके बाद दिल्ली में पंजाब नेशनल बैंक के मुख्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा।

## कोई व्यक्ति कूड़ा फेंकते दिखे तो निगम को करें सूचित : वीरेंद्र

**जितेंद्र, मंडी**




सफाई अभियान के दौरान महापौर व अन्य।

नगर निगम मंडी द्वारा स्वच्छता ही सेवा 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' के कार्यक्रम के तहत नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने स्वच्छता साथियों व वल्लभ कॉलेज मंडी के बैचलर ऑफ वोकेशनल टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी के लगभग 80 छात्रों सहित वार्ड नंबर 2 पुरानी मंडी में विक्टोरिया पुल से लेकर हनुमान मंदिर, नीलकंठ मंदिर, त्रिलोकीनाथ मंदिर तक एक स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें हॉट स्पॉट के अलावा आस पास की झाड़ियों की कटाई की गई। महापौर ने लोगों से आग्रह किया कि जितना मंडी शहर को साफ रखने का दायित्व निगम का है उतना ही दायित्व शहरवासियों को भी है, यदि कोई व्यक्ति शहर में कूड़ा इधर उधर फेंकते दिखाई दे तो उसकी सूचना निगम कार्यालय में दें। (अनंत ज्ञान)

## किरायेदारों का करवाएं पंजीकरण : पुरुषोत्तम

**नेरचौक।** 24 सितंबर को नेरचौक ट्रैफिक पुलिस बूथ पर प्रवासियों का पंजीकरण किया जाएगा। पुलिस थाना बल्ह के प्रभारी पुरुषोत्तम धीमान ने बताया कि हिम समाजसेवा समिति एवं बल्ह पुलिस के संयुक्त प्रयास द्वारा प्रवासी किरायेदारों के पंजीकरण हेतु ट्रैफिक पुलिस बूथ नेरचौक में एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

बल्ह थाना प्रभारी पुरुषोत्तम धीमान ने सभी बल्ह वासियों से अपील की है कि इस शिविर का लाभ उठाएं तथा अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने-अपने किराएदारों का पंजीकरण अवश्य करवाएं।

## एट्रोसिटी एक्ट से तंग परिवार ने मांगी इच्छा-मृत्यु

**अनंत ज्ञान, मंडी**



उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते हुए लोग।

सोमवार को मंडी शहर में सन्यारड निवासी किशोर कुमार व उसके परिवार ने मंडी शहर में धरना प्रदर्शन किया और अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर को ज्ञापन प्रेषित किया जिसमें उन्होंने अपने परिवार और उन्हें मृत्यु दंड देने की मांग की।

किशोर कुमार ने बताया कि काफी लंबे समय से मेरा सारा परिवार पड़ोसी द्वारा परेशान किया जा रहा है और लगातार धमकियां भी दी जा रही है और पड़ोसी द्वारा एट्रोसिटी एससी एसटी एक्ट 1989 कानून की शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। किशोर ने बताया कि 1 वर्ष से परिवार के सदस्य मानसिक, सामाजिक और शारीरिक तौर पर प्रताड़ित किए जा रहे है।

किशोर ने बताया कि हमारी मलकियत भूमि पर पिछले एक वर्ष से गैर कानूनी तरीके से पड़ोसी द्वारा कब्जा किया गया है और मलकियत भूमि पर अपना मकान बना रहे है जिस पर जिला मंडी की अदालत के द्वारा स्टे आर्डर, म्युनिसिपल कमेटी के द्वारा 2 बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भी पड़ोसी परिवार निरंतर कार्य कर रहा है और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

इस दौरान एडीसी मंडी रोहित राठौर ने बताया कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है और सुरक्षा की दृष्टि से इस मामले पर कार्रवाई की जाएगी।

## भूतपूर्व सैनिक लीग ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, मंडी**



सामूहिक चित्र में पूर्व सैनिक, वीर नारिया, एडीसी मंडी व एडीएम मंडी।

भूतपूर्व सैनिक लीग मंडी द्वारा सोमवार को मंडी के शहीद स्मारक में 1965 में हुए भारत-पाक युद्ध का 59वां विजय दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को शहिद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि एडीसी मंडी रोहित राठौर उपस्थित रहे। इस दौरान भूतपूर्व सैनिक लीग मंडी के जिला महासचिव कैप्टन हेतराम शर्मा ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच 6 सितंबर से 22 सितंबर 1965 तक युद्ध हुआ था जिसमें मंडी के 28 वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी जिन्हें आज श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया।

उन्होंने कहा कि मंडी में बने शहीद स्मारक के दूसरे चरण का कार्य भी अब जल्द ही शुरू हो जाएगा और इसमें पूर्व युद्ध में शहीदों के नाम भी अंकित किए जाएंगे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगी 8 टीमें

**मंडी।** 25 सितंबर से आरंभ हो रही 51वींअखिल भारतीय ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता में 8 टीमें भाग लेंगी। समिति के सचिव राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में खेली जाएगी। प्रतियोगिता लीग व नॉकआउट आधार पर होगी। इसमें भाग लेने वाली टीमों में प्रमुख तौर पर पंजाब एफसी, राजस्थान पुलिस बीकानेर, शिमला एफसी, पदम फुटबॉल क्लब जम्मू, आरबीआई मुंबई, वाईएफसी खड्डु ऊना, जिला फुटबॉल संघ मंडी व ट्राइम्फ्स फुटबाल क्लब मंडी हैं। फाइनल मैच 29 सितंबर को खेला जाएगा।

## सरकाघाट को मिले 1430 आशियाने : दिलीप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश को 92364 मकान मिले। इसके तहत सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के गरीब परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने 1430 घरों के निर्माण की स्वीकृति दी है।

विधायक ने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों के सिर पर छत मुहैया कराना है। विधायक ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर गरीब के सिर पर छत के सपने को पूरा किया। इस योजना के तहत 65000 की पहली किस्त जारी कर दी गई है।

कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए विधायक ने कहा कि समाज का हरेक वर्ग कांग्रेस सरकार के फैसलों से निराशा है प्रदेश कांग्रेस सरकार ने पूर्व की जयराम सरकार के बहुत से जनकल्याणकारी फैसलों को बदला है। एक और फैसले को बदलते हुए अब प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में भी का पानी का बिल वसूला जाएगा।

## 24 को बिजली बंद

**मंडी।** सहायक अभियन्ता विद्युत उप-मंडल साईगलू ई. हुकम चंद ने बताया कि साईगलू उपमण्डल के अंतर्गत आने वाले बीर फीडर में 24 सितंबर को पुरानी बिजली की तारों को बदलने और नए बिजली के पोल लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसके कारण 24 सितंबर को बीर अनुभाग के गांव बीर, लाग, कथवारी, बरयारा, धार, कठ्याना, सदोह, नल्होग, डोलरा-बल्ह, जमाणा, कलोथर, खडकल्याणा, खपरेहडा, भलेड, तरनोह, घेरु, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी तथा आसपास के क्षत्रों की विद्युत आपर्ति सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक बाधित रहेगी।

## सांप्रदायिकता के खिलाफ संगठित विरोध करेंगे जन संगठन : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बैठक के दौरान मौजूद सीटू के सदस्यगण

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मस्जिदों के बहाने फैलाई जा रही नफरत के विरोध में सम्मेलन आयोजित किया गया। सीटू जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से शिमला में एक अवैध निर्माण को लेकर जिसके बारे मामला कोर्ट में पैंडिंग होने के बावजूद कुछ सांप्रदायिक ताकतों ने इसके बहाने धर्म विशेष के खिलाफ सुनियोजित तरीके से अभियान चलाया है। शिमला के बाद मंडी और अन्य जगहों पर अवैध निर्माण कार्य को लेकर कानून हाथ में लेकर प्रदर्शन किए गए।

सुरेश सरवाल ने इस साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ाने से युवाओं का रोज़गार का मुद्दा पीछे छूट जाएगा।

## जलशक्ति मंडल सुंदरनगर में 3 अक्तूबर तक जमा करवाएं प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जलशक्ति विभाग मंडल सुंदरनगर द्वारा विभिन्न पदों के लिए आमंत्रित किए गए आवेदनों को लेकर आवेदनकर्ता अपने प्रमाण पत्र 3 अक्तूबर तक कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। अधिशाषी अभियंता ई. रजत शर्मा ने बताया कि पैरा नीति के अंतर्गत पैरापंप ऑपरेटर के 6, पैरा फिटर के 4 और मल्टीटाक्स वर्करों के 16 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसके तहत आरक्षण रोस्टर के अनुसार पैरापंप ऑपरेटर्स के 6 पदों में से 4 पद अनारक्षित श्रेणी, एक पद अनुसूचित जाति और एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है।

रजत गर्ग ने बताया कि पैराफिटर के चारों पद अनारक्षित हैं तथा मल्टी टास्क वर्कर्स के 16 पदों में से 3 पद अनुसूचित जाति, 2 पद अन्य पिछड़ा वर्ग एक पद ईडब्ल्यूएस तथा 10 पद अनारक्षित श्रेणी के लिए है। आवेदकों ने उपरोक्त पदों के लिए आवेदन किया है और उनसे भूलवश अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा ईडब्ल्यूएस का प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न नहीं किया है, वे आवेदक 3 अक्तूबर तक जलशक्ति मंडल सुंदरनगर कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत थाचाधार**
**विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी,(हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत थाचाधार की बैठक प्रधान की अध्यक्षता में हुई और निम्न कार्यवाही अमल में लाई गई। प्रस्तावः- वर्ष 2024-25 के लिए निविदा आमंत्रण बारे बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए निविदा आमंत्रण बारे प्रस्ताव रखा गया है। इस प्रस्ताव पर बैठक में विचार-विमर्श किया गया तथा विचार - विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि वर्ष 2024-25 के लिए निविदा आमंत्रित करनी उचित है। इसलिए सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। सभी से निवेदन है कि दिनांक 30.09.2024 तक आवेदन ग्राम पंचायत थाचाधार में पहुंचने अनिवार्य है। इस तिथि के बाद किसी का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी अपने आवेदन डाक के माध्यम से भेजें। याद रहे हाथ दस्ती आवेदन प्राप्त नहीं होंगे। पंचायत की आगामी बैठक में निविदाओं को पंचायत कोरम के सामने खोला जाएगा। सामग्री का विवरण इस प्रकार है।
**सामग्रीः-** 1. रेता (वॉटर बोर्न), 2. बजरी (क्रशर) फुट में, 3. लोकल पत्थर क्यूबिक मीटर में, 4. ईंट (मिट्टी के भट्ठे की) प्रति ईंट, 5. जेसीबी द्वारा कटिंग और स्टोन ब्रेकिंग क्यूबिक मीटर में, 6. सीमेंट ढुलान बालीचौकी से प्रति बैग, 7. खच्चर किराया प्रति फुट और प्रति पेवर/ईंट, 8. डस्टबिन प्रति नग, 9. जीएल सीट छत वाली प्रति शीट, 10. ग्रिल लोहा ग्राम प्रति किलोग्राम, 11. सूचना बोर्ड साइज वार प्रति बोर्ड, 12. सरिया प्रति किलो ग्राम।
**शर्तेंः- 1.** अनुमोदित निविदादाता के पास अपनी गाड़ी होनी अनिवार्य व जिसकी आरसी आवेदन पत्र के साथ संलग्न करनी आवश्यक है। 2. निविदादाता का अपना पंजीकय पैन संख्या जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। 3. जीएसटी या सीजीएसटी निविदा के साथ व सामग्री के साथ मूल्य सहित स्पष्ट रूप से दर्शाएं। 4. खनिज पदार्थ वाली सामग्री में एम फार्म प्रदान करना आवश्यक होगा। 5. अनुमोदित निविदादाता को धरोहर राशि के रूप में 50 हजार पंचायत के खाता में जमा करने होंगे। 6. सामग्री की गुणवत्ता से काई समझौता नहीं होगा। 7. आवेदन को रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित है। 8. अगर सामग्री की आपूर्ति समय पर नहीं की जाती है तो बिना पूर्व सूचना के अनुबंध रद्द किया जाएगा।
**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत थाचाधार, विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी,(हि.प्र.)**

**विडंबना** — मौत के बाद भी नहीं जागा लोनिवि, शिकायत पर भी नहीं किया समस्या का समाधान

# धुरखड़ी के पास तीखे मोड़ पर नहीं साइन बोर्ड

**अनिल शर्मा, मंडी**



धुरखड़ी सत्संग भवन प्लासी के पास तीखा मोड ने गत 19 अगस्त को एक युवक की जान ले ली। लोक निर्माण विभाग की लचर कार्यप्रणाली ने घटना के बाद भी कोई संज्ञान नहीं लिया। इतना ही नहीं स्थानीय निवासी विभाग के अधिकारियों को नींद से जगाने के लिए बलद्वाड़ा के लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता के द्वार तक गए, लेकिन इस पर संज्ञान लेने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

नरोला गांव की आवाज कमेटी के सदस्य कै. जगदीश वर्मा, बलदेव सिंह, बालकराम, महंत राम, जयलाल, गोविंद राम, तुलसीराम आदि ने मांग करते हुए कहा कि इस स्थान पर लोक निर्माण विभाग द्वारा जल्द दोनों तरफ कंक्रीट के स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं और रात को चमकने वाले साइन बोर्ड भी लगाएं, ताकि वाहन चालकों को मोड़ पर दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### 32 वर्षीय प्रवीण की गई है जान

**कमेटी** ने लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह बताने की जरूरत नहीं है कि अगर विभाग ने समय रहते कार्रवाई की होती तो 32 वर्षीय प्रवीण कुमार की जान न जाती। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर लोक निर्माण विभाग इस पर कार्रवाई नहीं करता है, तो उन्हें ऐसी घटनाओं में हुए नुकसान के विरुद्ध लोक निर्माण विभाग के ऊपर एफआईआर दर्ज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### मोड़ काटने से पहले नाले में गिरते हैं वाहन

**आवाज** कमेटी के सदस्यों ने बताया कि रात के समय वाहन चालक मोड़ काटते समय नियंत्रण से बाहर हो जाते हैं और वाहन समेत नीचे नाले में गिर जाते हैं। अधिशासी अभियंता सरकाघाट को एक पत्र लिखकर मांग की है कि वह अति शीघ्र इस स्थान पर दोनों तरफ रंबल के नहीं बल्कि कंक्रीट के स्पीड ब्रेकर लगाने के लिए डीपीआर बनाएं।

> वहां कोई ब्लैक स्पॉट नहीं है, रोड वहां 10.10 मीटर चौड़ा है, पैराफिट लगे हैं, स्टेट हाईवे है।
> -ई. अंशुल चौधरी, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग बलद्वाड़ा।

## पार्षदों के आरोपों को जल शक्ति विभाग ने बताया राजनीति से प्रेरित

**जोगिंद्रनगर।** परिषद के कुछ पार्षदों द्वारा 21 सितंबर को नगर की सीवरेज व्यवस्था को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। इन पार्षदों ने उपमंडलाधिकारी के माध्यम से जल शक्ति विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई, जिसे जल शक्ति विभाग ने राजनीति से प्रेरित करार दिया है।

जिल शक्ति विभाग ने पार्षदों के इस विरोध को दुर्भाग्यपूर्ण और अज्ञानता से प्रेरित बताया है। अधिकारियों का कहना है कि जिन पार्षदों ने यह विरोध किया है, वे जनता को भड़का रहे हैं और इस मुद्दे को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। विभाग के अनुसार, सीवरेज व्यवस्था को लेकर कोई बड़ी समस्या नहीं है और इसे सुधारने के लिए पहले ही आवश्यक कदम उठाए जा चुके हैं।

# उपमंडल बंगाणा में चलेगी ट्रैवल्र्स रूट परमिट तैयार करके भेजे शिमला

## बैठक में ट्रैवलर चलने के लिए बनाया रूट परमिट चार्ज, स्वीकृति मिलते ही देंगे रूट परमिट : सोनू गोयल

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा में एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल की अध्यक्षता में कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में दो दर्जन पंचायत प्रधान और खासकर आरटीओ जिला ऊना अशोक कुमार, परिवहन आरएम हमीरपुर सर्कल विशेष रूप से बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में उपमंडल बंगाणा में छोटे रूट पर मिनी बस यानी टेम्पो ट्रेवल्र्स चलाने पर चर्चा की गई। इसमें बंगाणा से खडोल, अरलू, भ्यांबि पीपलू, बड़सर से लठियानी, कोहड़रा, भाखड़ा डैम, रायपुर मैदान, अंदरौली, सोहारी तलमेहड़ा, बडूही आदि करीब एक दर्जन से ज्यादा छोटे रूट देकर जनता को सुविधा देने पर बैठक में बल दिया गया और एक दर्जन से ज्यादा छोटे रूट का चार्ट बनाकर शिमला परिवहन को स्वीकृति के लिए भेजा गया। बंगाणा के उपमंडलाधिकारी नागरिक सोनू गोयल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा परिवहन की बसें जहा बड़े रूट पर बढ़ी चलाई जाती हैं।


बंगाणा में आरटीओ के साथ बैठक करते विभिन्न पंचायतों के प्रधान।

वहीं पर सड़क तंग होने के कारण और दूसरा बड़ी बसों के खर्च पूरा नहीं हो पाता है, इसलिए सरकार के दिशा-निर्देशों पर हमने कार्यालय में बैठक की और एक दर्जन छोटे रूट पर ट्रैवल्र्स चलाने की प्रपोजल राज्य सरकार और विभाग शिमला को भेजी है। जैसे ही स्वीकृति मिलेगी, वैसे ही एसडीएम कार्यालय बंगाणा से एक रूप परमिट का लोगो तैयार करके रूट परमिट लेने वाले इच्छुक ट्रांसपोर्ट को बुलाकर परमिट दिए जाएंगे और तुरंत छोटे वाहन जनता की सेवा में समर्पित होंगे। उन्होंने कहा कि कई दिनों से लोगों के सुझाव मिल रहे थे और कुछ गांवों में सरकारी या निजी बसों की सुविधाएं भी नहीं हैं और जनता को पैदल चलकर जाना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि इस बात की चर्चा हमने बीते रविवार को कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा से की थी। कुटलैहड विस क्षेत्र के कुछ गांव या पंचायतों में सड़क सुविधा तो है, पर सरकारी या फिर निजी बस की जनता को कोई सुविधा नहीं है। पूरे दिन में केवल एक बस आती-जाती है। इस पर विधायक विवेक शर्मा से विशेष चर्चा करने के बाद उपमंडल बंगाणा में यह रूट परमिट चयनित करके स्वीकृति के लिए शिमला भेज दिया गया है।

बताते चलें कि खड़ोल, अरलू, कोहडरा,रायपुर मैदान सोहारी, आदि पंचायतों को जोड़ने वाली सड़कों में कई गांव ऐसे हैं, जिन्हें इस छोटे वाहन चलने से बस सुविधा उपलब्ध होगी। इस मौके पर प्रधान विजय शर्मा, प्रधान अरलू महिंद्र सिंह राणा, प्रधान पीपलू महिंद्र सिंह, प्रधान हटली स्वर्ण सिंह, प्रधान शकुंतला देवी के अलावा अन्य पंचायत प्रधान मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# फर्जी टैक्सियों से दुखी टैक्सी यूनियन पहुंची डीसी के दरबार


टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी डीसी को ज्ञापन देने जाते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

- सौंपा ज्ञापन; कार्रवाई की मांग की
- सरकार को लगा रहे करोड़ों का चूना

जिला मुख्यालय में प्राइवेट गाड़ी को टैक्सी के रूप में चलाने पर टैक्सी यूनियन भड़क उठी है। ऐसी गाड़ियां पर शिकंजा कसने के लिए यूनियन के पदाधिकारी डीसी के दरबार में पहुंचे। उन्होंने इस समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा।

हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना में निजी गाड़ियों में सवारियां ढोने वालों को लेकर टैक्सी यूनियन के लोगों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। टैक्सी यूनियन के तमाम टैक्सी चालकों ने इकट्ठा होकर डीसी ऊना को जो ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने निजी गाड़ी से सवारियां ढोने वालों पर शिकंजा कसने की मांग की है।

टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी की माने तो उन्होंने बैंक से लोन लेकर टैक्सियां डाली हुई हैं और सरकार को इसका टैक्स भी अदा कर रहे हैं, लेकिन निजी गाड़ी का टैक्सी के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। उनका कारोबार लगातार काम हो रहा है, और वे सरकार को हजारों रुपए टैक्स का भी चूना लगा रहे हैं। काम न मिलने के चलते इसका बड़ा असर उनकी रोजी-रोटी पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा की जो भी निजी गाड़ी में सवारियां ढो रहे हैं, जिन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। इस कारण आरटीओ विभाग व पुलिस कर्मचारी उन पर कार्रवाई करने से भी परहेज कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि निजी रूप में सवारियां ढो रही गाड़ियों पर शिकंजा कसा जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल पहुंचने पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, टाहालीवाल।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसदेहड़ा में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ललड़ी के विद्यार्थियों ने खो-खो प्रतियोगिता में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रोड़ा को हराकर खिताब अपने नाम किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने बताया कि उनके विद्यालय के चार खिलाड़ी जिनमें अभिषेक कुमार, दीपक कुमार, वंश और रमन कुमार का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है, जो कि विद्यालय के लिए एक हर्ष की बात है। उन्होंने बताया कि विद्यालय पहुंचने पर इन विजेता खिलाड़ियों का स्कूल द्वारा बहुत ही गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उनको सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों व प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने बच्चों की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### वॉलीबाल प्रतियोगिता के विजेताओं का स्वागत



**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसदेहड़ा में आयोजित की गई अंडर-19 लड़कों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाथू के खिलाड़ियों ने बढ़िया प्रदर्शन करके वॉलीबाल में विजेता का खिताब हासिल किया। स्कूल में पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का शानदार स्वागत किया गया। टीम के बढ़िया प्रदर्शन पर प्रधानाचार्य रविंद्र धीमान, ग्राम पंचायत प्रधान सुरेखा राणा, एसएमसी प्रधान शाम लाल व स्टाफ सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों और डीपीई रामपाल को बधाई दी। प्रधानाचार्य रविंद्र धीमान ने बताया कि स्कूल के चार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है तथा खिलाड़ियों की इस उपलब्धि का श्रेय डीपीई रामपाल की कड़ी मेहनत को जाता है। इस अवसर स्कूल के अध्यापक पुरुषोत्तम कुमार, रणजीत सिंह,चमन लाल, यशपाल, विजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मंजू वासुदेवा, रजनीश शर्मा, अश्वनी कुमार, हरदीप कुमार, संतोष देवी, कमल कांत, दिलदार सिंह, अमिता शर्मा, नितीश कुमार, अंजू बाला उपस्थित रहे।

### पलक खेलेगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान डीडीएम इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा पलक जसवाल का जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन देखते हुए राज्य स्तरीय अंडर -14 वॉलीबाल प्रतियोगिता में चयन किया गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा, उपप्रधानाचार्य डॉ. सौरभ शर्मा व शारीरिक शिक्षा अध्यापक जतिंद्र राणा ने चयनित खिलाड़ी को सम्मानित किया। इस मौके पर पलक जसवाल ने स्कूल प्रबंधन का आभार जताया। स्कूल प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

### रोड़ा स्कूल के चार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ



**अनंत ज्ञान, टाहालीवाल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रोड़ा के खो-खो के चार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो की अब 4 अक्तूबर से राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तारूवाला (सिरमौर) में आयोजित की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने बताया कि हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में उनके विद्यालय के वरुण चौधरी, इशांत चौधरी, सर्वजीत सिंह तथा शिवांश शर्मा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के चयन को लेकर इनके प्रशिक्षक डीपी नरेश कुमार द्वारा दिया गया प्रशिक्षण तथा खिलाड़ियों की मेहनत है। इसके लिए उन्होंने डीपी नरेश कुमार, खिलाड़ियों तथा उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य राकेश कुमार के अलावा डीपी राकेश कुमार, प्रवक्ता राकेश कुमार एवं अध्यापक सतपाल उपस्थित रहे।

### अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम का किया वेलकम



**ऊना।** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा में अंडर 19 लड़कों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाली उपविजेता टीम का स्वागत करते अध्यापक और स्थानीय लोग।

### जतिन बास्केटबाल में राज्य टीम में चयनित



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल जरियालां की बास्केटबाल की टीम ने बदसेहडा में आयोजित जिलास्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य विजय ठाकुर ने बताया कि जतिन सिंह का चयन राज्य स्तरीय बास्केटबाल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। और आगामी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कड़ी मेहनत में जुट गए हैं। इसके लिए विजय ठाकुर ने जतिन के माता-पिता और गुरुजनों को बधाई दी है और खेल विभाग से टेक सिंह जसवाल और रणजोध परमार की पीठ भी थपथपाई। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त अंडर 14 में खो-खो जिलास्तरीय प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करने वाले हर्षित भी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हो चुका है। गौरतलब हो कि इस साल विद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में चार विनिंग ट्राफियां अपने नाम की हैं। इस मौके पर स्थानीय स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# वंशिका का चयन राज्य स्तरीय शतरंज खेलकूद प्रतियोगिता में

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रपोह मिसरां की होनहार छात्रा बंशिका मोदगिल ने स्कूल, माता-पिता और लोगों का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रधानाचार्य तरसेम लाल धीमान ने बताया कि बंशिका मोदगिल का चयन राज्य स्तरीय शतरंज खेलकूद प्रतियोगिता नादौन (हमीरपुर ) के लिए हुआ। इस उपलब्धी पर प्रधानाचार्य तथा स्टाफ ने स्कूल पहुंचने पर बंशिका मोदगिल का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर राकेश कुमार, सुरजीत कुमारी, अरुण कुमार, संजय डोगरा, मुकेश कुमार, रोमी, बलवीर सिंह, ज्योति, अंजू, कुसुम, पूनम, विशाल धीमान आदि उपस्थित रहे।



## कार्यशाला



गोंदपुर बनेहड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में स्वच्छता पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पाठशाला के बच्चों ने पाठशाला परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा, अधीक्षक रजनी शर्मा, लेक्चरर अनु शर्मा, सीमा सोहाल, रमणीक बंसल, सुरेश ठाकुर, राजन कुमार, मुकेश कुमार, सुनीता कुमारी, विनोद ठाकुर, नरेश कंवर, मनीष ठाकुर, सुनील ठाकुर, सुशील कुमार, अरुण कुमार, रामिका कुमारी, स्मृति चौधरी, शकुंतला कुमारी, संदीप कुमार, मनोज कुमार, अंकुर सूद, शिव शर्मा, रमेश चंदेल, अश्विनी पठानिया उपस्थित थे। स्कूल के बॉयो के प्रवक्ता सुरेश ठाकुर ने पाठशाला के बच्चों को कार्यशाला के माध्यम से स्वच्छता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और उन्हें स्वच्छता के बारे में जागरूक किया।

# रायपुर की ऐतिहासिक रामलीला का 3 अक्तूबर से होगा मंचन

**विनोद शर्मा, लठियानी**

उपमंडल बंगाणा के रायपुर मैदान में हर वर्ष की भांति इस बार भी रामलीला का आयोजन 3 से 11 अक्तूबर तक किया जा रहा है। रामलीला कमेटी के प्रधान उज्ज्वल परमार ने बताया कि अभिनय करने वालों का अभ्यास शुरू हो गया है। उपप्रधान पम्मी परमार ने बताया कि इस बार रामलीला का स्वरूप पहले की अपेक्षा से अलग ही देखने को मिलेगा। निर्देशक ईश्वर शर्मा रामलीला में अभिनय करने वालों को बार-बार दिशा निर्देश दे रहे हैं ताकि स्थानीय युवा अपना अभिनय बखूबी से कर सकें। रामलीला के सचिव पम्मा राणा ने बताया कि शुरू से ही रामलीला में स्थानीय युवा ही बढ़-चढ़कर अपना अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हैं। सचिव पम्मा राणा ने कहा कि बहुत ही हर्ष की बात है कि युवाओं का ध्यान धार्मिक कार्यक्रमों की ओर अग्रसर हो रहा है। संयोजक राकेश शर्मा ने कहा कि हमें प्रभु राम के आदर्शों पर चलना चाहिए। रामलीला के सदस्यों काला, मान सिंह, अमन, दीपू, दर्शन, राजू, नरेश शर्मा माखनु एवं लवली ने बताया कि कार्तिक परमार-राम , लवली शर्मा-लक्ष्मण, दीपक परमार-रावण, मान सिंह बंगा-कुंभकर्ण, काला-परशुराम, राजीव धीमान-हनुमान , वंश ढिल्लों-सीता का अभिनय करेंगे। रामलीला को देखने के लिए बहुत दूर-दूर से लोग रायपुर मैदान में आते हैं और अभिनय करने वालों की हौसला बढ़ाते हैं। 3 अक्तूबर से रामलीला के शुरू होने पर रायपुर मैदान का पूरा इलाका प्रभु राम के उद्घोष के रंग में रंग जाता है। (अनंत ज्ञान)

# एनजीओ टीम ने खेल-खेल में गणित विषय को बनाया रोचक

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

- नवनियुक्त जेबीटी अध्यापकों को दिया प्रशिक्षण

जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान देहलां में नवनियुक्त जेबीटी अध्यापकों के प्रशिक्षण का आठवां दिवस आयोजित करवाया गया। सुबह के सत्र की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। मैडम मीना शर्मा ने अध्यापकों को राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रीय गान के सही लय, सुरों के बारे में जानकारी प्रदान की।

पहले सत्र की शुरुआत में जिला परियोजना अधिकारी राकेश अरोड़ा ने नवनियुक्त अध्यापकों के साथ बहुत ही महत्वपूर्ण चर्चा की। उन्होंने आह्वान किया कि अपने विद्यार्थियों में सुनने, समझने, लिखने और पढ़ने के कौशल के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का पाठ भी विद्यार्थियों को जरूर पढ़ाए ताकि वे एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकें। प्रशिक्षण के आठवें दिन एनजीओ (प्रथम) की जिला समन्वयक मैडम सीमा शर्मा, मैडम सरिता और मैडम ममता उपस्थित रहे। उनके साथ राज्य से प्रथम टीम के हितेश और पवन भी उपस्थित रहे।

प्रथम टीम के सदस्यों ने गणित विषय को पढ़ने के साथ-रोचक बनाने के लिए खेल खेल के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई। सभी अध्यापकों ने प्रथम टीम द्वारा करवाई गई गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# लगातार तीसरी बार कृषि सहकारी सभा टटेहड़ा के प्रधान बने अरुण कुमार बॉबी

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

कृषि सहकारी सभा टटेहड़ा की प्रबंधन समिति के चयन के लिए हुए चुनाव में अरुण कुमार बाबी लगातार तीसरी बार सभा की प्रबंधन समिति के प्रधान बनने में कामयाब हुए हैं। सहकारिता निरीक्षक एवं चुनाव अधिकारी अशोक कुमार की अगुवाई में संपन्न हुई चुनाव प्रक्रिया में पांच में से चार वार्डों के सदस्य सर्वसम्मति से चुन लिए गए लेकिन निवर्तमान प्रधान अरुण कुमार बाबी को प्रधान बनने से पहले अपने वार्ड में ही चुनाव का सामना करना पड़ा।



इसमें अरुण कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अश्विनी कुमार को 12 मतों से अंतर से हराया। इसके बाद प्रबंधन समिति के प्रधान पद के लिए अरुण कुमार को सर्वसम्मति से चुन लिया गया। कृषि सहकारी सभा टटेहड़ा के चुनाव में वार्ड नंबर एक से नरेश कुमार द्वारा एकमात्र नामांकन पत्र दाखिल करने के चलते उन्हें सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया, जबकि वार्ड नंबर तीन से रमन कुमार, वार्ड नंबर चार से प्रदीप कुमार व वार्ड नंबर पांच से हेमंत कुमार द्वारा ही नामांकन-पत्र दाखिल करने से चलते उन्हें भी अपने-अपने वार्ड से निर्वाचित घोषित किया गया। वार्ड नंबर दो से दो उम्मीदवारों अरुण कुमार बाबी व अश्विनी कुमार ने नामांकन-पत्र दाखिल किए। इसके चलते नौबत मतदान तक पहुंची। इस वार्ड से कुल 169 मतदाताओं में से 152 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें से दो मत अवैध घोषित किए गए। बाबी को वैध 150 मतों में से 81 मत जबकि अश्विनी कुमार को महज 69 मत मिले। इस पर चुनाव अधिकारी ने अरुण कुमार बाबी को निर्वाचित घोषित किया। अरुण कुमार बाबी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभा के लाभांश को बढ़ाना व जरूरतमंद लोगों को समय पर ऋण उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

**सभा का गठन**

सभा की प्रबंधन समिति का गठन भी कर लिया गया। इसमें अरुण कुमार बाबी प्रबंधन समिति के सर्वसम्मति से प्रधान बनने में कामयाब रहे। नरेश कुमार को प्रबंधन समिति का उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार को कोषाध्यक्ष तथा रमन कुमार व हेमंत कुमार को सदस्य बनाया गया है।

# 30 तक निविदाएं की आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए खानपान सेवाएं, प्रशिक्षण सामग्री और सूचना व संचार संबंधी सामग्री खरीद को लेकर आपूर्तिकर्ता/एजेंसियों से निविदाएं आमंत्रित की हैं।

एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदाएं 30 सितंबर दोपहर ए बजे तक उपायुक्त कार्यालय ऊना के कमरा नंबर 422 में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि समिति के अध्यक्ष को बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार होगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

**सम्मान** मतदाता जागरूकता और सहभागिता प्रोत्साहन में दिया उत्कृष्ट योगदान

# स्वीप के तहत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एकलव्य कला मंच सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिला प्रशासन ने लोक सभा निर्वाचन 2024 के दौरान स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मतदाता जागरूकता और सहभागिता प्रोत्साहन में उत्कृष्ट योगदान के लिए आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कला मंच को सम्मानित किया है। उपायुक्त जतिन लाल ने उन्हें सोमवार को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की।


मतदाता जागरूकता और सहभागिता प्रोत्साहन में एकलव्य कला मंच को सम्मानित करते डीसी जतिन लाल।

बता दें, आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कला मंच के कलाकारों ने जिला ऊना के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटकों और स्लोगन के माध्यम से लोगों को वोट के महत्व को समझा कर मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने स्थानीय लोगों को लोकतंत्र का आधार, वोट न हो बेकार, देश के विकास में दें अपना योगदान, हर हाल में करना मतदान जैसे स्लोगनों के जरिए लोगों को वोट के प्रति जागरूक व प्रेरित किया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए जागरूकता कार्यक्रमों ने मतदाताओं के बीच व्यापक जनसंपर्क और मतदान प्रक्रिया के प्रति उनकी भागीदारी को बढ़ावा दिया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि मतदाता जागरूकता और अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने में लोक कला गतिविधियां बहुत सहायक रहती हैं। लोक से सीधे जुड़ाव के चलते संदेश का व्यापक प्रसार और प्रभाव सुनिश्चित होता है। एकलव्य कला मंच के कलाकारों ने अपने विशेष योगदान से ऊना जिले में मतदाताओं को जागरूक करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। उपायुक्त ने सभी कलाकारों को धन्यवाद और शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर, आईआरबीएन बनगढ़ एकलव्य कला मंच से हवलदार योगेश कुमार, सतीश कुमार, लखविंद्र सिंह, सिपाही अरविंद कौशल, सोनू, आशीष कुमार, मनीष सैन, रमन कुमार, अमरजीत सिंह, महिला सिपाही स्वाति, काजल तथा निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### बदाह गोंपा की कार्यकारिणी का चुनाव 29 को

**कुल्लू।** कुल्लू में रह रहे लाहौल के लोगों ने सुख-दुःख, पूजा-पाठ और जन-कल्याण के लिए कुल्लू मुख्यालय के समीप बदाह में एक गोंपा बनाया है। गोंपा परिसर में ही धरातल मंजिल में सामुदायक परिसर बनाया है, जहां भंडारों का, बैठकों का और जन-कल्याण सभाओं का आयोजन होता है। गोंपा संचालन, प्रबंधन और देख-रेख के लिए लाहौल के लोगों ने सन्-1993 में एक बहुत बड़ी सशक्त और बहुत प्रभावी सोसायटी का गठन किया था, जिसमें लाहौल के सैकड़ों लोग सदस्य बन कर जुड़े हैं। सोसायटी फोर प्रोमोशन आफ बुद्धिस्ट कल्चर एंड ट्रेडिशन, जिसे सामान्यतः बदाह गोंपा सोसायटी बोलते हैं, उसका गठन सन् 1993 में हुआ था। सोसायटी की सक्रिय, सशक्त और सतर्क कार्यकारिणी समिति का गठन हर तीसरे-चौथे साल में किया जाता है। वर्तमान कार्यकारिणी समिति का कार्यकाल अब पूरा हो गया है। कार्यकारिणी समिति की बैठक जो 22 रविवार को बदाह गोंपा में हुई, उसमें सोसायटी की बैठक और चुनाव की तिथि की घोषणा भी कर दी गई है और अब 29 को आम बैठक के बाद नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव भी 29 को करवाया जाएगा। इसलिए बदाह गोंपा सोसायटी के सभी सदस्यों को और नए सदस्य बनने के इच्छुक लोगों से सोसायटी के पदाधिकारियों ने आग्रह किया कि सब लोग 29 को सुबह 11 बजे बदाह गोंपा में आम बैठक के लिए अधिक से अधिक संख्या में पधारने की कोशिश करें। नए कार्यकारिणी समिति के गठन के लिए चुनाव में सदस्यों की संख्या अधिक होना बहुत जरूरी और अनिवार्य है।

### विकास योजना पर किया विचार-विमर्श



**कुल्लू।** कुल्लू जिला मुख्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तहत संचालित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के घटक प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक बचत भवन कुल्लू के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी ने की। बैठक में वर्ष 2018-19 और 2019-20 में चयनित ग्रामों में किए गए विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई। इन कार्यों के तहत विभिन्न आधारभूत ढांचे के विकास, सामाजिक और आर्थिक सुधार तथा अनुसूचित जाति के सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों पर चर्चा की गई। समिति ने यह सुनिश्चित किया कि चयनित ग्रामों में किए गए कार्य न केवल समयबद्ध तरीके से पूरे हों, बल्कि उनके प्रभाव से ग्रामवासियों की जीवन-शैली में सकारात्मक बदलाव भी आएं। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2022-23 में चयनित नए ग्रामों की ग्राम विकास योजना पर भी बैठक में विचार-विमर्श किया गया। यह विकास योजनाएं गांवों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की गई हैं, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, सड़कों का निर्माण, महिला सशक्तिकरण, तथा अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

### रविंद्रा डोगरा ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



**कुल्लू।** नगर पंचायत भुंतर की नव नियुक्त प्रधान रविंद्रा डोगरा ने नगर पंचायत कार्यालय सभागार में आयोजित समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर अपना कार्यभार संभाला। एसडीएम विकास शुक्ला ने मनोनीत पार्षदों को शपथ दिलाई, जबकि कुल्लू सदर के विधायक एवं सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर भी इस दौरान विशेष रूप से मौजूद रहे। सनद रहे कि कुछ समय पूर्व नगर पंचायत भुंतर की प्रधान मीना ठाकुर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ और जिसके बाद अध्यक्ष पद की कुर्सी खाली हो गई थी। निवर्तमान अध्यक्ष के खिलाफ चार पार्षदों की ओर से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जो कि ध्वनि मत से पारित हुआ था। अविश्वास प्रस्ताव के कुछ दिनों बाद ही नगर पंचायत भुंतर की निवर्तमान अध्यक्ष मीना ठाकुर ने इस्तीफा दे दिया था। इसे एसडीएम सदर की ओर से उच्च अधिकारियों को भी सौंप दिया गया था, जिसके बाद नगर पंचायत में बैठक हुई और रविंद्रा डोगरा को अध्यक्ष बनाया गया।

### लाहौल में चल रही उपपरियोजनाओं का किया दौरा

**केलांग।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण-दो, जायका के तहत जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉ. हेमराज वर्मा व सहायक अभियंता सोनू शर्मा ने खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू के तहत लाहौल घाटी में चल रही उप-परियोजनाओं का दो दिवसीय दौरा किया। दौरे के दौरान जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. हेमराज वर्मा ने प्रवाह सिंचाई योजना यारती (तिनो) में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही कृषक विकास संगठन यारती के सदस्यों तथा प्रवाह सिंचाई योजना यारती के लाभार्थियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने किसानों की जरूरतें, आजीविका के साधनों के बारे में चर्चा की तथा इच्छुक किसानों से आग्रह किया कि परियोजना किस तरह से जरुरतमन्द किसानों की आजीविका में सुधार करने के क्षेत्र में कार्य कर सकता है। प्रवाह सिंचाई योजना यारती (तिनो) में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभाग द्वारा किसानों को पालक के बीज विस्तृत किए गए।

### अंडर-13 में तेजल, अंडर-11 में दीपाली ने मारी बाजी



**मनाली।** बैडमिंटन की जिला स्तरीय प्रतियोगिता के अंडर 13-वर्ग में तेजल, तो अंडर-11 में दीपाली ने बाजी मारी। अंडर-11 में दीपाली ने शिवनगी को तो अंडर-13 में तेजल ने दीपाली को हराया। इसी वर्ग के डबल में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में एसडीएम ने तेजल व दीपाली ने शुबानी व भानु को हराया। अंडर-11 के डबल में दीपाली और ईशाना ने शुभांगी व अनिका को हराया। इसके अलावा एसोसिएशन की ओर से परुषों के विभिन्न कैटेगिरी के मुकाबले करवाए गए। अंडर-35 के सिंगल वर्ग में अंकुश ने कुनाल को, जबकि डबल में दीपक व प्रकाश ने प्रवीण व शमशेर को हराया। 50 के सिंगल वर्ग में एंजिल ने चांद किशोर को, जबकि डबल में राकेश व चांद किशोर ने प्रेम लाल व सुदर्शन को हराया। 55 के सिंगल वर्ग में सुदर्शन ने बहादुर सिंह को, जबकि डबल मुकाबले में बहादुर सिंह व श्याम ने राकेश व सुदर्शन को हराया।

### द्वारिका एथलेटिक्स फेडरेशन के वरिष्ठ संयुक्त सचिव



**कुल्लू।** मास्टर्स एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया-हिमाचल प्रदेश की नई कार्यकारिणी निर्विरोध चुनी गई। शिमला में संघ की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ। बैठक का संचालन ज्योति चौहान (एलआर एवं अंडर सेक्रेटरी (विधि विभाग) सचिवालय-हिमाचल सरकार ने किया, जिसमें हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा संघ के मुख्य संरक्षक बनाए गए। भीषम चौहान को मानद अध्यक्ष बनाया गया। वहीं, डॉ. राजकुमार राणा (हमीरपुर) को मास्टर्स एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई। वहीं, मुख्य सचिव रिपुदमन कौशिक (शिमला), कार्यकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृज लाल ठाकुर (मंडी), वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणजीत सिंह चानना (शिमला), सुरेंदर सिंह देहल (हमीरपुर), उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा (ऊना), ज्योति चौहान (शिमला), भूपेंदर सिंह बॉबी (किन्नौर), राजेंदर राणा (कांगड़ा)। जबकि, वरिष्ठ संयुक्त सचिव द्वारिका ठाकुर (कुल्लू), जीत राम शर्मा (शिमला) आदि सभी निर्विरोध नियुक्त हुए।

## डायरिया की घटना के बाद अलर्ट मोड पर विभाग

# 38 मरीज हुए दाखिल, जल शक्ति विभाग ने भेजे सैंपल

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

मौसम में बदलाव के कारण उझी घाटी में डायरिया फैलने से 38 मरीजों को सीएचसी पतलीकूहल व आयुर्वेदिक अस्पताल कटराईं में दाखिल किया गया है।

बरसात के कारण मौसम में हुए बदलाव से कटराईं, हलाण-2 व दुआड़ा पंचायत में डायरिया के मामले बढ़े हैं। मरीजों को मेडिकल सुविधा के साथ-साथ गांव-गांव में जाकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। उझी घाटी के कुछ गांवों में पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे डायरिया के मरीजों की संख्या में हालांकि कुछ कमी आई है। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग सहित जल शक्ति विभाग भी पूरी तरह से चौकस हो गए हैं। हरकत में आए जल शक्ति विभाग की ओर से भी पानी के टैंकों में नियमित कलोरिनेशन किया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह से एलर्ट मोड पर है। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर हलाण-2 की सीएचओ श्वेता ठाकुर ने बताया कि बीएमओ नग्गर के निर्देशानुसार सेंटर की टीम द्वारा शनिवार से कटराईं पंचायत के विभिन्न गांव में घर-घर जाकर लोगों को डायरिया से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है, जिसमें आशा वर्कर्स सराहनीय भूमिका निभा रही हैं। इस बीच टीम द्वारा डायरिया पीड़ित लगभग 38 मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र पतलीकूहल तथा कटराईं भेजा गया है। राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल कटराईं के चिकित्सा अधिकारी डॉ. जसविंदर कपूर ने बताया कि उनके चिकित्सालय में शनिवार की अपेक्षा आज डायरिया के कम मरीज आए हैं। (अनंत ज्ञान)





उझी घाटी में डायरिया फैलने से बीमार हुए मरीज अस्पताल में इलाज करवाते हुए।

### स्टोरेज टैंक की कलोरिनेशन की जा रही

**जल** शक्ति विभाग कटराईं के सहायक अभियंता योगेश ने बताया कि विभाग की ओर से पानी के सैंपल परिक्षण के लिए लैब में भेजे गए हैं, जिसकी रिपोर्ट आज शाम तक आ जाएगी और पानी के स्टोरेज टैंक की साफ-सफाई के साथ-साथ नियमित कलोरिनेशन भी किया जा रहा है।

## दशहरा उत्सव में प्रस्तुति के लिए 30 से ऑडिशन

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू में आगामी 30 से लेकर 5 अक्तूबर तक अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में प्रस्तुति के लिए कलाकारों के चयन के लिए देव सदन में ऑडिशन करवाए जाएंगे। जिला भाषा अधिकारी सुनीला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्रेष्ठ कलाकारों के चयन के लिए स्वर परीक्षा ऑडिशन का कार्यक्रम 5 तक संपन्न किया जाएगा। 30 से 2 तक कुल्लू के कलाकारों की परीक्षा ली जाएगी। 3 तथा 4 को अन्य जिलों के कलाकारों के लिए तथा 5 अक्तूबर को उक्त तिथियों पर किसी वजह से न पहुंच पाने वाले समस्त कलाकारों के लिए स्वर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसमें से श्रेष्ठ कलाकारों की सूची तैयार की जाएगी, जिन्हें दशहरा उत्सव के उपलक्ष्य में लालचंद प्रार्थी कला केंद्र तथा देवसदन मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर दिया जाएगा। 18 सितंबर को सीपीएस एवं अध्यक्ष दशहरा उत्सव समिति की अध्यक्षता में हुई बैठक अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए ऑडिशन के माध्यम से कलाकारों का चयन किया जाना है।

## कुल्लू में 2 हजार से अधिक बागवान कर रहे एंटी हेलनेट सब्सिडी का इंतजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



प्रदेश भाजपा के सह मीडिया प्रभारी अमित सूद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आए दिन कांग्रेस सरकार के गलत निर्णय से जहां प्रदेश की जनता प्रभावित हो रही है। वहीं, बागवान भी इससे अछूते नहीं हैं। बागवानों के लिए केंद्र सरकार के द्वारा जहां कई योजनाएं चलाई गई हैं। वहीं, प्रदेश में कांग्रेस सरकार की लेट लतीफी के चलते बागवानों को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। कुल्लू में 2000 से अधिक बागवानों को अभी तक एंटी हेलनेट की सब्सिडी नहीं मिल पाई है, जिसके चलते बागवानों को आर्थिक रूप से भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अमित सूद ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार आए दिन जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है, लेकिन उन्हें राहत देने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। अमित सूद ने बताया कि प्रदेश में फलदार पेड़ों को मौसम की मार से बचाने के लिए बागवान एंटी हेलनेट का उपयोग कर रहे हैं। तो वहीं बागवानी विभाग के माध्यम से एंटी हेलनेट पर 80 फीसदी तक सब्सिडी भी दी जाती है, लेकिन कुल्लू में दो हजार से अधिक बागवान अभी भी एंटी हेलनेट की सब्सिडी का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, बागवानी विभाग को भी अभी तक प्रदेश सरकार से बजट नहीं मिल पाया है, जिसके चलते बागवानों को सब्सिडी नहीं दे पा रहे हैं। अमित सूद ने बताया कि पूर्व में भाजपा सरकार के द्वारा तय समय पर सब्सिडी जारी की जाती थी और बागवानों को इससे काफी राहत मिलती थी, लेकिन अब कांग्रेस सरकार के राज में आम जनता के साथ-साथ बागवानों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व भाजपा सरकार में जैसे ही बागबान अपने आप को बागवानी विभाग के पोर्टल में एंटी हेलनेट सुविधा के लिए पंजीकृत करता था, तो उसके मात्र 3 माह के भीतर ही उन्हें सब्सिडी मिल जाती थी, लेकिन आज हालात हैं कि 1 साल बीतने के बाद भी बागवानों के खाते में सब्सिडी नहीं आ पा रही है। ऐसे में पहले ही इस साल जहां खराब मौसम के चलते बागवानों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## 112 ग्राम चरस व 5 ग्राम चिट्टे के साथ एक महिला व दो व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**



पर्यटन नगरी मनाली में पुलिस ने एक महिला व दो लोगों को 112 ग्राम चरस व 5 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस जानकारी के अनुसार रविवार देर रात को करीब एक बजे जब पुलिस की टीम गश्त पर थी, तो उस समय मनाली के समीप समाहण में एक वाहन को तलाशी के लिए रोका, तो उसमें सवार एक महिला व दो युवकों से 112 ग्राम चरस व 5 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। तीनों आरोपियों की पहचान मनोज कुमार उर्फ पाठक ( 38) पुत्र डोले राम निवासी अलेउ मनाली जिला कुल्लू, सुनीता ( 30) पुत्री मोहन चंद निवासी सितारगंज जिला नैनीताल (उत्तराखंड) व अनिल कुमार (24) पुत्र टेक चंद निवासी पारशा मनाली जिला कुल्लू के रूप में हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस की ओर से पर्यटन नगरी मनाली में नशे को जड़ से खत्म करने लिए पुलिस की ओर से लगातार अभियान जारी है और इस कारोबार में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

## 26 को रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक

**कुल्लू।** सचिव जिला रेड क्रॉस सोसायटी, कुल्लू वीके मोदगिल ने कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी, कुल्लू की वार्षिक आम बैठक 26 को दोपहर 12: 30 बजे बहुउद्देशीय हॉल, बचत भवन, ढालपुर, कुल्लू में उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, डीआरसीएस, कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट को अपनाना। वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक लेखा परीक्षा और लेखा को अपनाना। वर्ष 2024-25 के लिए लेखा परीक्षा आयोजित करने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट की नियुक्ति। अध्यक्ष की अनुमति से कोई अन्य बिंदु पर चर्चा की जाएगी। मोदगिल ने जिला रेड क्रॉस सोसायटी, कुल्लू के सभी संरक्षक, उप संरक्षक और आजीवन सदस्यों से अनुरोध है किया कि वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर बैठक में भाग लें।

## मनाली में स्पा और मसाज केंद्रों पर कार्रवाई की मांग

### पंचायत प्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन, कहा-स्पा की आड़ में देह व्यापार का हो रहा धंधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

मनाली की 11 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने मनाली में चल रहे स्पा केंद्रों के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष ठाकुर की अगुवाई में सौंपे गए ज्ञापन में स्पा और मसाज केंद्रों की आड़ में देह व्यापार का धंधा होने के आरोप लगाए गए हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि इस पर प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

प्रतिनिधियों का कहना है कि मनाली शहर और आसपास की पंचायतों में काफी संख्या में स्पा और मसाज केंद्र अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इन स्पा की आड़ में देह व्यापार का धंधा हो रहा है। इन पंचायतों में नगर परिषद मनाली, पंचायत नसोगी, शलीण, ओल्ड मनाली, शनाग, बुरुआ, पलचान, वशिष्ठ, चचोगा, प्रीणी और पंचायत जगतसुख शामिल हैं। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि मनाली की छवि खराब हो रही है और आने वाले पर्यटकों पर इसका गलत संदेश जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष ठाकुर ने बताया कि वह इससे पहले भी नगर परिषद मनाली और प्रशासन को इसके बारे में ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। आने वाले पर्यटन सीजन में ये मसाज सेंटर अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगे। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा का कहना है कि इस संबंध में स्पा मसाज केंद्रों के नियमों और उनके संचालन को लेकर कानूनी पहलुओं को देखा जा रहा है। पुलिस विभाग को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है। इनकी आड़ में अगर कुछ अनैतिक हो रहा होगा, तो कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।



पंचायतों के प्रतिनिधि मनाली में चल रहे स्पा केंद्रों के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

## पीयूष खेलेंगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता



**आनी।** शहीद डोला सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल निथर के पीयूष कबड्डी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। पीयूष कबड्डी की कुल्लू जिला की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 4 से 7 अक्तूबर तक सिरमौर के पांवटा साहिब में होने वाली राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। पीयूष ने हाल ही में सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुन्न में संपन्न हुई जिला स्तरीय अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर ही उनका चयन कुल्लू की टीम में हुआ है। स्कूल के शारिरिक शिक्षक सतीश परमार ने बताया कि पीयूष जमा दो कक्षा का छात्र है। उन्होंने बताया कि खुन्न में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कुल्लू के आनी, निरमंड, बंजार, कुल्लू और मनाली शिक्षा खंडों के करीब 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

## महेंद्र को पीटीए एसोसिएशन हरिपुर कॉलेज की कमान



जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर में पीटीए की नई कार्यकारिणी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर में अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए) की आमसभा का आयोजन प्राचार्य कक्ष में किया गया।

इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. रोमेश चंद्र की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। पीटीए अध्यक्ष पद के लिए महेंद्र राणा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। निधि सिंह राणा को उपाध्यक्ष पद के लिए नियुक्त किया गया। महासचिव हरि प्रकाश और कोषाध्यक्ष के रूप में टीकमा देवी को चुना गया। प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार, प्रोफेसर सनी ठाकुर, प्रोफेसर इंदु ठाकुर, प्रोफेसर अभिषेक, प्रोफेसर भूपेंद्र शर्मा को शिक्षक सदस्यों के रूप में तथा प्रोफेसर लाल चंद को पीटीए सेक्रेटरी मनोनीत किया गया। इस दौरान कॉलेज के सभी प्राध्यापक इस सभा में उपस्थित रहे। आम सभा में नवनियुक्त अध्यक्ष महेंद्र राणा ने प्राचार्य को आश्वासन दिया कि कॉलेज के विकास के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। प्राचार्य ने नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

## लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र को वॉटर प्रूफ कर ड्रेनेज व्यवस्था को किया जाएगा सुचारु : सुंदर ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे में कलाकेंद्र में बैठने की प्रबंध व्यवस्था करने संबंधी कमेटी की बैठक मुख्य संसदीय सचिव एवं अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा कमेटी सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सर्किट हाउस कुल्लू में संपन्न हुई।

सुंदर ने कहा कि इस बार दशहरे में गत वर्ष से अधिक बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी सदस्यों तथा अधिकारियों से आग्रह किया कि बैठने के लिए सुचारु रूप से व्यवस्था करने के लिए आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कला केंद्र को वाटर प्रूफ व्यवस्था से ढकने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा की स्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम में कोई व्यवधान न पड़े। कलाकेंद्र की वॉटरप्रूफ कर यहां के ड्रेनेज व्यवस्था को भी सुचारु किया जाना चाहिए। इस बार दशहरा उत्सव में पारंपरिक अनाजों मोटे अनाज से बने हुए स्थानीय ग्रामीण महिलाओं के खाद्य उत्पाद एवं व्यंजन, जैसे कि कोदरे के सिड्डू, कोदरे की चाय, सलियारे की खीर आदि के स्टॉल के लिए भी उचित व्यवस्था की जाएगी। गत वर्ष कुछ सीटों को आरक्षित कर टिकट व्यवस्था से दशहरा कमेटी को एक लाख से अधिक की आय सृजित हुई थी। इस बार इस व्यवस्था को और अच्छे तरीके से लागू किया जाएगा, ताकि बाहर से आने वाले सैलानियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने में कोई परेशानी न हो तथा उन्हें आवश्यकता के अनुसार अपनी सीटों पर ही चाय और स्नैक्स आदि भी उपलब्ध हों, जिससे वे शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम का आनंद ले सकें।

## कल यहां बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**भुंतर।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल भुंतर ने बताया कि सब-स्टेशन भुंतर यार्ड के 100 केवी स्टेशन ट्रांसफार्मर को स्थानांतरित करने, पेड़ों को काटने से संबंधित कार्य और सामान्य रखरखाव के लिए 11 केवी फीडर मौहल, शाट, भुंतर, हाथीथान और 11 केवी फीडर बजौरा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों औद्योगिक क्षेत्र शमशी, जिया, मौहल चौक, अंगोरा फार्म, इंडियन ऑयल, सब्जी मंडी, संध्या पेलेस, नाग मंदिर का सारा क्षेत्र। पारला भुंतर, हाथिथान जिया पुल, छरोड़ नाला, धारा, भरेण, नरोगी, बिजली महादेव चौग, छियौर, शाट। मणिकर्ण चौक शमशी, तेगूबेहड़, जमोट, गदौरी, अप्पर मौहल पांगी कालोनी, भुंतर बाजार, एयरपोर्ट, मेला ग्राउंड तहसील बस स्टैंड फुट मार्केट सैनिक चौक, पोलिस स्टेशन भुंतर और सैनिक चौक, शुरड, भेंस नाला शाड़ाबाइ, कालीमाता मंदिर में 25 को सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी : शोधकर्ताओं ने पढ़े शोधपत्र

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय में स्थित जिला परिषद भवन के सभागार में बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी साहित्य के विविध आयाम एक विमर्श के आयोजन के दूसरे दिन उपस्थित दर्जन वक्ताओं एवं शोधकर्ताओं ने अपने-अपने विषय पर आधारित शोधपत्रों को पढ़ा।

इस तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन रूपी सिराज कला मंच साधना स्थली कुल्लू एवं भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। संगोष्ठी के प्रथम और दूसरे तकनीकि सत्र में डॉ. राकेश राणा ने स्त्री विमर्श विषय पर, डॉ. उरसेम लता ने गांधी एक महानतम व्यक्तित्व विषय पर शोधपत्र पढ़ा, इसके बाद केहर सिंह ठाकुर ने नाटक विषय पर अपने विचार रखे, जबकि डॉ. खेम ने गूर के महत्व विषय पर अपने शोधपत्र को पढ़ा और इसके बाद वयोवृद्ध इतिहासकार तोबदन ने मलाणा के विषय पर अपना शोधपत्र पढ़ा।

इसके बाद डॉ. शैफाली ने छत्तीसगढ़ के लोकनृत्य के विषय पर, जबकि संगीता ने लोकगीत विषय पर अपना शोधपत्र पढ़ा। इस अवसर पर रूपी सिराज कला मंच के निदेशक डॉ. दयानंद गौतम ने बताया कि संगोष्ठी का आयोजन आशा के अनुरूप रहा और सफलतापूर्वक दो दिनों का सत्र चला। संगोष्ठी के आखिरी एवं तीसरे दिन संगोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन तरीके के साथ करवाया जाएगा और इस दौरान बहुत से विद्वान, साहित्यकार एवं शोधकर्ता ऑनलाइन जुड़ कर भाग लेंगे और अपने अपने विचारों को साझा करेंगे। इस दौरान संगोष्ठी के प्रथम सत्र में प्रोफेसर चेतन राणा सत्रअध्यक्ष रहे, जबकि दूसरे सत्र के अध्यक्ष वयोवृद्ध इतिहासकार तोबदन रहे। (अनंत ज्ञान)



शोधपत्र पढ़ते हुए वयोवृद्ध इतिहासकार तोबदन।

**योजना** ढालपुर में स्वास्थ्य कर्मियों सहित जनता को दी आयुष्मान भारत योजना की जानकारी, 6 वर्षों में लगभग 24.43 करोड़ का लिया लाभ

# कुल्लू में 3,82,852 लोगों ने अभी तक बनाए आभा कार्ड : पवार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों तथा आम जनता को आयुष्मान भारत योजना की जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में सीएमओ कुल्लू डॉक्टर नागराज पवार मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। आयुष्मान भारत योजना की जानकारी देते हुए सीएमओ ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) 23 सितंबर, 2018 को रांची झारखंड में प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई थी। आयुष्मान भारत योजना, जो विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसके अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थिओं को प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज प्राप्त होता है। इस योजना के लिए सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना-2011 का उपयोग किया गया था। इस योजना में निम्नलिखित लाभार्थियों को कवर किया गया है, जिसमें 16 से 59 वर्ष की आयु के बीच कोई वयस्क सदस्य नहीं हैं और घर में केवल एक कमरा है, जिसकी दीवारें और छत कच्ची है।

इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना 2014-15 के लाभार्थियों को भी इस योजना में कवर किया गया है। कुल्लू में 6 वर्षों में लगभग 24.43 करोड़ का लाभ लगभग 23 हजार लाभार्थियों ने लिया है। वर्तमान में कुल्लू में लगभग 1.5 लाख लाभार्थी इस योजना के लिए पात्र हैं और उनमें से एक लाख से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य कार्ड बना लिए हैं। डॉक्टर ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की शुरुआत 27 सितंबर, 2021 को प्रधानमंत्री ने की है। इस मिशन का उद्देश्य लाभार्थियों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स को डिजिटल रूप से सुरक्षित करना है, ताकि भविष्य में अगर हमें इन स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स की जरूरत पड़े, तो हमें हार्ड कॉपी को साथ ले जाने की जरूरत न पड़े और डिजिटल तरीके से संबंधित डॉक्टर को अपना पुराना हेल्थ रिकॉर्ड शेयर किया जा सके।



स्वास्थ्य कर्मियों सहित जनता को आयुष्मान भारत योजना की जानकारी देते हुए सीएमओ।

### 87 फीसदी लोगों ने बनाए आभा कार्ड

**वर्तमान** में कुल्लू में 3,82,852 लाख नागरिकों ने आभा कार्ड बना लिए हैं, जो कि कुल्लू की कुल आबादी का लगभग 87 फीसदी है। इसके अलावा 227 स्वास्थ्य संस्थान इस स्कीम में जुड़ चुके हैं और क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आभा ऐप के माध्यम से ओपीडी स्लिप बनाने भी शुरू कर दी गई है।



## न्यूज ब्रीफ

### समूहगान में बाल भारती पब्लिक स्कूल अव्वल



**सोलन।** भारत विकास परिषद सोलन शाखा ने भारत को जानो क्विज तथा राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन कुमारहट्टी स्थित एसएसएन पब्लिक स्कूल में किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुमारहट्टी के समाजसेवी बृज कपिल रहे। भारत विकास परिषद सोलन शाखा के अध्यक्ष कर्नल अरुण कैंथला, कार्यक्रम के प्रोजेक्ट हेड डॉ. सत्यव्रत भारद्वाज, अजय ठाकुर तथा अन्यों ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। सचिव डॉ. राम गोपाल शर्मा ने मंच का संचालन किया। महेंद्र ठाकुर क्विज मास्टर तथा यशपाल कपूर, पर्ल नानक व डॉ. मुकेश प्रभाकर समूह गान प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। भारत को जानो क्विज के वरिष्ठ वर्ग में दयानंद आदर्श विद्यालय प्रथम, दूसरे स्थान पर गीता आदर्श विद्यालय और बाल भारती पब्लिक स्कूल मरयोग तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार कनिष्ठ वर्ग में गीता आदर्श विद्यालय पहले, दयानंद आदर्श विद्यालय दूसरे और बाल भारती पब्लिक स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। राष्ट्रीय समूह गान में बाल भारती प्रथम, दयानंद आदर्श विद्यालय द्वितीय और गीता आदर्श विद्यालय तृतीय रहा, जबकि एसएनएन स्कूल कुमारहट्टी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### सीपीआईएम नाहन के संतोष कपूर बने सचिव

**नाहन।** सीपीआईएम नाहन लोकल कमेटी का छठा त्रैवार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। लोकल कमेटी सम्मेलन में सर्वसम्मति से संतोष कपूर को सचिव चुना गया। साथ ही 11 सदस्य कमेटी चुनी गई, जिसमें तीन स्थायी आमंत्रित सदस्य चुने गए। इन सदस्यों में साथी बलदेव, सतपाल मान, जगदीश पुंडीर, राहुल, सेवती कमल, कुब्जा, विशाल पुंडीर, अमृत, राजेंद्र (बोबी) बिरेंद्र तथा स्थायी आमंत्रित सदस्यों में साथी राम सिंह, आशा शर्मा, आशिष को चुना गया। वहीं, सम्मेलन में पिछले तीन सालों की राजनीतिक सांगठनिक समीक्षा की गई। संतोष कपूर ने कहा कि देश तथा प्रदेश में चल रही नई आर्थिक नीतियों का महिलाओं, किसानों, छात्रों, मजदूरों व युवाओं की जिंदगी पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। आज देश में हर वर्ग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। एक तरफ नौजवान बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। वहीं, महंगाई से आम जनता की कमर टूट रही है। प्रदेश और जिला सिरमौर में स्वास्थ्य सुविधाएं पुरी तरह चरमराई हुई हैं।

### सोलन में गजल के स्वरूप पर की चर्चा



**सोलन।** भंडारी अदबी ट्रस्ट पंचकूला के तत्वावधान में बज्म-ए-मुशायरा का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस मुशायरा में भाग लेने के लिए पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ व हिमाचल के नामी शायर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजक अशोक नादिर ने बताया कि यह मुशायरा शनिवार से शुरू हो गया और इसका समापन सोमवार को हुआ। इसमें बज्म-ए- मुशायरा के अलावा गजल के रूप स्वरूप पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाब के जानेमाने शायर श्रीराम ने की। ट्राइसिटी चंडीगढ़ के मशहूर शायर व कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीराम अर्श ने कहा कि गजल बहुत लिख रहे हैं। यदि लेखकों को बुनियादी चीजों का पता हो, तो उनकी लेखनी में और अधिक सुधार होगा। साथ ही वह परिपक्व शायर के रूप में सामने आएंगे। उन्होंने गजलकार अशोक नादिर का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले चार-पांच सालों में उन्होंने गजल की बारीकियां सीखकर, जो गजलें लिखीं वह काबिले तारीफ हैं। उन्होंने गजल कहां से आई और कैसे-कैसे विकसित हुई, इसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

### मैराथन के विजेताओं को दिए नकद पुरस्कार

**नाहन।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. अजय पाठक ने कहा कि एचआईवी एड्स की रोकथाम के लिए युवा वर्ग का जागरूक होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि युवा वर्ग जागरूक होगा, तो एचआईवी एड्स पर नियंत्रण पाया जा सकता है। असुरक्षित यौन संबंध और विभिन्न कारणों से असुरक्षित सिरिंज लगाने के कारण एचआईवी एड्स की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी नाहन एचआईवी एड्स की रोकथाम के लिए आयोजित युवाओं की एक मैराथन के अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। युवाओं की इस मैराथन का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और एड्स कंट्रोल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इससे पूर्व, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. अजय पाठक ने कहा कि किसी सूरत में असुरक्षित यौन संबंध नहीं करना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग और एड्स कंट्रोल सोसायटी की ओर से आयोजित मैराथन एवं जागरूकता कार्यक्रम में आईटीआई बोगधार के शुभम प्रथम, संगड़ाह कॉलेज के मनोज द्वितीय तथा आईटीआई नाहन के ओम प्रकाश तीसरे स्थान पर रहे। प्रथम विजेता को 2500, द्वितीय को 2000 तथा तृतीय विजेता को 1500 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

### पुलिस ने स्कूलों में नशे के खिलाफ किया जागरूक

**बीबीएन।** जिला पुलिस बद्दी के तहत मनाए जा रहे नशा विरोधी सप्ताह अभियान बरोटीवाला पुलिस ने तीन स्कूलों के छात्रों को जागरूक किया। एसपी बद्दी इल्मा अफरोज ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान झाड़माजरी, बरोटीवाला और दून पब्लिक स्कूल बरोटीवाला में छात्रों को जगरूक किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि यह सप्ताह 22 से 29 तक मनाया जाएगा। इन स्कूलों में बरोटीवाला थाना के ट्रैफिक इंचार्ज इंद्रजीत और नरेंद्र कुमार ने इस दौरान छात्रों को जागरूक किया और कहा कि इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर नशे से दूर रहने और नशे से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से अवगत करवाया।

### एचआईवी एड्स, टीबी के बारे में किया जागरूक

**अर्की।** उपमंडल अर्की के गांव सैंज में अर्की स्वास्थ्य विभाग की ओर से एचआईवी एड्स, टीबी, हेपेटाइटिस-बी व सी के बारे में जागरूक करने के लिए एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य शिक्षक डॉ. विजय शांडिल ने उपस्थित महिलाओं को इन बीमारियों के होने की वजह व बचाव तथा लक्षणों के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि यह बीमारियां अन्य स्वस्थ व्यक्तियों में किस प्रकार अपना असर दिखाती हैं। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि सभी लोगों को समय-समय पर यह टेस्ट करवाने चाहिए। यदि किसी भी व्यक्ति में यह लक्षण पाए जाते हैं, तो उन्हें शुरू में रोका जा सकता है तथा यह टेस्ट अर्की अस्पताल में निशुल्क किया जाता है।

### बढ़ रही सांप्रदायिकता के खिलाफ संयुक्त अधिवेशन

**सोलन।** धर्मनिरपेक्ष एवं जनवादी ताकतों की तरफ से सोलन में एक संयुक्त अधिवेशन का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल में बढ़ रही सांप्रदायिकता को लेकर चिंता जताई गई। इस अधिवेशन में पिछले दिनों शिमला के मल्याणा में दो गुटों में हुई लड़ाई-झगड़े की घटना को तूल देकर पूरे प्रदेश के स्तर पर मस्जिदों से जोड़ते हुए और फिर आगे चलकर अब अवैध प्रवासियों का मुद्दा बनाते हुए जानबूझकर हिमाचल जैसे शांतिप्रिय राज्य में हिंदू-मुस्लिम समुदायों के बीच नफरत फैलाने की साजिश की जा रही है। इस मौके पर बात रखते हुए विभिन्न प्रतिनिधियों द्वारा इस नफरत की राजनीति को हराने व समाज में सांप्रदायिक सौहार्द व शांति को स्थापित करवाने के लिए प्रयास करने की अपील की गई।

# सोलन–ब्रुरी में फुट ओवरब्रिज तैयार

## स्थानीय लोगों का सड़क क्रॉस करना होगा सुरक्षित, आंजी, रबोन और सब्जी मंडी में भी इंतजार

**आर मोहन चौहान, सोलन**



सोलन के ब्रुरी में बना फुटओवर ब्रिज।

जिला मुख्यालय सोलन के ब्रुरी में नेशनल हाईवे–5 पर अब स्थानीय लोगों को सड़क क्रॉस करने में जान जोखिम में नहीं डालनी पड़ेगी। यहां पर लगभग फुट ओवरब्रिज बनकर तैयार हो चुका है।

इससे पहले सलोगड़ा और कंडाघाट में फुट ओवरब्रिज बन चुके हैं। इससे लोगों का अब सड़क क्रॉस करना सुरक्षित होगा। वहीं, शहर के कई हिस्से अभी ऐसे हैं, जहां फुटओवर ब्रिज बनना बाकी है। शहर से होकर गुजरते फोरलेन के रबोन, आंजी, सपरून और सब्जी मंडी में भी फुट ओवरब्रिज की मांग है। इन क्षेत्रों में लोगों की खासी भीड़ रहती है, जिन्हें रोज सड़क क्रॉस करनी पड़ती है। फोरलेन बनने से सड़क पर वाहनों का रश बढ़ गया है। (अनंत ज्ञान)

### 11 फुट ओवरब्रिज बनेंगे

**हाईवे** में भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लोगों को सड़क क्रॉस करने में दिक्कत न हो, इसके लिए एनएचएआई परवाणू से कंडाघाट के बीच 11 फुट ओवरब्रिज बनाएगा। इसमें मुख्यता जाबली, धर्मपुर, आंजी, रबोन, सपरून बाइपास, कथेड़, ब्रुरी, सलोगड़ा और कंडाघाट ऐसी जगह हैं, जहां लोगों को फोरलेन बनने के बाद सड़क क्रॉस करना जोखिम भरा हो चुका है। इससे दुर्घटनाएं भी होने लगी हैं, जिस निर्माण में करीब 8.50 करोड़ खर्च आएगा। फुट ओवर ब्रिज बनने से स्थानीय लोगों को जोखिम लेकर सड़क क्रॉस नहीं करनी पड़ेगी। अन्य जगहों पर भी जल्द फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग है। एनएचएआई ने 6 महीने के भीतर काम को पूरा करने का टारगेट रखा है, ऐसे में जब इन सभी फुट ओवरब्रिज का काम खत्म हो जाएगा, तो इससे लोगों को सीधा फायदा होगा।

### फोरलेन को क्रॉस करना जोखिम भरा

**परवाणू** से कैथलीघाट तक फोरलेन में दर्जनों ऐसे छोटे शहर और कसबे हैं, जहां लोगों को जान जोखिम में डाल कर सड़क क्रॉस करने पड़ रही है। इस समस्या के समाधान के लिए एनएचएआई ने प्रभावित जगहों पर फुट ओवरब्रिज बनाना शुरू किया है। इसमें मुख्यता सलोगड़ा और कंडाघाट के नजदीक फुट ओवरब्रिज बन चुके हैं। फुट ओवरब्रिज बनते ही स्थानीय लोगों को खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को पैदल चलने की सुरक्षित सुविधा मिलेगी। सलोगड़ा और कंडाघाट सड़क के दोनों तरफ बसा है। ऐसे में लोगों को अपने कार्यों के लिए बार-बार सड़क क्रॉस करनी पड़ती है। वाहनों की रेलमपेल के बीच से क्रॉस करने में कई मिनटों का इंतजार करना पड़ता है।

> नेशनल हाईवे-5 में परवाणू से कंडाघाट तक फुट ओवरब्रिज बनाने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। इसके तहत धर्मपुर, ब्रुरी, सलोगड़ा और कंडाघाट में फुट ओवर ब्रिज निर्माण अंतिम चरण में है। बाकी जगहों पर भी जरूरत के हिसाब से फुट ओवरब्रिज का निर्माण करवाया जाएगा।
>
> **आनंद दहिया, प्रोजेक्ट मैनेजर, एनएचएआई।**

# हिमाचल डांस चैंपियनशिप में छाया परवाणू का दिव्यांशु



परवाणू के ओएस क्रू के साथ डांस प्रतियोगिता में अव्वल दिव्यांशु।

**अनंत ज्ञान, परवाणू**

प्रदेश की सबसे बड़ी डांस प्रतियोगिता हिमाचल डांस चैंपियनशिप में परवाणू के युवा दिव्यांशु शर्मा ने अपना परचम फहरा दिया है।

प्रदेश स्तर पर आयोजित हुई इस प्रतियोगिता की सोलो केटेगरी में दिव्यांशु ने प्रदेश भर के लगभग 500 प्रतियोगियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। इसकी डांसिंग स्किल्स की चारों ओर चर्चा हो रही है। इसके अलावा इस चैंपियनशिप की ग्रुप केटेगरी में परवाणू के ही ओएस क्रू ने पहला स्थान हासिल किया। दोनों खिताब परवाणू के खाते में डालकर इन डांसर्स ने परवाणू का नाम रोशन कर दिया है, जो कि हर्ष का विषय है। दोनों उपलब्धियों के चलते आयोजकों ने परवाणू स्थित ओएस डांस स्कूल के डायरेक्टर रेक्स को बेस्ट कोरियोग्राफर के सम्मान से नवाजा है। बच्चों से बेहतर तरीके से परफॉर्म करवाने के लिए उनके काम की काफी तारीफ भी की गई है। बता दें कि सभी विजेता डांसर्स परवाणू के ओएस डांस स्कूल से ही डांसिंग स्किल्स सीख रहे हैं। हिमाचल डांस चैंपियनशिप की सोलो कैटेगरी में विजेता रहे दिव्यांशु शर्मा परवाणू के निकटवर्ती टकसाल गांव के रहने वाले हैं। वे इस समय परवाणू स्कूल में शिक्षारत हैं। उधर, अपने स्टूडेंट दिव्यांशु व ओएस क्रू के डांस मेंबर्स की सफलता पर परवाणू के ओएस डांस स्कूल के टीचर्स व कोरियोग्राफर रेक्स व नेहा भी गर्वित महसूस कर रहे हैं।

# भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का राष्ट्रीय सम्मेलन 2 को बद्दी में

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (महासंघ) इंटक फेडरेशन का 6वां राष्ट्रीय अधिवेशन 2 अक्तूबर को हिमाचल प्रदेश के बद्दी में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री सुक्खू व प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस प्रतिभा सिंह विशेष तौर पर शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता इंटक फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामीनाथ जायसवाल करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश विक्रम सिंह ठाकुर व सचिव हरबंस राणा ने बताया कि पहली बार हिमाचल को इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के आयोजन करने का अवसर मिला है, जो कि हमारे लिए गौरव की बात है। यह कार्यक्रम 2 को बद्दी में रखा गया है। इसमें सांसद राजीव शुक्ला, आजीवन निमंत्रक गुरदीप सिंह सप्पल, डॉ. अजॉय कुमार भूतपूर्व सांसद, गिरीश चोडणकर आजीवन निमंत्रक, राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामीनाथ जायसवाल, राजैज्या सिरसिल्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महेश शर्मा वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रमोद गांधी व जी भास्कर अध्यक्ष अंडेमान निकोबार भी शिरकत करेंगे। इस बैठक में हिमाचल के कामगारों व कर्मचारियों के देश व प्रदेश से जुडे मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा होगी।

## ऑल इंडिया प्रेस क्लब दिल्ली पर पत्रकारों की महापंचायत

# पत्रकारों की सरकारों ने की अनदेखी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



देश में पत्रकार और पत्रकारिता की बिगड़ती दशा और पग– पग जोखिमों के बाद देश की सरकार द्वारा निरंतर की जा रही अनदेखी व मनमानी से आहत देश की राजधानी दिल्ली के ऑल इंडिया प्रेस क्लब में आयोजित कॉन्फ्रेंस में देश के 20 राज्यों से अधिक पत्रकारों ने पत्रकार और पत्रकारिता के सम्मान को बचाने एवं उन्हें सुरक्षा सुविधा देने की मांग करते हुए महापंचायत की और कोरोनाकाल में शहीद हुए पत्रकारों को कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि दी।

महापंचायत के दौरान पत्रकारों ने जोश एवं जज्बे का परिचय देते हुए मंच के माध्यम से सरकार से मांग करते हुए कहा कि देश के पत्रकारों की स्थिति अत्यंत दयनीय है, पल–पल पत्रकार जोखिमों से जूझते हैं, धरातलीय पत्रकारिता करने वाले पत्रकार और उनके परिजन आर्थिक कमजोरी का सामना कर रहे हैं, ऐसे में पत्रकारों के हित में सरकार पत्रकार आयोग का गठन, पत्रकार सम्मान निधि, निशुल्क बेहतर शिक्षा जैसी अन्य जरूरी सुविधा दें। कार्यक्रम में नेशनल कंवीनर शांती गौतम व विकास शर्मा ने कहा कि आजादी से अब तक देश के पत्रकारों की सरकारों द्वारा अनदेखी की है। अखबारों पर तमाम तरह के मापदंड थोप बंदिशें लगा दी हैं, वास्तविक पत्रकारिता को खत्म किया जा रहा। वर्तमान में ही लघु एवं मझौले अखबारों के प्रति सरकार की सोच सकारात्मक नहीं, सरकार शांतप्रिय सोच रखने वाले पत्रकारों को क्रांति के लिए मजबूर कर रही है। इसलिए अब क्रांति होनी चाहिए। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ, अत: मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ घोषित कर अन्य तीन स्तंभों की भांति समान सुविधा सुरक्षा प्रदान करने का शासनादेश जारी करे, ताकि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाया जाए। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही मंजू सुरेना, पवित्र मोहन, शिभी खान ने कहा कि सरकार ने हमारी मांगों को नहीं माना, तो विकराल आंदोलन होगा।

### यशवंत विहार क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन के वार्ड नंबर-2 का यशवंत विहार क्षेत्र आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यहां क्षेत्र में खस्ताहाल सड़कें, खुले में बहता सीवरेज का पानी लोगों के लिए परेशानी बना है। क्षेत्र में शाम ढलते ही स्ट्रीट लाइटें न होने के चलते अंधेरा पसरा रहता है। इसके अलावा क्षेत्र में पेयजल संकट समेत कई समस्याओं से क्षेत्र के लोग परेशानी झेल रहे हैं, जिसको लेकर स्थानीय कांग्रेस के विधायक अजय सोलंकी ने क्षेत्र में जनता का दरबार लगाया और जन समस्याएं सुनीं। विधायक ने अधिकतर समस्याओं का मौके पर निपटारा किया। विधायक ने कहा कि यशवंत विहार क्षेत्र कुछ समय पहले ही नगर परिषद नाहन में मर्ज हुआ है। क्षेत्र की समस्याओं के समाधान करने को लेकर यहां लोगों की जन समस्याएं सुनने पहुंचे हैं। क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों समेत सीवरेज समस्या को लेकर नगर परिषद को बजट उपलब्ध करवा दिया गया है। क्षेत्र में जल्द विकास कार्य शुरू होंगे। इसके अलावा लोगों को आ रही समस्याओं के तुरंत समाधान करने को लेकर भी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। क्षेत्र में एक स्वास्थ्य केंद्र खोला जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से जिसको लेकर स्वीकृति मिल गई है। एक सप्ताह के भीतर यहां स्वास्थ्य केंद्र शुरू कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य केंद्र शुरुआती चरण में एक किराए के भवन में चलाया जाएगा। लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है।

### आंगनबाड़ी सहायिकाओं के लिए साक्षात्कार 9 को

**बीबीएन।** बाल विकास परियोजना नालागढ़ के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 24 रिक्त पदों को भरने के लिए साक्षात्कार 9 अक्तूबर को सुबह 10.30 बजे एसडीएम कार्यालय नालागढ़ में आयोजित किए जाएंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी नालागढ़ के विभागीय प्रवक्ता ने दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वृत नालागढ़-2 के तहत पंचायत किरपालपुर के तहत आंगनबाड़ी केंद्र किरपालपुर-2, आंगनबाड़ी वृत्त जोघों के तहत पंचायत बगलैहड़ के तहत आंगनबाड़ी केंद्र बगलैहड़, आंगनबाड़ी वृत्त जोघों के पंचायत बगलैहड़ के तहत आंगनबाड़ी केंद्र अंबवाला, आंगनबाड़ी वृत्त बरुणा-1 के पंचायत बरुणा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र माजरा, आंगनबाड़ी वृत्त नालागढ़-3 के पंचायत मित्तियां के तहत आंगनबाड़ी केंद्र मित्तियां, आंगनबाड़ी वृत्त मानपुरा के पंचायत ढेला के तहत आंगनबाड़ी केंद्र ढेला-1, आंगनबाड़ी वृत्त राजपुरा के पंचायत भाटियां के तहत आंगनबाड़ी केंद्र भाटियां निचली, आंगनबाड़ी वृत्त बद्दी के पंचायत गुल्लरवाला के तहत आंगनबाड़ी केंद्र कडुआना-1, आंगनबाड़ी वृत्त बरुणा-1 के पंचायत बरुणा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र बरुणा, आंगनबाड़ी वृत्त बरुणा-2 के अंतर्गत पंचायत बैरछा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र नंगलढक्का, आंगनबाड़ी वृत्त नालागढ़-2 के ग्राम पंचायत खेड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र निचला खेड़ा-2, आंगनबाड़ी वृत्त भुड्ड के पंचायत मलपुर के तहत आंगनबाड़ी केंद्र मलकूमाजरा, आंगनबाड़ी वृत्त दिग्गल के पंचायत दिग्गल के तहत आंगनबाड़ी केंद्र चकलीधार आदि के पद भरे जाएंगे। आवेदनकर्ता को इन पदों के लिए 5 तक बाल विकास परियोजना अधिकारी नालागढ़ के कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार बाल विकास परियोजना अधिकारी नालागढ़ के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या कार्यालय के दूरभाष नंबर-01795-222210 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सोलन अस्पताल की डेंटल ओपीडी में पानी नहीं होने से स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित

**भावना, सोलन**



क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की डेंटल ओपीडी में पानी नहीं होने से स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। पानी नहीं होने से लोगों को बिना उपचार के घर वापस लौटना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक डेंटल ओपीडी में पिछले एक सप्ताह से पानी नहीं आ रहा है, जिसका कारण टैंक की लीकेज होना बताया जा रहा है। आमतौर पर डेंटल संबंधी उपचार के लिए पानी की जरूरत रहती है, लेकिन डेंटल ओपीडी में पानी नहीं होने से चिकित्सक भी खासे परेशान हैं। बता दें कि सोलन के क्षेत्रीय अस्पताल में सोलन से ही नहीं, बल्कि सिरमौर से भी लोग उपचार के लिए आते है। वहीं, डेंटल ओपीडी में पानी न होने की समस्या से गंदगी फैल रही है और चिकित्सक उसी गंदगी में मरीजों का उपचार करने के लिए मजबूर हैं। वही, डेंटल ओपीडी के साथ ब्लड बैंक में लैब है, जिसमें भी पानी न होने की समस्या से स्टाफ को परेशानी हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### पानी की टंकी की लीकेज को ठीक कर दिया जाएगा

**अस्पताल** की एमएस संदीप जैन ने बताया की डेंटल ओपीडी ब्लॉक की टंकी में लीकेज होने के कारण पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। सोमवार को ही उनके संज्ञान में ये बात आई है और आज ही पानी की टंकी की लीकेज को ठीक कर दिया जाएगा।

## स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न दिनों में अलग–अलग स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस अभियान में स्कूल परिसर की साफ–सफाई कर ग्रामीणों को बच्चों के माध्यम से स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया गया। पानी की टंकियो व स्रोतों की पूर्ण रूप से साफ–सफाई कर उनकी क्लोरिनेशन की गई। बरसात के समय में स्कूल परिसर में उगी हुई झाड़ियां और खरपतवार को काटा गया तथा उनका उचित निष्पादन किया गया। परिसर में एक औषधीय पौधों का छोटा सा बगीचा भी है, जिसमें कुछ औषधीय पौधे भी लगाए गए और पूर्व में रोपित किए गए पौधों को सुरक्षित करने के लिए उनकी निराई तथा गुड़ाई की गई। इस स्वच्छता पखवाड़े में स्कूल के सभी अध्यापकों सहित विद्यार्थियों और एमडीएम वर्कर्स ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

# धुंदन स्कूल में पोषण के बारे में जानकारी साझा की

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में पोषण पखवाड़ा मनाया, जिसमें पोषण के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की गई। मीडिया प्रभारी अमर सिंह वर्मा ने बताया कि हेल्थ केयर मैडम रंजना ठाकुर ने हस्त प्रक्षालन विधि के बारे में बच्चों को जानकारी दी।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संतोष बद्दू ने व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में बताया तथा कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता से हम स्वस्थ, चुस्त तथा तंदुरुस्त रह सकते हैं। ईको क्लब प्रभारी अनीता ने सलाद व चाट की प्रदर्शनी लगाकर विद्यार्थियों को फल व सब्जियां खाने पर अधिक बल दिया और अपने संबोधन में कहा कि हम संतुलित आहार खाकर ज्यादा स्वस्थ रख सकते हैं। जीव विज्ञान प्रवक्ता नीलम शुक्ला ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली आयरन फॉलिक एसिड की गोली के महत्व को स्पष्ट किया और आयरन, विटामिन, कैल्शियम आदि पोषक तत्वों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

# गयाजी में पितरों को मिलता है मोक्ष : प्रताप

**अनंत ज्ञान, नाहन**



मोक्ष धाम गया में पितृपक्ष मेला महासंगम बिहार सरकार द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 से 2 अक्तूबर तक धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सिरमौर के रतिराम शर्मा, नेत्र सिंह शर्मा, राम भज शर्मा, लाइक राम शर्मा, सुंदर सिंह शर्मा, शुपाराम शर्मा, मोहीराम एवं प्रताप सिंह रावत ने बिहार के मोक्ष धाम में पितृपक्ष मेले में शिरकत की।

इस महा समागम में पूरे देश भर के लाखों लोग पितरों को मोक्ष दिलाने के लिए प्रतिदिन विष्णुपद के फाल्गु नदी तट से पिंडदान करने की शुरुआत करते हैं तथा उसके बाद प्रतिदिन जगह–जगह पिंडदान करने का विधान है। बिहार के गया नामक स्थान पर एक बहुत ही तपस्वी एवं बलशाली गयासुर असुर रहता था, जिसको देखने मात्र से ही व्यक्ति स्वर्ग लोक को चला जाता था, जिससे सृष्टि की व्यवस्था बिगड़ने लगी इसको ध्यान में रखते हुए सभी देवी–देवता त्राहि माम करते हुए भगवान विष्णु के पास चले गए फिर भगवान ने उनकी बात सुनते हुए स्वयं गयासुर के पास पहुंचे और उनसे कहने लगे आपका शरीर बहुत ही लंबा चौड़ा एवं पवित्र है। हम आपके शरीर के ऊपर यज्ञ करना चाहते हैं। गयासुर भगवान विष्णु की बात मान गए और भगवान विष्णु से कहने लगे आपको भी मेरी तीन बातें माननी पड़ेंगी, आपको मुझे प्रतिदिन एक मुंड एक पिंड देना पड़ेगा और यहां का नाम भी मेरे नाम से ही रखना पड़ेगा।

भगवान ने उनकी सारी बातें मानते हुए पत्थर शीला रखकर यज्ञ प्रारंभ किया। यज्ञ चल रहा था कि जैसे–जैसे पत्थर शीला गर्म होने लगे, वैसे गया को पीड़ा होने लगी। गयासुर ने भगवान से कहा प्रभु आप मुझे स्थिर कर दो, ताकि मुझे पीड़ा न हो फिर भगवान ने पत्थर शीला के ऊपर अपना पांव रखकर गयासुर का अंत कर दिया।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बीबीएन।** पुलिस थाना बद्दी के तहत बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। आरोपी की पहचान देविंद्र प्रीत सिंह पुत्र चमकौर सिंह निवासी सेरवानी कोट कैलो तहसील मलेरकोटला संगरूर पंजाब से हुई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को शिकायत मिली थी कि बीते दिनों मोरपेन कंपनी की पार्किंग से एक मोटरसाइकिल चोरी हुआ था, जिसे किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने तुरंत मामले की तफ्तीश शुरू करते हुए सीसीटीवी कैमरे की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। थाना बद्दी के तहत मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**आरोप** राष्ट्रपति ने हस्ताक्षर कर दिया जनजातीय का दर्जा, लेकिन न्यायालय में ले जाकर हकों से रख दिया वंचित

# राजनीति से ऊपर उठकर एक मंच पर करना होगा कार्य

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



हाटी कल्याण समिति शिलाई की बैठक की अध्यक्षता करते प्रताप सिंह तोमर और साथ में हैं अन्य।

हाटी कल्याण समिति शिलाई की बैठक अध्यक्ष प्रताप सिंह तोमर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में लाधी, नेनिधार, कांडोभटनोल, मस्तभोज, कुराली, जेल भोज व कमरोउ क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। बैठक में हरिराम शास्त्री, जितेंद्र राणा, कल्याण धामटा, रघुवीर कपूर और सीताराम शर्मा आदि ने अपने विचार रखे।

प्रताप चौहान व हरिराम ने हाटी मामले में सभी नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष–1970 से हाटी मुद्दे पर सभी दलों के नेताओं पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा, राज्यसभा से बिल पास होकर राष्ट्रपति ने भी हस्ताक्षर कर गिरिपार को जनजातीय का दर्जा दिया, लेकिन यहां मामले को न्यायालय में ले जाकर लोगों को उनके हक से वंचित रख दिया। आज हाटीयों को चार समितियों में बांटा गया है, जिनमें केंद्रीय हाटी समिति, हाटी कल्याण समिति, अनुसूचित समिति व भाट समिति बन गई है। इस बैठक से हाटी कल्याण समिति ने आह्वान किया कि सभी समितियां हाटी कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रताप सिंह तोमर व सभी वक्ताओं ने समितियों से कहा कि एक मंच पर आकर इस मुहिम को मंजिल तक पहुंचाना होगा। कल्याण समिति ने सभी लोगों से अनुरोध किया कि क्षेत्र हित के लिए राजनीति से ऊपर उठ कर एक मंच से कार्य करना होगा। राजनीति का असली मतलब तभी हल होगा, जब क्षेत्र का विकास होगा। फिलहाल मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, जिन लोगों व जाति ने न्यायालय में शरण ली है। उनसे भी बैठ कर बात कर मामले में सुलह करना होगा। समिति नें प्रस्ताव पारित कर केंद्रीय हाटी समिति से अनुरोध किया कि सभी समितियां एक मंच पर आकर कार्य करें, ताकि 70 के दशक से लंबित मांग का हल हो सके।

### युवा संघर्ष समिति ने किया पौधरोपण

**पांवटा साहिब।** बाजार से तहसील कार्यालय, पीडब्ल्यूडी विभाग व अन्य कई विभागों को जोड़ने वाली शिलाई गांव तक बनी पीडब्ल्यूडी सड़क पर बरसाती पानी से सड़क किनारे लगे कटाव के मलबे से सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां तक दब जाती हैं। अधिकांश जगहों पर भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। भूस्खलन से निजी जमीनों सहित सड़क किनारे मलबे के ढेर लग जाते हैं, युवा संघर्ष समिति शिलाई के सदस्यों की ओर से सड़क किनारे पौधरोपण किया, ताकि भूमि कटाव को रोका जा सके। अध्यक्ष अक्षय तोमर ने बताया कि शिलाई गांव के लिए बनी सड़क पर बरसात के दौरान एकत्र पानी पहाड़ी के तीखे ढलान में कटाव लगा कर मलबे से कई जगहों पर सड़क बंद पड़ जाती हैं।

### संस्थान की संगोष्ठी आज

**सोलन।** सामाजिक दलित पीड़ित उत्थान संस्थान हिमाचल क ओर से 24 को महात्मा ज्योतिबा फूले और सत्य शोधक समाज विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वीरेंद्र कश्यप मुख्यातिथि होंगे एवं मुख्य वक्ता प्रेम सिंह ड्रेक होंगे।

**SHEDS College of Law Solan**
(Affiliated to H.P.Uni.)
**REQUIRED**
Law Dept.
Required Staff as under
**Principal - (1)**
**Teachers - (10)**
**Eligibility:** As per UGC Norms.
Send resume
Email : shedscollege.solan@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### आयुष्मान भारत योजना के 6 साल पूरे

**नई दिल्ली।** सेहत हर इंसान के लिए बेहद अहम होती है। इसे बुनियादी जरूरत माना जाता है। फिर भी भारत में लंबा वक्त ऐसा बीता, जब आम लोगों की सेहत के ख्याल के लिए सरकारों ने उतना काम नहीं किया, जितना होना चाहिए था। नरेंद्र मोदी सरकार ने इसी कमी को दूर करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया। वो तारीख थी 23 सितंबर 2018। पीएम मोदी ने इसी दिन आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लॉन्च की. ये योजना हेल्थकेयर के मोर्चे पर जनता के लिए वरदान साबित हुई है। इस बात को हम नहीं कह रहे, बल्कि आंकड़े खुद बयां करते हैं।

### सुरक्षा स्थल का सावित्री ठाकुर ने किया दौरा




**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने सेक्टर-25, चंडीगढ़ में ऑब्जर्वेशन होम, स्पेशल होम और लड़कों के लिए सुरक्षा स्थल का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान समाज कल्याण विभाग की सचिव अनुराधा चगटी, समाज कल्याण निदेशक डॉ. पालिका अरोड़ा, कंपनी सचिव, रजनी गुप्ता, सीसीडब्ल्यूडीसी, बिसमन आहूजा, कार्यक्रम प्रबंधक, यूटीसीपीएस और सरिता गोडवानी, पोषण अभियान सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। माननीय मंत्री ने 1 से 30 सितंबर तक मनाए जाने वाले पोषण माह के अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा तैयार किए गए पोशक व्यंजनों के मिलेट के स्टालों का दौरा किया और हुनर की उड़ान में ऑब्जर्वेशन होम, सेक्टर-25, चंडीगढ़ के बच्चों द्वारा तैयार किए गए लेखों को प्रदर्शित किया गया।

### 30 लाख मूल्य की कुल 1450 पेटी शराब जब्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर, आबकारी विभाग यूटी चंडीगढ़ ने पिछले सप्ताह विभिन्न शराब की दुकानों और कुछ अनधिकृत शराब गोदामों का निरीक्षण किया। आबकारी विभाग, यूटी चंडीगढ़ प्रशासन की टीमों ने लगभग 30 लाख रुपये मूल्य की कुल 1450 पेटी शराब जब्त की। आबकारी और कराधान विभाग सख्त सतर्कता बनाए रखने और नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। यूटी चंडीगढ़ के ईटीसी श्री रूपेश अग्रवाल ने कहा कि विभाग ने चंडीगढ़ से शराब की अंतरराज्यीय तस्करी के खतरे को रोकने के लिए प्रवर्तन गतिविधियों को पहले ही बढ़ा दिया है।

### सीएम ने विकास कार्यों के लिए प्रदान की स्वीकृतियां

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के पाटी ब्लॉक में छिनकछिना-रौलमेल मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण के लिए धनराशि 531.68 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनौल्टी में राज्य योजना के अन्तर्गत बंगशील-गोलधार मोटर मार्ग के डामरीकरण कार्य के लिए धनराशि 314.54 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### लुधियाना में छाया गुरुदास मान की आवाज का जादू

**जगदीश शर्मा, लुधियाना।** लुधियाना के पखोवाल रोड पर स्थित ओमैक्स रॉयल रेजिडेंसी में मशहूर पंजाबी गायक गुरदास मान ने अपने 'इंडिया टूर' के तहत एक यादगार शाम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 2,000 से ज्यादा उत्साही लोग शामिल हुए, जो मान के शानदार प्रदर्शन का आनंद लेने के लिए एकत्र हुए थे। ओमैक्स ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जतिन गोयल ने इस सफल आयोजन पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमने गुरदास मान जैसे प्रतिभाशाली कलाकार की मेजबानी की। उनका संगीत सबको जोड़ता है, जो हमारे मिशन के साथ मेल खाता है। हम ऐसे स्थान बनाना चाहते हैं जहां लोग एक-दूसरे से मिल सकें। हम अपने निवासियों और लुधियाना समुदाय के लिए ऐसे खास अनुभव देने की कोशिश करते रहेंगे।

### अमानतुल्लाह की न्यायिक हिरासत 7 अक्तूबर तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत सोमवार को 7 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने अमानतुल्लाह की एक मांग मान ली, जबकि दो अन्य मांगों पर जेल प्रशासन से रिपोर्ट देने को कहा है।

### गुजरात के कच्छ में 3.3 तीव्रता का आया भूकंप



**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में सोमवार सुबह 10 बजकर पांच मिनट पर 3.3 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने बताया कि भूकंपीय गतिविधि के कारण जिले में किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप का केंद्र रापर के 12 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण पश्चिम में था।

### तमिलनाडु में करंट से तीन लोगों की मौत

**जोलारपेट।** तमिलनाडु के जोलारपेट में जंगली सुअरों को खेत में प्रवेश करने से रोकने के लिए अवैध रूप से लगाए गए बिजली करंट की चपेट में आने से कक्षा सातवीं के छात्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा तमिलनाडु के तिरुपथुर जिले के जोलारपेट शहर के पास येलागिरी पहाड़ियों की तलहटी में पेरुमपट्टू गांव में हुआ। मृतकों की पहचान आयुर्वेद चिकित्सक के. सिंगाराम (45), उनके बेटे एस. लोकेश (15) और एस. करीप्रियन (65) के रूप में की गई है, जो सिंगाराम के खेतों में काम करते थे। मौके से एक देशी हथियार, विस्फोटक, टॉर्च और जाल भी बरामद किया गया।

### सुल्तानपुर लूटकांड : आरोपी अनुज का एनकाउंटर

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में पिछले माह एक सर्राफा कारोबारी की दुकान में हुई डकैती के मामले का एक और आरोपी सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के साथ उन्नाव में हुई मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी की शिनाख्त अमेठी के जनापुर गांव के रहने वाले एक लाख रुपये के इनामी अनुज प्रताप सिंह के रूप में की गई है। इसके पहले, पांच सितंबर को सुल्तानपुर में एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में आरोपी मंगेश यादव मारा गया था, जिसे लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने इस मुठभेड़ को फर्जी बताया है।

### बिहार में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढहा



**पटना।** पटना जिले के बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु का एक निर्माणाधीन हिस्सा रविवार रात को ढह गया। बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) के मुख्य महाप्रबंधक प्रबीन चंद्र गुप्ता ने बताया कि बियरिंग बदलना एक नियमित अभ्यास है। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

### हत्या मामले में फरार गैंगस्टर मुठभेड़ में ढेर

**चेन्नई।** तमिलनाडु बीएसपी चीफ की हत्या के मामले में फरार कुख्यात हिस्ट्रीशीटर राजा उर्फ सीजिंग राजा को चेन्नई के अक्कराई में पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया। चेन्नई पुलिस ने रविवार शाम आंध्र प्रदेश से सीजिंग राजा को गिरफ्तार किया था। पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास करने के दौरान उसे मार गिराया गया। यह मुठभेड़ उसे चेन्नई लाने के दौरान हुई। चेंगलपट्टू का रहने वाला राजा एक कुख्यात गैंगस्टर था। छोटे-मोटे अपराध कर उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा।

### गुजरात में प्रिंसिपल ने की छात्रा की हत्या

**दाहोद।** गुजरात के दाहोद जिले में यौन उत्पीड़न का विरोध करने पर एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रिंसिपल ने छह वर्षीय छात्रा की हत्या कर दी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, वीरवार को सिंगवाड़ तालुका के एक गांव स्थित स्कूल परिसर के अंदर बच्ची का शव मिलने के बाद जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक राजदीप सिंह जाला ने बताया कि यौन उत्पीड़न की कोशिश का छात्रा की ओर से प्रतिरोध किए जाने पर प्रिंसिपल गोविंद नट ने उसका गला घोंट दिया। प्रिंसिपल अपनी कार से छात्रा के घर के पास से गुजर रहा था। उसने मां के अनुरोध पर स्कूल ले जाने के लिए छात्रा को अपनी कार में बैठा लिया।

# भगवंत मान मंत्रिमंडल में फेरबदल पांच विधायक बने 'कैबिनेट' मंत्री

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने सोमवार को मंत्रिमंडल में फेरबदल करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के पांच विधायकों को मंत्री बनाया। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मान सहित आप के अन्य नेता भी मौजूद थे।

मंत्री पद की शपथ लेने वालों में हरदीप सिंह मुंडिया, बरिंदर कुमार गोयल, तरुणप्रीत सिंह सोंद, डॉ. रवजोत सिंह और मोहिंदर भगत शामिल हैं। उन्होंने पंजाबी में शपथ ली। मंत्रिमंडल के नए सदस्यों में, तीन मालवा क्षेत्र से हैं और दो दोआबा से हैं। राज्य में 30 माह से सत्तारूढ़ आप सरकार के मंत्रिमंडल में यह चौथा फेरबदल है।

इससे पहले चार मंत्रियों चेतन सिंह जौरामाजरा (जनसम्पर्क, रक्षा सेवाएं और बागवानी), अनमोल गगन मान (पर्यटन और निवेश संवर्द्धन), बलकार सिंह (स्थानीय शासन और संसदीय मामले) और ब्रह्म शंकर जिम्पा (राजस्व) को भगवंत मान मंत्रिमंडल से हटा दिया गया। वर्तमान में, मान के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 15 मंत्री हैं। मंत्रिमंडल में अधिकतम 18 मंत्री हो सकते हैं। पांच मंत्रियों के शामिल होने और चार को हटाए जाने के बाद मंत्रिमंडल में 16 मंत्री हो गए हैं।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने पर तिहाड़ जेल से रिहा किए जाने के कुछ दिनों बाद, पंजाब मंत्रिमंडल में फेरबदल किया गया है।

## पालतू कुत्तों के लिए अब चंडीगढ़ में ऑनलाइन मिलेगा लाइसेंस

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

नया सिस्टम लागू होने के बाद सिर्फ एम-सेवा एप पर एक बार आवेदन करना होगा। सभी विभाग खुद ही सिटीजन चार्टर के तहत तय समय के अंदर एनओसी जारी करने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। पेट डॉग लाइसेंस ऑनलाइन जारी करने की यह सुविधा फिलहाल मोहाली में पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर दी जा रही है।

पंजाब में अब जल्द ही लोगों को नगर निकायों से जुड़ी सभी सेवाओं के लिए अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पंजाब म्युनिसिपल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी (पीएमआईडीसी) एम-सेवा एप का विस्तार कर रही है, जहां एक ही प्लेटफॉर्म पर अब सभी सेवाएं मिलेंगी।

साथ ही नई सेवाओं को भी ऑनलाइन किया जा रहा है। प्रदेश में अब पानी और बिजली की एनओसी और पालतू कुत्तों के लिए लाइसेंस के लिए भी ऑनलाइन ही आवेदन किया जा सकेगा। वर्ल्ड बैंक से भी इस परियोजना के लिए फंडिंग की जा रही है। एक साल के अंदर विभाग इसका काम पूरा करेगा। अगर म्युनिसिपल लिमिट के अंदर कोई अपनी

संपत्ति बेचना चाहता है तो उसे पानी, सीवरेज, बिजली व नगर निकायों के अलग-अलग विभागों से एनओसी लेनी पड़ती है। अभी फिलहाल अलग-अलग विभागों के पास जाकर इसके लिए आवेदन करना होता है, जिसके चलते अक्सर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

नया सिस्टम लागू होने के बाद सिर्फ एम-सेवा एप पर एक बार आवेदन करना होगा। सभी विभाग खुद ही सिटीजन चार्टर के तहत तय समय के अंदर एनओसी जारी करने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। पेट डॉग लाइसेंस ऑनलाइन जारी करने की यह सुविधा फिलहाल मोहाली में पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर दी जा रही है, जिसे पूरे राज्य में लागू किया जाना है। कम्युनिटी सेंटर बुकिंग के लिए भी एप्लीकेशन तैयार की जाएगी, जिसे एम-सेवा के साथ जोड़ा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## जेएमए ने झारखंड को लव जेहाद लैंड जेहाद का नासूर दिया : अनुराग

**एजेंसी, हुसैनाबाद (झारखंड)**



पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर, हिमाचल से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर आज झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा के अन्तर्गत पलामू जिला के उतारी रोड व हुसैनाबाद में विशाल जनसभा को संबोधित कर प्रदेश में भ्रष्टाचारी जेएमएमए-कांग्रेस-आरजेडी सरकार द्वारा झारखंड में लव जेहाद, लैंड जेहाद को बढ़ावा देकर प्रदेश की जमीन और जनसंख्या के संतुलन को बदलने की बात कही है। साथ ही अनुराग ठाकुर ने कहा कि पूरा झारखंड परिवर्तन की मांग कर रहा है क्योंकि यहां जनकल्याण की बजाय जेहाद कल्याण का काम चल रहा है और भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो झारखंड के हितों की रक्षा करने के लिए कटिबद्ध है।

अनुराग ठाकुर ने कहा, 'झारखंड की वर्तमान जेएमएमए-कांग्रेस-आरजेडी सरकार ने पहले दिन से ही जनता के साथ विश्वासघात किया है।

आज ये सरकार भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था की बदहाली और आदिवासी हितों की उपेक्षा का प्रतीक बन गई है। आज हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लैंड जिहाद से जमीन और जनसंख्या का संतुलन बिगड़ रहा है।

## तिरुपति लड्डू विवाद

### शुद्धिकरण के लिए तिरुमाला में हुआ महाशांति होम

**आंध्र प्रदेश।** तिरुपति मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल पर पूरे देश के भक्तों और संत समाज गुस्सा जता रहा है। वहीं, तिरुमला मंदिर में सोमवार को शुद्धिकरण अनुष्ठान किया गया। इस पूजा में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी से मंत्रोच्चार के बीच माफी मांगी गई। 4 घंटों तक चली इस शुद्धिकरण पूजा यानी शांति होमम पंचगव्य प्रोक्षण से भगवान वेंकटेश्वर स्वामी को प्रसन्न किया गया। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने महा शांति होम का आयोजन किया। इससे पहले तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के ईओ श्यामला राव ने कहा कि तिरुमाला में इस्तेमाल किया जाने वाला गाय का घी मिलावटी था।

## मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने की समीक्षा बैठक

**जगदीश शर्मा, देहरादून**



उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने एसडीजी इंडेक्स 2023-24 के तहत उत्तराखंड में मातृ मृत्यु दर में सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग को 104 के माध्यम से एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं की एएनसी (प्रसव पूर्व देखभाल) के लिए की जाने विजिट की ट्रैकिंग के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने हरिद्वार एवं उधम सिंह नगर में मातृ मृत्यु दर में सुधार के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मिशन मोड में कार्य करते हुए प्रदेशभर में गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग, एएनसी, एनिमिया की स्थिति पर गैर सरकारी स्वास्थ्य संगठनों के साथ कार्य करते हुए जल्द एक एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएस राधा रतूड़ी ने स्कूली शिक्षा में दिव्यांग बच्चों की भागीदारी में सुधार के लिए प्रदेश में शिक्षा से वंचित दिव्यांग बच्चों की गणना के निर्देश देते हुए उनके लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की व्यवस्था के लिए एनआईवीएच सहित चार प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों की सहायता लेने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव रतूड़ी ने एसडीजी इंडेक्स के तहत निजी क्षेत्र में प्रबंधकीय पदों में महिलाओं की भागीदारी के बढ़ाने के लक्ष्य के संबंध में श्रम विभाग को नोडल बनाते हुए इस संबंध में सर्वेक्षण व डेटा एकत्रित करने के निर्देश दिए हैं। महिलाओं के प्रति घरूलू हिंसा के मामलों पर मुख्य सचिव ने पुलिस विभाग को महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली प्रताड़ित महिलाओं को सेफ हाउस में रखने तथा उनके अभिभावकों की काउसिंग की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने राज्य में आत्महत्या के मामलों के सम्बन्ध में पुलिस विभाग को आयु के अनुसार आत्महत्या के आंकड़ों की जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिए हैं

## देश-विदेश

## कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी, उसने कुमारी शैलजा का अपमान किया : अमित शाह

### हरियाणा के फतेहाबाद में चुनावी रैली को किया संबोधित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी पर दलित नेताओं का अपमान करने का आरोप लगाया और दलित विरोधी पार्टी करार दिया।

हरियाणा के फतेहाबाद में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लोगों को नौकरी में आरक्षण देने से इनकार कर दिया और अमेरिका में रहते हुए आरक्षण पर राहुल गांधी की हालिया टिप्पणी के लिए भी पार्टी पर निशाना साधा।

कांग्रेस के शासन के दौरान, 2005 में गोहाना की घटना हुई और 2010 में मिर्चपुर की घटना हुई। कांग्रेस ने हमेशा दलित नेताओं का अपमान किया है, चाहे वह डॉ. अशोक तंवर हों या कुमारी शैलजा। डॉ. बीआर अंबेडकर को कांग्रेस के सत्ता में रहने तक भारत रत्न नहीं दिया गया था। भाजपा ने बीआर अंबेडकर के सम्मान में पंचतीर्थ की स्थापना की है और संविधान दिवस घोषित किया है।

राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा कि विकास के बाद आरक्षण की कोई जरूरत नहीं है, विकास के बाद हम आरक्षण हटा देंगे। मैं आपको बताना चाहता हूं कि केवल नरेंद्र मोदी ही एससी/एसटी और ओबीसी के आरक्षण की रक्षा कर सकते हैं।

### कांग्रेस के लिए ही काम करूंगी : सैलजा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** कांग्रेस की टिकट वितरण के समय से कुमारी सैलजा प्रचार से दूर हैं। उन्होंने हरियाणा में चुनावी प्रचार में अब तक एक भी जनसभा को भी संबोधित नहीं किया। किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया है, जिसके बाद से भाजपा, जजपा , इनेलो सहित अन्य राजनीतिक दलों के नेता उनको लेकर कई तरह से सवाल उठा रहे हैं। अपनी पार्टी में शामिल होने का ऑफर भी दे रहे थे।

हरियाणा विधानसभा में चुनाव प्रचार से पिछले कुछ दिन से दूर रही कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा ने आखिरकार अपनी चुप्पी तोड़ दी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की सच्ची सिपाही हूं। कांग्रेस के लिए ही काम करूंगी।

## मोदी का कॉन्फिडेंस खत्म हो चुका, उनकी साइकोलॉजी को हमने तोड़ा : राहुल

**अशोक ठाकुर, पुंछ**



**राहुल** गांधी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पुंछ में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा-आरएसएस जम्मू-कश्मीर और अन्य राज्यों में केवल नफरत और हिंसा फैलाते हैं। वे केवल नफरत फैलाना जानते हैं और उनकी राजनीति भी नफरत की है। आप सभी जानते हैं कि नफरत को नफरत से नहीं काटा जा सकता बल्कि मोहब्बत से काटा जा सकता है।

मोदी सरकार कानून लाती है, हम उनके सामने खड़े हो जाते हैं, फिर वे यू-टर्न ले लेते हैं। नरेंद्र मोदी का कॉन्फिडेंस खत्म हो चुका है। उनकी साइकोलॉजी को हमने तोड़ दिया है। नरेंद्र मोदी पहले जैसे थे, वे अब वैसे नहीं रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विधानसभा चुनाव के बाद भी जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं करती है तो कांग्रेस उस पर दबाव बनाएगी। लोकसभा चुनावों के बाद विपक्षी गठबंधन ने प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास को हिला दिया है। पीएम मोदी जाति जनगणना बोलने तक से डरते हैं और वह नहीं चाहते कि बहुजन को उनका हक मिले। राहुल ने आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने की पैरवी करते हुए यह भी कहा कि बहुजन को न्याय दिलाना उनके जीवन का मिशन है। (अनंत ज्ञान)

## सीबीआई ने किया ट्रेनी डॉक्टर का पोस्टमार्टम करने वाली टीम के सदस्य डॉक्टर अपूर्वा को तलब

**एजेंसी, कोलकाता**

**आरजी** कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार और हत्या मामले में हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं।

अब सीबीआई ने ट्रेनी डॉक्टर का पोस्टमार्टम करने वाली टीम के सदस्य फॉरेंसिक डॉक्टर अपूर्वा बिस्वास को तलब किया है। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने दावा करते हुए बताया कि डॉक्टर को एक शख्स ने पोस्टमार्टम को लेकर धमकाया था।

वहीं, भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने सीबीआई की ओर से पूछताछ किए जाने के बाद निकलते समय उन्होंने एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति था जो खुद को पीड़िता का चाचा बता रहा था और धमकी दे रहा था कि अगर पोस्टमार्टम दिन के अंत तक पूरा नहीं हुआ तो खून की नदी बह जाएगी। वहीं, ट्रेनी महिला डॉक्टर रेप-मर्डर मामले की सुनवाई 30 सितंबर तक टल गई है।

### किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' की ऑस्कर में एंट्री

**चेन्नई।** किरण राव की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर पुरस्कार 2025 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। 'फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने सोमवार को यह घोषणा की। पितृसत्ता पर हल्के-फुल्के व्यंग्य से भरपूर इस हिंदी फिल्म को 29 फिल्मों में से चुना गया है, जिनमें बॉलीवुड की हिट फिल्म एनीमल, मलयालम की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अट्टम और कान फिल्म महोत्सव की विजेता ऑल वी इमेजिन एज लाइट शामिल हैं।

## कांग्रेस को विरोध करना है तो राहुल गांधी का करे: बिट्टू

**एजेंसी, जयपुर**



**केंद्रीय** राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर की गई अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को विरोध करना है तो राहुल गांधी का करना चाहिए। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिट्टू के खिलाफ सीबीआई फाटक क्षेत्र में विरोध-प्रदर्शन करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस उन्हें बसों में बैठाकर ले गई। यहां एक खेल कार्यक्रम में भाग लेने मंत्री बिट्टू पहुंचे थे।

## सेंसेक्स ने 84,980 व निफ्टी ने 25,956 का हाई बनाया




**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार ने सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन नया ऑल टाइम हाई बनाया। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 84,980 और निफ्टी ने 25,956 का स्तर छुआ।

इसके बाद सेंसेक्स 384 अंक की तेजी के साथ 84,928 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 148 अंक की बढ़त रही। यह 25,939 पर बंद हुआ। आज ऑटो, एफएमसीजी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा तेजी रही। वहीं, एशियाई बाजार में आज तेजी है। चीन के शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 0.44 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 0.33 फीसदी की तेजी रही। हांगकांग के हैंगसेंग इंडेक्स में 0.06 फीसदी की गिरावट रही।

### पाक में विदेश राजनयिकों के काफिले पर आतंकी हमला, 1 की मौत, 3 जख्मी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत से राजधानी इस्लामाबाद जा रहे विदेशी राजनयिकों के काफिले को निशाना बनाकर आतंकियों ने हमला किया है। आतंकियों द्वारा किए गए विस्फोट में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि रविवार को खैबर पख्तूनख्वा के स्वात जिले में एक एडवांस स्काउट पुलिस वाहन पर एक आईईडी विस्फोट हुआ, जिसके कारण पुलिस के कई जवान हताहत हुए हैं। यह विस्फोट शेराबाद उपनगर में उस वक्त हुआ जब राजनयिक मिंगोरा में 'चैंबर ऑफ कॉमर्स' में एक कार्यक्रम के बाद मालम जब्बा जा रहे थे।

## इसराइल ने दागीं मिसाइलें, 182 की मौत

### एयर स्ट्राइक से पहले लेबनान के लोगों को घर छोड़ने की दी थी चेतावनी

**एजेंसी, बेरूत**



इसराइल ने सोमवार को लेबनान में करीब 300 ठिकानों पर मिसाइलें दागी हैं, । इस हमले 182 लोगों की मौत हो गई। हमले से पहले इसराइली सेना ने हिजबुल्लाह के ठिकाने के करीब रहने वाले लोगों को तुरंत अपने घरों को छोड़ने की चेतावनी दी थी, जहां हिज्बुल्ला आतंकवादी समूह ने हथियार जमा कर रखे हैं।

आईडीएफ प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया था। हम लेबनान के नागरिकों को सलाह देते हैं कि वे अपनी हिफाजत के लिए खतरे वाले इलाके से तुरंत दूर चले जाएं। इसराइली सेना हिजबुल्लाह के खिलाफ और घातक हमले करने जा रही है। इसराइली सेना ने रविवार को भी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकाने पर हमला किया। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक इसराइल डिफेंस फोर्स ने सिर्फ आधे घंटे में लेबनान के उत्तरी और पूर्वी इलाके में 80 से ज्यादा एयर अटैक किए। इसमें 1 शख्स की मौत हुई, जबकि 17 घायल हुए। हिज्बुल्ला ने इसराइल के हालिया हमले में अपने एक शीर्ष कमांडर और कई लड़ाकों के मारे जाने के बाद बदले की कार्रवाई के तहत इसराइल के उत्तरी क्षेत्र को निशाना बनाकर 100 से अधिक रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन दागे थे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### माइया ने शीर्ष वरीय कसातकिना को हराकर कोरिया ओपन जीता



**सोल (दक्षिण कोरिया)।** बीट्रीज हदाद माइया ने कोरिया ओपन के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त डारिया कसातकिना को हराकर इस सत्र का अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। यह तीसरी वरीय खिलाड़ी के करियर का चौथा खिताब है। ब्राजील की इस खिलाड़ी ने कसातकिना को 1-6, 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। वह शानदार फॉर्म में है, जिन्होंने अब तक अपने पिछले 14 मैचों में से 12 में जीत हासिल की है, जिसमें क्लीवलैंड में फाइनल और अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना शामिल है।

### भारत-ए ने भारत सी को 132 रन से हराकर दलीप ट्राफी जीती

**अनंतपुर।** तनुष कोटियान (47 रन देकर तीन विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (50 रन देकर तीन विकेट) के छह विकेट के सामने साई सुदर्शन की 111 रन की पारी भी भारत-सी के काम नहीं आ सकी और भारत-ए ने 132 रन से जीत दर्ज कर दलीप ट्रॉफी अपने नाम की। दो मैच में छह अंक से अंतिम दौर में प्रवेश करने वाली भारत-ए टीम ने चार दिवसीय मुकाबले में दबदबा बनाया जो भारत-सी से तीन अंक पीछे थी, जिसके 9 अंक थे। इस जीत से भारत ए के तीन मैच में 12 अंक हो गए जिससे वह तीन मैच के बाद शीर्ष पर पहुंच गई और विजेता बनी। अंतिम दिन 350 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत-सी 81.5 ओवर में 217 रन पर सिमट गई जिसमें कृष्णा ने अपने 13.5 ओवर में 50 रन देकर तीन विकेट झटके जिसमें मैच का अंतिम विकेट भी शामिल था।

### दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर एना

**नई दिल्ली ।** एना मारिया मार्कोविक महिला फुटबॉल की उभरती हुई स्टार के रूप में चर्चा में हैं। 22 वर्षीय यह खिलाड़ी स्विस महिला सुपर लीग क्लब ग्रासहॉपर और क्रोएशिया की राष्ट्रीय टीम के लिए खेलती है। मार्कोविक को अक्सर उनके शानदार लुक के कारण दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर के रूप में जाना जाता है।



### ओडिशा की तैराक प्रत्याशा रे को इस साल एकलव्य पुरस्कार मिलेगा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की उभरती हुए तैराक प्रत्याशा रे को 2024 के प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। प्रत्याशा ने इस साल फरवरी में गुवाहाटी में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में चार स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल छह पदक जीते थे। विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए जूरी सदस्यों वाली एकलव्य पुरस्कार समिति ने यहां एक बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्याशा का चयन किया। प्रत्याशा को एक समारोह में प्रशस्ति पत्र के साथ सात लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। धावक डोंडापति मृत्युम जयराम और बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री को भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक को प्रशस्ति पत्र के साथ डेढ़ लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा।



### बुमराह सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज : स्टीवन स्मिथ

**नई दिल्ली।** अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीवन स्मिथ ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले जसप्रीत बुमराह की सराहना की और उन्हें सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो सीरीज जीती हैं। अगर भारत को लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतनी है तो ऑस्ट्रेलिया में बुमराह के असाधारण कौशल पर काफी कुछ निर्भर करेगा। स्मिथ ने कहा, ''वह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं, चाहे मैं नई गेंद से, थोड़ी पुरानी गेंद से या पुरानी गेंद से उनका सामना करूं। उनके पास सभी तरह का शानदार कौशल है। वह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं, तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं।'' पैंतीस वर्षीय स्मिथ पिछली कुछ सीरीज से ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का आगाज कर रहे हैं और उनके भारत के खिलाफ भी ऐसा ही करने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के लिए 109 टेस्ट खेल चुके स्मिथ के इस बहुप्रतीक्षित सीरीज के दौरान 10 हजार टेस्ट रन का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है। उन्होंने अब तक 9685 रन बनाए हैं।



# चैस : 'स्वर्णिम पीढ़ी' को तराशने में आनंद की भूमिका

**एजेंसी, नई दिल्ली**



विश्वनाथन आनंद को भरोसा था कि भारत इस बार शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने की स्थिति में होगा और भारतीय शतरंज में कुछ सबसे प्रतिभाशाली युवाओं को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस दिग्गज ग्रैंडमास्टर को उस समय बहुत खुशी हुई होगी जब देश ने हंगरी के बुडापेस्ट में 45वें शतरंज ओलंपियाड में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीता।

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा की मौजूदगी वाली भारतीय पुरुष टीम ने ओपन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका और उज्बेकिस्तान को पीछे छोड़ा।

हरिका द्रोणावल्ली, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव ने महिलाओं के वर्ग में कजाखस्तान और अमेरिका की टीमों को पछाड़कर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। भारत की दोनों टीमों ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता और देश के पहले शतरंज सुपरस्टार आनंद की इसमें भूमिका रही। दोनों टीमों ने चेन्नई में घरेलू सरजमीं पर हुए पिछले ओलंपियाड में कांस्य पदक जीते थे। आनंद को पता था कि उस समय वे स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंचे थे, लेकिन अंतिम चरण में पिछड़ गए। हालांकि ओलंपियाड से पहले दिए साक्षात्कार में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद ने बुडापेस्ट में दोनों टीमों की खिताब जीतने की क्षमता पर भरोसा जताया था और यह सोने पर सुहागा था कि वह हंगरी की राजधानी में इन टीमों द्वारा बनाए गए इतिहास को देखने के लिए वहां मौजूद थे। उन्होंने कहा था, ''आप जानते हैं, अगर मुझे पासा फेंकना पड़े, तो ये अच्छी टीमें हैं (दांव लगाने के लिए)।''

गुकेश, प्रज्ञानानंदा, एरिगेसी और वैशाली ने वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में ट्रेनिंग ली है जिसे 54 वर्षीय आनंद ने चार साल पहले चेन्नई में स्थापित किया था। 18 वर्षीय गुकेश और 19 वर्षीय प्रज्ञानानंदा ने अक्सर कहा है कि वे 'विशी सर' के बिना उस मुकाम पर नहीं पहुंच पाते जहां वे हैं इसलिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी कि अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने उन्हें 'भारतीय शतरंज में प्रगति के जनक' के रूप में संबोधित किया। इससे पहले महान ग्रैंडमास्टर गैरी कास्परोव ने आनंद की सराहना करते हुए कहा था कि 'विशी आनंद के शिष्य धूम मचा रहे हैं'।

उन्होंने गुकेश के अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर सबसे कम उम्र में विश्व खिताब का चैलेंजर बनने के बाद यह बात कही थी। आनंद इसका श्रेय खिलाड़ियों के माता-पिता और प्रारंभिक प्रशिक्षकों के साथ साझा करना पसंद करते हैं, लेकिन उनका कहना है कि शतरंज अकादमी के उनके विचार ने भी अपनी भूमिका निभाई जो तीन दशक से भी अधिक समय पहले सोवियत संघ में देखे गए स्कूलों से प्रेरित था।

### स्वर्ण पदक के लिए कुछ भी करने को तैयार थे गुकेश

**विश्व** चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने कहा कि वह अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियों के बारे में नहीं सोचते हैं और पिछली बार चूकने के बाद इस बार शतरंज ओलंपियाड में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक सुरक्षित करने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार थे। गुकेश भारत की ऐतिहासिक जीत के मुख्य सूत्रधार रहे। भारतीय पुरुष टीम ने अंतिम दौर में स्लोवेनिया को 3.5-0.5 से हराकर इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। भारतीय महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए इस प्रतियोगिता में पहली बार स्वर्ण पदक जीता। गुकेश ने कहा, ''मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। विशेष कर तब जबकि हमने अच्छा खेल दिखाया और एक टीम के रूप में शानदार प्रदर्शन किया। अतीत में हमें कुछ करीबी हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार हम जीतने में सफल रहे। मैं अभी बहुत खुश हूं।''

# श्रीलंका की जीत में चमके प्रबाथ

## प्रबाथ जयसूर्या के पांच विकेट से श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 68 रनों से हराया

**एजेंसी, गॉले**

बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या के दूसरी पारी में पांच विकेट और मैच में नौ विकेट की मदद से श्रीलंका ने सोमवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट में न्यूजीलैंड को 63 रन से हरा दिया। श्रीलंका के 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 68 रन की दरकार थी जबकि उसके सिर्फ दो विकेट शेष थे। मेहमान टीम ने हालांकि 3.4 ओवर में चार रन जोड़कर अपने बाकी बचे दो विकेट भी गंवा दिए और उसकी पारी 211 रन पर सिमट गई।

कल के नाबाद बल्लेबाज रचिन रविंद्र (92) अपने स्कोर में सिर्फ एक रन और जोड़कर जयसूर्या की गेंद पर पगबाधा हो गए। रविंद्र ने 168 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का मारा। जयसूर्या ने अगले ओवर में विलियम ओरोर्के को खाता खोले बिना बोल्ड करके श्रीलंका को जीत दिलाई और टेस्ट क्रिकेट में 8वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए।

रविंद्र शतक से चूक गए, लेकिन उनके 92 रन गॉले में न्यूजीलैंड की ओर से सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। उन्होंने रॉस टेलर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 86 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने गॉले में अपने पांचों टेस्ट गंवाए हैं और इस दौरान उसका कोई बल्लेबाज शतक नहीं लगा पाया।

इस जीत से श्रीलंका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वह भारत और ऑस्ट्रेलिया से पीछे है। सीरीज की शुरुआत तीसरे स्थान पर करने वाला न्यूजीलैंड चौथे स्थान पर खिसक गया है। इससे पहले श्रीलंका के पहली पारी में 305 रन के जवाब में न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 340 रन बनाए थे।

श्रीलंका ने दूसरी पारी में 309 रन का स्कोर खड़ा करके मेहमान टीम को 275 रन का लक्ष्य दिया। दो मैच की सीरीज का दूसरा और अंतिम टेस्ट गुरुवार से गॉले में ही खेला जाएगा। श्रीलंका की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 2009 से पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी। तब से दोनों टीम के बीच छह सीरीज हुई हैं जिसमें से न्यूजीलैंड ने चार जीती जबकि दो बराबरी पर छूटीं।



श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या की गेंद पर क्लीन बोल्ड होते न्यूजीलैंड के बल्लेबाजटॉम ब्लंडेल

## दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को तीसरे वनडे में सात विकेट से दी मात

**एजेंसी, शारजाह**

दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और वनडे में सात विकेट से जीत दर्ज करके अफगानिस्तान को सीरीज में सूपड़ा साफ करने से रोका दिया।

एडेन मारक्रम की नाबाद 69 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 170 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अफगानिस्तान की टीम इससे पहले 34 ओवर में सिर्फ 169 रन पर ढेर हो गई।

अफगानिस्तान ने सीरीज 2-1 से जीती। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवहीन टीम शुरुआती दो मैच में 106 और 134 रन पर सिमट गई थी, लेकिन शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर धीमी पिच पर मारक्रम ने अच्छी पारी खेलते हुए अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।

अफगानिस्तान के लिए रहमानुल्लाह गुरबाज ने 94 गेंद में 89 रन की पारी खेली। टीम का शीर्ष-8 में शामिल कोई अन्य बल्लेबाज हालांकि 10 रन से अधिक नहीं बना पाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाजों टोनी डिजॉर्जी (26) और कप्तान तेम्बा बावुमा (22) तथा रीजा हेंड्रिक्स (18) के विकेट 19वें ओवर में 80 रन तक गंवा दिए, लेकिन मारक्रम और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 26) ने चौथे विकेट के लिए 90 रन की अटूट साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका को जीत दिला दी।



एडेन मारक्रम

### भारत-बांग्लादेश मैच का विरोध शुरू

**कानपुर।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के दौरान कथित तौर पर हुए दंगों के बाद शहर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में अगले हफ्ते से भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले टेस्ट मैच का विरोध शुरू हो गया है। मैच के विरोध में शंखनाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्टेडियम के बाहर सद्बुद्धि यज्ञ किया।

कोतवाली के सिविल लाइन चौकी प्रभारी राष्ट्रदीप ने बताया कि वह सहकर्मियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान ग्रीन पार्क स्टेडियम के गेट नंबर-10 बी के पास सड़क पर रास्ता रोककर शंखनाद पार्टी के राकेश मिश्रा अपने साथियों के साथ ग्रीन पार्क में होने वाले भारत-बांग्लादेश क्रिकेट मैच के विरोध में बीसीसीआई व यूपीसीए की सद्बुद्धि के लिए हवन कर रहे थे। रोके जाने के बावजूद वह लोग नहीं माने।

## सुर्खियों से दूर भारत के **तारणहार** साबित होते जा रहे जडेजा

**एजेंसी, चेन्नई**

अगर आप जसप्रीत बुमराह जैसे विलक्षण नहीं हैं तो फिर रविचंद्रन अश्विन के साथ खेलने वाले गेंदबाजों के लिए इस दिग्गज ऑफ स्पिनर की छाया से बाहर निकलना आसान नहीं होता, फिर भले ही वह रवींद्र जडेजा जैसा प्रतिभाशाली खिलाड़ी ही क्यों न हो।

इस हफ्ते शुरू होने वाले कानपुर टेस्ट में जडेजा के पास टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट और 3000 रन के 'ग्रैंड डबल' को हासिल करने वाले खिलाड़ियों के एलीट क्लब में शामिल होने का मौका होगा। इस ऑलराउंडर के नाम पर अभी 299 विकेट और 3122 रन दर्ज हैं।

भारत के दो खिलाड़ियों अश्विन और कपिल देव सहित अब तक दुनिया के केवल 10 खिलाड़ी ही इस उपलब्धि को हासिल कर पाए हैं। गैरी सोबर्स और जाक कैलिस जैसे महान खिलाड़ी भी इस सूची का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन इसके बावजूद जडेजा को उतनी सुर्खियां नहीं मिलती जितनी इन्हें मिला करती थी। एक तरह से जडेजा का काम करने का तरीका इसका मुख्य कारण है। अश्विन बोलने में तेज हैं और वह प्रेस कांफ्रेंस या अपने यू-ट्यूब चैनल पर अपने कौशल के बारे में बात करने से नहीं डरते। जडेजा इनमें से कुछ भी नहीं करते। वह रडार की पकड़ में नहीं आने वाले लड़ाकू विमान की तरह अपना काम करते हैं।

हालांकि भारत जब भी मुश्किल में होता है तो जडेजा की लड़ाकू प्रवृत्ति तुरंत सामने आ जाती है। यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की 280 रन की जीत के दौरान भी इसका नजारा देखने को मिला जब 144 रन पर 6 विकेट गंवाने के बाद जडेजा और अश्विन ने 7वें विकेट के लिए 199 रन की साझेदारी करके भारत को 376 रन तक पहुंचाया। जडेजा ने 86 रन बनाए, लेकिन चर्चा अश्विन के घरेलू शतक पर केंद्रित रही।

जडेजा ने मैच में पांच विकेट चटकाए, लेकिन अश्विन ने दूसरी पारी में छह विकेट हासिल करके यहां भी उन्हें पीछे छोड़ दिया।



### भारत अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

पुडुचेरी । सलामी बल्लेबाज साहिल परख के आक्रामक नाबाद शतक की मदद से भारत अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर तीन युवा एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। साहिल ने 75 गेंद में 14 चौकों और पांच छक्कों से नाबाद 109 रन की पारी खेली, जिसकी बदौलत भारतीय टीम ने 177 रन के लक्ष्य को सिर्फ 22 ओवर में हासिल कर लिया। भारत ने शनिवार को पहला मैच सात विकेट से जीता था।

रुद्र पटेल (10) के जल्द पवेलियन लौटने के बाद मुंबई के 19 साल के साहिल ने अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 53, 50 गेंद, नौ चौके) के साथ 153 रन की साझेदारी करके मेजबान टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

इससे पहले तेज गेंदबाज समर्थ नागराज के अलावा लेग स्पिनर मोहम्मद इनानऔर ऑफ स्पिनर किरण चोरमाले ने भी दो-दो विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया की टीम 49.3 ओवर में 176 रन पर सिमट गई।

## टीम यूरोप ने जीता लीवर कप




**एजेंसी, बर्लिन**

चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-2, 7-5 से हराया जिससे टीम यूरोप ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टीम विश्व को लीवर कप टेनिस टूर्नामेंट में 13-11 से शिकस्त दी। अल्कारेज ने दूसरे सेट के 11वें गेम में अमेरिकी ओपन उप विजेता फ्रिट्ज की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर मैच जीतकर टीम यूरोप की जीत सुनिश्चित की। तीन दिन के मुकाबले के तीसरे और अंतिम दिन के खेल से पहले टीम विश्व 8-4 की बढ़त बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने के करीब थी।

रविवार को टीम यूरोप ने वापसी की जब अल्कारेज और कास्पर रूड ने बेन शेल्टन और फ्रांसेस टियाफो की अमेरिका की जोड़ी को युगल मुकाबले में 6-2, 7-6 से हराया। शेल्टन ने इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता दानिल मेदवेदेव को 6-7, 7-5, 10-7 से हराकर टीम विश्व को फिर बढ़त दिलाई।

टियाफो के पास टीम विश्व को जीत दिलाने का मौका था, लेकिन वह फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ 6-7, 7-5, 10-5 से हार गए। अल्कारेज ने इसके बाद फ्रिट्ज को हराकर टीम यूरोप की जीत पक्की की।

**फुटबॉल** कप्तान और गोलकीपर मार्क आंद्रे टेर स्टेगेन के घुटने में लगी गंभीर चोट

## बार्सीलोना की स्पेनिश लीग में लगातार छठी जीत

**एजेंसी,मैड्रिड**

बार्सीलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुएविलारीयाल को 5-1 से हराकर लगातर छठी जीत दर्ज की।

इस मुकाबले के दौरान हालांकि बार्सीलोना को झटका भी लगा तब उसके कप्तान और गोलकीपर मार्क आंद्रे टेर स्टेगेन के घुटने में गंभीर चोट लगी और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर जाना पड़ा। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार टेर स्टेगेन स्टेडियम से अस्पताल एंबुलेंस में गए और अस्पताल से वापस व्हीलचेयर पर लौटे। बार्सीलोना के कोच हेंसी फ्लिक ने कहा, ''इस चोट से हम दुखी हैं। मुझे लगता है कि चोट बहुत बड़ी होगी, लेकिन हमें अधिक जानकारी के लिए इंतजार करना होगा। हमें इसे स्वीकार करना होगा। यह आसान नहीं है। यह एक दुर्घटना थी। यह बहुत कठिन है।''

मौजूदा सत्र में बार्सीलोना ने अब तक हुए छह मुकाबलों में 22 गोल किए हैं जबकि उसके खिलाफ सिर्फ पांच गोल हुए हैं।

टीम ने अंक तालिका के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है, जिसने श्इस्पानयोल को 4-1 से हराया। एटलेटिको मैड्रिड ने रेयो वालेकानो से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि गेटाफे और लेगानेस का मुकाबला भी 1-1 से बराबर रहा। एथलेटिक बिलबाओ ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराया।



मुकाबले के दौरान खिलाड़ी।